राखी सावंत ने मोहम्मद दानिश की शादी ... पेज 10 पर

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● वैशाख शुक्ल पक्ष 09 ● विक्रम संवत 2080 ● शनिवार, 29 अप्रैल 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-193 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00



## NEWS इन ब्रीफ

### पूर्व मंत्री एनोस एक्का को मिली सुप्रीम जमानत

**नई दिल्ली।** मधु कोड़ा कैबिनेट में मंत्री रहे एनोस एक्का को सुप्रीम कोर्ट ने नियमित जमानत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस बालासुब्रमण्यम और जस्टिस पंकज मित्तल की बेंच में एनोस एक्का की जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने हिरासत अवधि को देखते हुए जमानत अर्जी मंजूर कर ली। एनोस एक्का की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने बहस की। मनी लॉन्ड्रिंग केस में दोषी पूर्व मंत्री एनोस एक्का को झारखंड हाईकोर्ट ने जमानत देने से इंकार कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में जमानत के लिए गुहार लगाई थी।

### आचार संहिता उल्लंघन : अन्नपूर्णा देवी को 200 रुपये का जुर्माना

**हजारीबाग।** वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में आचार संहिता उल्लंघन मामले में सुनवाई करते हुए कोर्ट ने केंद्रीय राज्य मंत्री और सांसद अन्नपूर्णा देवी को 200 रुपये का जुर्माना लगाया है। यह सजा हजारीबाग की निचली अदालत मरियम हेंब्रम की कोर्ट ने सुनाया है। कोर्ट ने आचार उल्लंघन मामले सांसद को दोषी ठहराने के बाद यह निर्णय लिया। जुर्माना नहीं देने पर एक दिन की सजा काटनी होगी। सजा के बिंदुओं पर केंद्रीय मंत्री सुबह करीब आठ बजे कोर्ट गई थी। दिन के 11 बजे कोर्ट ने सुनवाई की। सांसद पर कोडरमा सदर प्रखंड में चुनाव के दौरान आचार संहिता उल्लंघन करने की प्राथमिकी अंचल अधिकारी ने दर्ज कराया था। आरोप था की अन्नपूर्णा देवी ने मतदान केंद्र पर पार्टी का गले में पट्टा लगाकर पहुंची थीं।

### मुख्यमंत्री ने लिंगराज मंदिर भुवनेश्वर का किया दर्शन



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ओडिशा दौरे के क्रम में शुक्रवार को सपरिवार भुवनेश्वर स्थित प्राचीन और ऐतिहासिक लिंगराज मंदिर के दर्शन किए। उन्होंने और उनकी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन ने विधि-विधान से भगवान त्रिभुवनेश्वर (शिव) की पूजा-अर्चना कर झारखंड और झारखंड वासियों की प्रगति, सुख -शांति, समृद्धि, खुशहाली और स्वस्थ जीवन की कामना की। मुख्य सचिव सुखदेव सिंह और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे ने भी मंदिर में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया।

## जिनके पास पैसा नहीं, उन्हें भी मिलेगा लाभ : सीएम

# एयर एंबुलेंस सेवा शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को आम नागरिकों को आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एयर एंबुलेंस सेवा की शुरूआत की। यहां के भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट स्टेट हैंगर से इस सेवा की शुरूआत की गई। एयर एंबुलेंस सेवा के बारे में जानाकरी लेने के लिए एक पोर्टल भी लांच किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और कड़ी को जोड़ने का प्रयास किया गया है। परिणाम राज्य के लोगों के सामने है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में झारखंड पूरी मजबूती के साथ खड़ा है। जंगल-पहाड़ों वाले राज्य में स्वास्थ सेवा उपलब्ध कराने में कई चुनौतियां सामने आती हैं। इसके बाद भी सैकड़ों एंबुलेंस सड़कों पर चल रही है। स्वास्थ्य सेवाओं में शेष पृष्ठ 11 पर

**सेवा के प्रमुख मार्ग रेट**

| | |
|---|---|
| रांची-नई दिल्ली | 5 लाख |
| रांची-मुंबई | 7 लाख |
| रांची-चेन्नई | 8 लाख |
| रांची-कोलकाता | 3 लाख |
| रांची- हैदराबाद | 7 लाख |
| रांची-वाराणसी | 3-30 लाख |
| रांची-लखनऊ | 5 लाख |
| रांची-तिरुपति | 8 लाख |

**झारखंड में कोरोना संक्रमितों की संख्या तेज गति से बढ़ी**


# अब 24 में से 20 जिले आ गये हैं चपेट में

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। अगर बीते 9 दिनों की बात करें तो यहां संक्रमण की रफ्तार दोगुनी हो गयी है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े कहते हैं कि 18 अप्रैल को जहां राज्य में कुल 226 लोग संक्रमित थे, वहीं 27 अप्रैल को संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 511 हो गयी है। रिम्स के जेनेटिक्स एंड जिनोमिक्स विभाग में कोरोना संक्रमितों के सैंपल की जीनोम सीक्वेंसिंग शुरू की गयी है जबकि 12 कोरोना संक्रमितों के सैंपल को सीक्वेंसिंग के लिए आईएलएस लैब भुवनेश्वर भेजा गया है। हालांकि रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। चतरा में एक तो कोडरमा में दो मरीज हैं जबकि सबसे ज्यादा सक्रिय मरीज पूर्वी सिंहभूम में हैं। यहां 243 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं।

**किस जिले में कितने मरीज**

| | |
|---|---|
| बोकारो : 08 | खूंटी : 03 |
| चतरा : 01 | कोडरमा : 02 |
| देवघर : 25 | लातेहार : 16 |
| धनबाद : 14 | लोहरदगा : 31 |
| पूर्वी सिंहभूम : 243 | पलामू : 12 |
| गढ़वा : 01 | रामगढ़ : 03 |
| गिरिडीह : 07 | रांची : 86 |
| गोड्डा : 04 | सरायकेला : 20 |
| गुमला : 06 | सिमडेगा : 10 |
| हाजरीबग : 10 | पश्चिम सिंहभूम : 10 |



## पलामू : अंचल कर्मियों की लापरवाही से राजस्व की क्षति

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में अंचलाधिकारियों व राजस्वकर्मियों के द्वारा रैयतों की भूमि की पंजी टू को ऑनलाइन नहीं करने के कारण जमीन की खरीद बिक्री नहीं हो पा रही है। जिससे सरकार के राजस्व विभाग को राजस्व की प्राप्ति नहीं हो पा रही। वहीं रैयतों के जमीन बिक्री नहीं होने से उनके कई तरह के कार्य जैसे लड़कियों की शादी विवाह से लेकर बीमारी का इलाज आदि कई महत्वपूर्ण कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। मामले के निराकरण के लिए भू-स्वामी हर दिन अंचल कार्यालय से लेकर उपायुक्त कार्यालय के जनता दरबार में अपनी फरियाद लेकर पहुंचते हैं। किंतु उनकी फरियाद सुनने वाला कोई अधिकारी नहीं है। रैयतों की पंजी टू आनलाईन कराने की पहली जिम्मेवारी संबंधित राजस्व गांव के राजस्व कर्मचारी की है। रैयतों के पास उनकी जमीन की मैनूवल रेंट रसीद और खतियान भी उपलब्ध है। बावजूद राजस्व कर्मचारी आनलाईन कराने के नाम पर मोटी रकम की मांग करते हैं। किंतु पलामू जिले में गरीब रैयत सुखाड़ की मार झेल रहे हैं व अर्थिक तंगी से बेहाल है। ऐसे में वे अंचल कर्मचारियों और अंचलाधिकारियों को मोटी रकम दे पाने में असमर्थ हैं। फलस्वरूप रैयतों के भूमि की मांग पंजी टू आनलाईन नहीं हो पा रही है। जिसका ज्वलंत उदाहरण नावाबाजार शेष पृष्ठ 11 पर

**पीएम बोले : सरहदी इलाकों में इसका खास फोकस रहेगा**

# मोदी ने देश को दी 91 एफएम ट्रांसमीटर्स की सौगात

**एजेंसी। नई दिल्ली**


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भारत में रेडियो कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए 91 एफएम ट्रांसमीटरों का उद्घाटन किया। ये 18 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हैं, जो सीमावर्ती क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों में एफएम रेडियो संपर्क को बढ़ावा देगा। इस मौके पर पीएम ने कहा कि आज ऑल इंडिया रेडियो की एफएम सेवा का ये विस्तार ऑल इंडिया एफएम बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऑल इंडिया रेडियो के 91 एफएम ट्रांसमिशन की ये शुरूआत देश के 85 ज़िलों के 2 करोड़ लोगों के लिए उपहार की तरह है। पीएम ने कहा कि भारत अपने सामर्थ्य का पूरा इस्तेमाल कर पाए इसके लिए जरूरी है कि किसी भी भारतीय के पास अवसरों की कमी न हो। आधुनिक तकनीकी को सबकी पहुंच तक बनाना इसका बहुत बड़ा माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज भारत में जिस तरह गांव-गांव तक ऑप्टिकल फाइबर पहुंचाया जा रहा है। मोबाइल और मोबाइल डाटा दोनों की कीमत इतनी कम हुई है कि उसने 'एक्सेस ऑफ इनफॉर्मेशन' को आसान बना दिया है। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में देश में जो टेक रेवोल्यूशन हुआ है उसने रेडियो शेष पृष्ठ 11 पर

## लोहरदगा, बरहवा और गोड्डा में हुई एफएम रेडियो की शुरुआत



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से शुक्रवार को राज्य के लोहरदगा, साहिबगंज जिले के बरहरवा और गोड्डा में प्रसार भारती आकाशवाणी एफएम ट्रांसमीटर का लोकार्पण किया। लोहरदगा में उद्घाटन समारोह में उपस्थित वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि रेडियो हमेशा से लोगों के सूचना का एक बेहतर माध्यम रहा है। आज भी रेडियो का महत्व कम नहीं हुआ है। यहां एफएम ट्रांसमीटर का उद्घाटन किया जाना निश्चित रूप से गर्व की बात है। इसका लाभ सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को मिलेगा। लोगों को सूचनाओं के साथ मौसम और सरकारी योजनाओं की जानकारी मिलेगी। लोहरदगा डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि एफएम ट्रांसमीटर का शुभारंभ होना निश्चित रूप से विकास की गति को बढ़ाने वाला साबित होगा। आने वाले समय में इसका सार्थक परिणाम सामने आएगा। इस दौरान पद्मश्री मधु मनसूख मंसूरी सहित क्षेत्र के कलाकार और अन्य लोग मौजूद थे। शेष पृष्ठ 11 पर

## अमित शाह पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को हाई कोर्ट से मिली राहत बरकरार



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस अम्बुजनाथ की अदालत ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर टिप्पणी मामले में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को मिली राहत अगली तिथि तक बरकरार रखी है। राहुल गांधी की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केस के सूचक को लिखित बहस जमा करने के लिए अंतिम मौका दिया है। हाई कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 11 मई की तिथि निर्धारित की है। साथ ही कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को विस्तार दिया है। इससे पहले हाई कोर्ट राहुल गांधी को रांची सिविल कोर्ट की ओर से जारी नोटिस पर रोक लगा चुका है। राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और अधिवक्ता दीपांकर राय ने पक्ष रखा। इस मामले के याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनोद साहू ने पक्ष रखा। दरअसल, यह मामला राहुल गांधी द्वारा कांग्रेस के अधिवेशन में तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी करने से जुड़ा है, जिसमें राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस में शेष पृष्ठ 11 पर

### नक्सली संगठन टीपीसी का सदस्य बता महिला को दी धमकी

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के विश्रामपुर थाना स्थित भंडार गांव निवासी वृद्ध महिला पूर्व वार्ड सदस्य सुनैना देवी को नक्सली संगठन टीपीसी का सदस्य बताकर उनके मोबाइल पर धमकियां दी गई। डरी सहमी महिला घटना की जानकारी आसपास के लोगों को दी। साथ हीं इसके लिए जिम्मेवार पंचायत मुखिया के भैसुर रिश्तेदार को बताया,। जिसके इशारे पर धमकियां दी गई। जानकारी के अनुसार भंडार पंचायत की पूर्व वार्ड सदस्य सुनैना देवी के द्वारा पलामू उपायुक्त के नाम आवेदन देकर मुखिया व उनके रिश्तेदार की कार्यशैली की शिकायत की गई है। आवेदन में लिखा गया है कि भंडार पंचायत की मुखिया आरती देवी के द्वारा किसी भी कागजात या अभिलेख पर हस्ताक्षर नहीं किया जाता है। यह सच है कि नाम जरूर मुखिया आरती का ही होता है लेकिन मुखिया के हस्ताक्षर भैसुर करते हैं।

## सीआरपीएफ के जवानों ने नक्सलियों के मंसूबों को किया नाकाम

**सर्च ऑपरेशन में काफी संख्या में विस्फोटक व हथियार बरामद किए**

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत छिपादोहर थाना क्षेत्र के लात पंचायत के बेरे में सीआरपीएफ 112 बटालियन के जवानों ने काफी संख्या में विस्फोटक व हथियार बरामद कर उग्रवादियों के मंसूबों को विफल कर दिया है। शुक्रवार की सुबह सीआरपीएफ 112 बटालियन के कमांडेंट प्रमोद कुमार साहू के निर्देश पर सहायक कमांडेंट राकेश कुमार के नेतृत्व में सीआरपीएफ के जवानों ने बॉम्ब एवं डॉग स्क्वाड के साथ लात के अति नक्सलवाद प्रभावित बेरे के जंगलों में विशेष सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। इस दौरान जवानों को 3 आईआईडी बॉम्ब, 7 किलोग्राम के साथ-साथ किलोग्राम के 2 सिलेंडर बम, 2.5 किलोग्राम का एक टिफिन बम बरामद किया शेष पृष्ठ 11 पर

**हलचल** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कोई किसी से कम नहीं, जमकर हो रही बयानबाजी

# कोई कहता है जहरीला सांप तो कोई विषकन्या

**एजेंसी। बेंगलुरू**

कर्नाटक चुनाव को लेकर राजनीतिक गलियारों में लगातार हलचल बनी हुई है। सभी पार्टियां एक दूसरे पर वार करने का कोई मौका नहीं छोड़ रही है। एक बार फिर बीजेपी और कांग्रेस में तीखी बयानबाजी शुरू हो गई है। असल में, गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी की तुलना जहरीले सांप से की थी। इस पर बीजेपी विधायक ने पलटवार करते हुए सोनिया गांधी पर हमला किया।

**बासनगौड़ा यतनाल ने बताया विषकन्या :** पीएम मोदी को जहरीले सांप बताए जाने पर आग बबूला कर्नाटक के बीजेपी विधायक बासनगौड़ा यतनाल ने यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी को 'विषकन्या' बताया।

**खड़गे ने दी थी सफाई :** अपने बयान पर बाद में खड़गे ने सफाई भी दी। उन्होंने कहा कि उनका इरादा किसी की भावना को आहत करना नहीं था। उनकी टिप्पणी किसी व्यक्ति विशेष नहीं, बल्कि उस विचारधारा को लेकर थी, जिसका प्रतिनिधित्व मोदी करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर जाने अनजाने में किसी की भावना आहत हुई, तो यह मेरी मंशा कदापि नहीं थी और न ही यह मेरे लम्बे राजनीतिक जीवन का आचरण है।



**रणदीप सुरजेवाला ने किया पलटवार :** कांग्रेस के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने भी बीजेपी पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी को ये बात हजम नहीं हो रही है कि कर्नाटक में एक दलित परिवार में पैदा हुआ व्यक्ति ब्लॉक अध्यक्ष के पद से पार्टी अध्यक्ष के पद तक पहुंचा है। क्या बीजेपी किसी दलित को अपना अध्यक्ष बनाने की हिम्मत कर सकती है? क्या ये वही पीएम हैं जिन्होंने किसी की पत्नी का मजाक उड़ाया था। उन्हें 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड कहा था। क्या उन्होंने शशि थरूर से माफी शेष पृष्ठ 11 पर

### भूपेश बघेल ने जताई नाराजगी

उनके इस बयान पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में भाजपा के एक विधायक ने सोनिया गांधी को विषकन्या कहा है। कल खड़गे के बयान का भाजपा ने पूरे देश में विरोध किया। बड़प्पन दिखाते हुए खड़गे ने शब्द वापस ले लिया। आज उनके विधायक द्वारा सोनिया गांधी को विषकन्या कहा गया है। उन्होंने कहा कि देश जानना चाहता है कि इस मामले में नरेंद्र मोदी और अमित शाह क्या कहते हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कर्नाटक में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि गलती मत कीजिए। मोदी जहरीले सांप की तरह हैं। अगर आप कहते हैं कि वह जहरीले नहीं हैं तो छूकर देखिए, पता चल जाएगा। अगर आप छूएंगे तो मर जाएंगे। खड़गे ने आगे कहा था कि अगर आपको लगता है कि नहीं, ये जहर नहीं है, क्योंकि मोदी ने इसे दिया है, सज्जन प्रधानमंत्री ने दिया है तो इसे खाकर देखिए। अगर आप इस जहर को खाएंगे तो हमेशा के लिए सो जाएंगे। कांग्रेस चीफ के इस बयान के बाद बीजेपी नेताओं ने भी कांग्रेस पर हमला बोला। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा था कि आज वे किस प्रकार का जहर उगल रहे हैं ये देश देख रहा है। ऐसी टिप्पणी से उन्होंने ये सुनिश्चित कर दिया है कि कांग्रेस की कर्नाटक चुनाव में हार पक्की है।

### ट्रेन से कटकर अज्ञात महिला की मौत

**मेदिनीनगर।** रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर दो पर मालगाड़ी की चपेट में आकर एक अज्ञात महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महिला गुरुवार की रात रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म नंबर दो पर कबाड़ा चुनने उतरी थी। इसी बीच मालगाड़ी की चपेट में आकर घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह रेलवे स्टेशन पर बैठे यात्रियों ने इस घटना की जानकारी जीआरपी थाना को दी। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी थाना के एएसआई साधु बोदरा और रविंद्र उरांव घटनास्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर शव को अपने वाहन से पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।वही इस घटना के बाद से जीआरपी थाना की पुलिस अज्ञात महिला के परिजनों का पता लगाने में जुट गई है।

## मुकबधिर युवती के साथ दो बच्चों के पिता ने किया दुष्कर्म

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावाजयपुर थाना क्षेत्र के रुदीडीह पंचायत क्षेत्र में 20 वर्षीय मुकबधिर लड़की के साथ दो बच्चों के पिता ने दुष्कर्म किया। घटना के बाद से आरोपी अवधेश राम (उम्र लगभग 35 वर्ष) पिता स्वर्गीय उदय राम फरार है। इस संबंध में पीड़िता की मां ने नावाजयपुर थाना में शुक्रवार को मामला दर्ज कराया कराया है। घटना 27 अप्रैल की शाम की है। बताया जाता है कि अवधेश राम युवती को बहला फुसला कर एक सुनसान मकान में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती की मां ने जानकारी दी है कि घटना के समय वह कुएं पर पानी भर रही थी। जब वह घर पहुंची तो उसकी पुत्री नहीं मिली। खोजबीन करते हुए अवधेश राम के घर में गई तो वहां उसे रोते हुए देखा। पीड़िता की मां ने अवधेश को पकड़ना चाहा, लेकिन वह झटका देकर मौके से भाग निकला। घटना गुरुवार शाम करीब 4 बजे की है। पीड़िता की मां ने कहा कि उसकी पुत्री की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। अवधेश राम शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं। इस संबंध में नावाजयपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। इधर, बताया जाता है कि घटना के बाद देर शाम और सुबह में आरोपी युवक के परिजनों ने मामले को मैनेज करने की कोशिश की, लेकिन मौके पर जुटे ग्रामीण इसके लिए तैयार नहीं हुए। इसके बाद मुकदमा दर्ज कराया गया। थाना प्रभारी संजय कुमार रजक ने बताया गया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। जल्द पीड़ित लड़की को न्याय दिलाया जायेगा और दुष्कर्म के आरोपी को छोड़ा नहीं जायेगा।

## NEWS इन ब्रीफ

### मन की बात का 100वां संस्करण होगा ऐतिहासिक

**हुसैनाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पीएम बनने के बाद से ही मन की बात अभियान चला रहे हैं। इस अभियान के तहत प्रधानमंत्री देशवासियों से राजनीतिक से हटकर बात साझा करते हैं। आने वाले 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस कार्यक्रम का 100 वां संस्करण आयेगा। पीएम नरेन्द्र मोदी के 100वें संस्करण को झारखंड सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि हुसैनाबाद अनुमंडल (आईटीआई) के पीछे स्थित हमारे आवास पर इस कार्यक्रम का आयोजन 30 अप्रैल को किया जायेगा। जहाँ दिव्यांग संघ हुसैनाबाद अनुमंडल तथा महिला ब्रिगेड के सैकड़ों सदस्य एक साथ बैठकर प्रधानमंत्री के मन की बात के 100वें संस्करण को सुनेंगे। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर एवम संगोष्ठी का आयोजन

**पांकी।** पांकी प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थापित मजदूर किसान महाविधालय में आज निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। डाक्टर दिल्ली के डॉ0 अभिषेक कुमार सिंह और उनकी टीम के द्वारा जांच करने के बाद दवा का भी वितरण किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दिलीप कुमार राम ने बताया की जांच शिविर के आयोजन से असहाय ग्रामीणों का इलाज किया गया है। आगे भी हमारे महाविद्यालय में इस तरह का शिविर का आयोजन समय समय पर किया जाएगा। जहां महाविधालय के पूर्व सचिव सह दानदाता सदस्य बिंदेश्वर सिंह,महाविद्यालय के दानदाता सदस्य ,शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी राष्ट्रीय सेवा योजना तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर के स्वयंसेवक प्रखंड के गणमान्य तथा सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित हो कर जांच शिविर का लाभ उठाये।

### युवक बना एसबीआई का सीबीओ

**हरिहरगंज।** प्रखंड के सुल्तानी गांव के रहने वाले आदित्य राज का चयन एसबीआई के सीबीओ पद पर हुआ है। वह कुमार राजू सिंह का पुत्र है। इनके पिता का निधन वर्षो पहले हो चुका है। आदित्य राज की शिक्षा-दीक्षा इनके चाचा फुटूक कुमार सिंह के द्वारा कराई गयी। इनकी सफलता पर परिजनों व आसपास के लोगों ने मिठाईयां बांटकर खुशी जाहिर की है। वही आदित्य राज ने अपनी सफलता का श्रेय चाचा फुटूक कुमार सिंह को दिया है। उन्होंने कहा कि हर मुश्किल समय में चाचा के द्वारा प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन मिला है। इनकी सफलता पर बधाई देने वालों में मुखिया विनय कुमार सिंह, समाजसेवी फुटूक कुमार सिंह, गोराई सिंह, अरुण सिंह, मुन्ना सिंह, राणा सिंह, रामाशीष सिंह आदि शामिल हैं।

# फोर लेन निर्माण को लेकर कैंप का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** पलामू जिला अंतर्गत भोगु से संख़ा तक फोर लेन रोड निर्माण होना है। इसे लेकर रैयतो की जमीन अधिग्रहण मे बहुत सारी कठिनाई निकल कर सामने आ रही है। इसे देखते हुए पलामू जिला उपायुक्त महोदय के दिशा निर्देश पर हर जगह पंचायत स्तर पर विशेष कैंप लगाकर रैयतो से जुडी समस्याओं को जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है। इसे लेकर आज भंडार पंचायत में विशेष कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यपालक दंडाधिकारी विक्रम आनंद, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत हेमरेंज, सीआई विकास पांडे, परवेज आलम अनुमंडल कार्यालय सदर, कर्मचारी सत्येंद्र पांडे मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं उपस्थित रैयतों की सारी समस्याओं का जल्द से जल्द निष्पादन की बात भी कही गई। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बोला 'भटकने की जरूरत नहीं है, इसी कैंप के माध्यम से रैयत से जुडे हर समस्या का निवारण किया जायेगा।

### हाईवा ने बाईक सवार युवक को रौंदा

थाना क्षेत्र के ममरखा गांव एचपी पेट्रोल पंप के समीप एनएच 98 पर छतरपुर की ओर से आ रही हाईवा बीआर 01जीएल 9910 की चपेट में आने से बाइक सवार युवक के दोनों पैर बुरी तरह से कुचल गये। घायल युवक को सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। बाद में इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान घायल युवक की मौत हो गयी।

# बेनीखुर्द गांव में निकाली गई भव्य कलश यात्रा

### स्वामी जी महाराज ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर कलश में जल भरी करवाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल के बेनी खुर्द गांव में साम्बसदा बागेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरूआत बेनी खुर्द गांव स्थित नवनिर्मित महादेव मंदिर से की गई। इस जल यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं पुरुष, बच्चे व श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा विभिन्न गांवों से होते हुए जपला छतरपुर मुख्य पथ होते हुए देवरी सोन नदी तट पर पहुंची, जहां संत श्री विष्णु चित स्वामी जी महाराज ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर कलश में जल भरी करवाया। जल भरी के बाद लोग कलश के साथ पुनः नगर भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचे। यज्ञ समिति के सचिव रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह ने बताया महायज्ञ व प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम महान महर्षि संत श्री श्री, 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य व श्री वैष्णव संप्रदाय के प्रचारक श्रीमणनारायण चिन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में संपन्न किया जायेगा, इसके साथ शनिवार से यज्ञ विधिवत आरंभ हो जायेगा और और हजारों श्रद्धालु भक्त यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर स्वामी जी से आशीर्वाद लेंगे। यज्ञ का समापन 2 मई को पूणाहुति सह महाभंडारा के साथ किया जायेगा। इस दौरान स्वामी जी का प्रतिदिन धार्मिक अध्यात्मिक प्रवचन होगा। यात्रा के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता सह यज्ञ समिति के संरक्षक विनोद कुमार सिंह, अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, महासचिव प्रभात कुमार सिंह, ललन कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, ज़िप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटु सिंह,कामेश्वर कुशवाहा, अजय प्रसाद गुप्ता, राजीव सिंह उर्फ छोटू सिंह, रणविजय सिंह, चंदन सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, श्रवण अग्रवाल, उदय विश्वकर्मा, ओमप्रकाश सिंह, चंदन सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, गोलू सिंह समेत हजारों की संख्या मे लोग मौजूद थे।

# बिहार बॉर्डर पर मिला झारखंड के यूवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बिहार राज्य सीमा के टंडवा थाना क्षेत्र के कर्मा और गजना के बीच जगरनाथ तांड गांव के समीप झारखंड के युवक का शव बिहार की टंडवा पुलिस ने शुक्रवार को बरामद किया है। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहंचान हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के पोल्डीह पंचायत के बरौली गांव निवासी स्वर्गीय जनेश्वर सिंह के पुत्र राहुल कुमार सिंह (25 ) वर्ष के रूप मे हुई है। इस घटना की सूचना मिलने पर एसडीपीओ पूज्य प्रकाश के निर्देश पर हुसैनाबाद थाना के एसआई शौरभ कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिये। लेकिन पुलिस के मुताबिक लाश जिस जगह मिली है ,वह क्षेत्र बिहार राज्य के औरंगाबाद जिला के टंडवा थाना क्षेत्र मे पड़ता है। टंडवा पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है। सूत्रों का कहना है कि उसकी हत्या कर शव को यहां लाकर फेंक दिया है। वहीं टंडवा पुलिस ने बताया कि यह हत्या है या आत्महत्या इसकी जानकारी अभी स्पष्ट नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कारण का पता चल पायेगा।

# जनप्रतिनिधियों ने जनता के बीच रहने का दिया भरोसा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत के अध्यक्ष शशि कुमार व उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी का कार्यकाल शुक्रवार को समाप्त हो गया। इसके बावजूद हुसैनाबाद नगर पंचायत के लोगों की सेवा करते रहने का उन्होंने भरोसा दिलाया है। इस संबंध में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने प्रेस वार्ता कर बताया कि अपने कार्यकाल में शहर को व्यवस्थित करने का काम किया है। हर गली व मुहल्लों को जोड़ने के लिए कई महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण किया गया। इसके अलावे उपलब्ध संसाधनों के अनुसार सभी वार्डो में जन सुविधाओं का विस्तार किया गया। साथ -साथ शहर के सुंदरीकरण के लिए भी महत्वपूर्ण कार्य किये गए।अब चुकी नगर पंचायत का कार्यकाल समाप्त हो चुका है।सरकारी दिशानिर्देश के आलोक में कार्य जारी रहेगा।इसके अलावे शहर के लोगों के लिए उनके हर सुख दुख में साथ रहेंगे।उन्होंने कहा कि किसी तरह से आवश्यकता महसूस होने पर हमसे सम्पर्क करें। शहर वासियों के सेवा के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे।उन्होंने कहा कि यदि सरकार निर्धारित समय पर चुनाव करा लेती तो यह विकास कार्य शहर के प्रतिनिधियों द्वारा जारी रहता।अब किसी भी कार्य के लिए सरकारी कर्मियों पर निर्भरता रहेगी।इसके बावजूद भी नगर पंचायत प्रतिनिधि जन समस्याओं को लेकर सक्रिय भूमिका में रहेंगे।

### विधायक ने प्रतिष्ठान का फीता काट कर किया शुभारंभ

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर शहर के मध्य बाजार रोड में खुले नव प्रतिष्ठान मान्या वस्त्रालय का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि सुबे के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह बिश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, विशिष्ठ अतिथि स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश सह संयोजक रविंदर नाथ उपाध्याय व सम्मानित अतिथि के तौर पर मौजूद प्रदेश कार्य समिति सदस्य दुर्गा जौहरी,प्रखंड विधायक प्रतिनिधी पंकज कुमार लाल व नगर विधायक प्रतिनिधि राजन पाण्डेय,भाजपा नेता मनीष गुप्ता ने सामूहिक रूप से फीता काट कर शुभारंभ किया। तत्पश्चात संस्थान के प्रोपराइटर विगण सोनी ने विधायक सहित मौजूद सभी संम्मनित अतिथियों को अंग वस्त्र व माला पहनाकर उनका स्वागत किया।ीं प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर सत्यम सोनी के कहा कि हमारे नव प्रतिष्ठान मान्या वस्त्रालय में कम दामों पर क्वालिटी पूर्ण समान ग्राहकों को दिया जाएगा।वहीं ग्राहकों कि पूर्ण संतुष्टि हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी। मौके पर विजय कुमार रवि,पेंटर विजय,विगन सोनी,गोपाल सोनी,सत्यम सोनी,सहित कई लोग मौजूद थे।

# पलामू में निकला आम आदमी पार्टी का सदस्यता रथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में आज राजनीतिक पारा सूर्य की बढ़ती गर्मी के साथ तब और परवान चढ़ गया जब आम आदमी पार्टी ने अपने सदस्यता रथ को तमाम पार्टी पदाधिकारियों और आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जीएलए कॉलेज के पास एक समारोह में आम आदमी पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता और पलामू के संगठन विस्तार प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव ने जिला संयोजक चंद्रबली चौबे और कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी तथा जिला कार्यकारी सचिव सुधीर कुमार, जिला संगठन मंत्री अरुण कुमार और अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में आम आदमी पार्टी के सदस्यता रथ को रवाना किया गया। इस अवसर पर पलामू के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी की अगुवाई में आप वारियर्स का एक आप स्क्वायड भी गठित किया गया ।जिसमें लगभग 25 युवाओं को आने वाले 3 महीने के भीतर 100 स्थानों पर सदस्यता शिविर लगाकर इस रथ के माध्यम से दस हजार लोगों को जोड़ने का कार्यक्रम तय किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला संयोजक चंद्रबली चौबे ने कहा कि 'पलामू के लोग ही पलामू के जन समस्याओं का समाधान कर सकते हैं और इसीलिए अब आम जनमानस को पार्टी से जुड़ने के लिए इस रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जा रहा है। अब पलामू में जिस प्रकार से पार्टी को आम लोगों और युवाओं का समर्थन मिल रहा है ।वह दिन दूर नहीं जब यहां से आम आदमी पार्टी का विधायक होगा और जनता की सारे समस्याओं पर सकारात्मकता से हल निकालने का प्रयास किया जाएगा।' इस कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी के कई पदाधिकारी, पलामू के विभिन्न प्रखंडों से आए हुए आम आदमी पार्टी के कई कार्यकर्ता और विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और आम आदमी पार्टी के समर्थकों ने शिरकत की। इस प्रचार रथ के माध्यम से पलामू में बड़े सदस्यता अभियान को लेकर पलामू के राजनीतिक गलियारे में सरगर्मी तेज है और मीडिया ने भी इस अवसर पर माना कि अब दिल्ली और पंजाब से बाहर निकलते हुए आम आदमी पार्टी ने झारखंड में भी तेजी से अपने प्रभाव बढ़ाने शुरू कर दिए हैं।

### पीएम जन औषधि केंद्र का उद्घाटन आज

**प्रतिनिधि हरिहरगंज :**प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के तहत 29 अप्रैल दिन शनिवार को पूर्वाह्न11बजे हरिहरगंज पुराने बस स्टैंड में केंद्र का विधिवत उद्घाटन होगा। इस आशय की जानकारी संचालक सोनू सिंह ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि प्रोपराइटर आरती सिंह, संचालक मंटू कुमार, सोनू सिंह सहित कई विशिष्ठ और गणमान्य लोग शामिल होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र के खुलने के बाद लोगों को कम दामों पर उच्च गुणवत्ता वाले दवाई मिलना सुनिश्चित होगा। मौके पर सोनू सिंह, इम्तियाज अंसारी, छोटू कुमार, विनय सिंह, रंजन कुमार, संजय सिंह आदि उपस्थित थे।

### सात दिवसीय यज्ञ को सफल बनाने की तैयारी जोरों पर

**नावा बाजार।** कंडा में सूर्य भगवान मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एवं सात दिवसीय यज्ञ को लेकर तैयारी जोरों पर चल रही है ।नावा बाजार मुखिया संघ उपाध्यक्ष सह कंडा पंचायत के मुखिया एवं सूर्य मंदिर कमेटी के अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह के अध्यक्षता में ये सात दिवसीय यज्ञ होने जा रहा है। यज्ञ 29 अप्रैल को जल यात्रा के साथ शुरू हो 5 मई को भंडारा के साथ समापन होगा । इस बीच 3 मई को भगवान श्री सूर्यनारायण जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा श्री श्री 1008 श्री त्यागी महाराज जी के तत्वधान में एवं यज्ञ आचार्य श्री प्रदीप मिश्रा जी के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा कर किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा एवं सात दिवसीय यज्ञ को सफल बनाने हेतु स्वामी त्यागी जी महाराज के द्वारा प्रतिदिन मंदिर प्रांगण में कथा प्रवचन किया जा रहा है । जिसमें सैकड़ों भक्त गण कथा प्रवचन में भाग लेकर अमल करते हुए यज्ञ तैयारी में जोरों से लगे हुए हैं। सात दिवसीय यज्ञ के दौरान महिला कथावाचक, रात्रि में रामलीला,झुला, चरखा, के साथ हजारों तरह के दुकानदार भी यज्ञ परिसर में अपनी दुकाने लगाने की तैयारी जोरों से कर रहे हैं । उक्त मौके पर अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने कहा कि क्षेत्र के धर्म प्रेमियों से अपील है कि अधिक से अधिक लोग यज्ञ में भाग ले और यज्ञ को सफल बनाएं। अमरेश सिंह, विनोद सिंह, कमल पासवान, विजय सिंह ,वीरेंद्र सिंह, समाजसेवी धर्मेंद्र मेहता, मनोज यादव, अशोक भुइंया, मदन राम, नरेश ठाकुर, सुदामा सिंह, कमलेश सिंह, रामप्रवेश सिंह, रंजन रॉक, संजीत साहू, नितेश चंद्रवंशी, अरुण गुप्ता, गणेश प्रसाद , सिद्धेश्वर भारती विरेंद्र साव,समेत सैकड़ों कार्यकर्ता अपने अपने दायित्व को संभालते हुए यज्ञ को सफल बनाने को लेकर अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### अवैध गिट्टी लदे टेलर को जब्त

**हरिहरगंज।** जिले के वरीय अधिकारियों के निर्देश के आलोक में शुक्रवार को पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत दुबटिया मोड़ के पास से पिपरा पुलिस ने अवैध तरीके से गिट्टी लदे एक हाईवा ट्रेलर जेएच 03 वाई 7903 को जप्त किया है। इसकी जानकारी पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अग्रसर कार्रवाई के लिए पलामू डीएमओ को प्रतिवेदन भेजा गया है।

### कराटे क्लब से11 खिलाड़ियों का हुआ चयन

**विश्रामपुर।** धनबाद के हीरापुर स्थित अग्रसेन भवन में 29-30 अप्रैल को आयोजित दो दिवसीय मुकाबले में भाग लेने थांग-टा पलामू संघ एवं थांग- टा गढ़वा संघ से 11 सदस्यीय दल शुक्रवार को गढ़वा रोड स्टेशन से धनबाद के लिए रवाना हुआ। जिसमें अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए स्पोर्ट्स कराटे क्लब रेहला से 11 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। सब जूनियर में- सनाया सिंह,अंजनी डोडे,अमीना शेख, बॉबी शुक्ला, रेहान कादरी,अंशुमन चौबे, जूनियर में- सोनम कुमारी, सीनियर में- राजश्री शुक्ला,, थांग-टा गढ़वा संघ से जूनियर में- सारीब खान,मुस्कान कुमारी, इंदु कुमारी हैं। टीम नेतृत्व की जिम्मेदारी निभा रही सोना मोती कुमारी की निगरानी में सभी खिलाड़ी रहेंगी।

### वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया

**पाटन :**पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार पाटन थाना प्रभारी गुलशन गौरव के आदेशानुसार एसआई राजकिशोर महतो के द्वारा मुख्य गेट पर एंटी क्राइम के तहत वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग में मोटरसाइकिल का हेलमेट,फोर व्हीलर के डिक्की, समेत वाहनों की कागजात की जांच की गई। थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने मोटरसाइकिल चलाने वाले को कहा कि हेलमेट लगाकर चले और कागजातों को साथ में रखें। थाना परिसर से 10 मोटरसाइकिल को जप्त कर चालान के लिए परिवहन विभाग को भेजा है।

### मनरेगा कर्मचारी संघ की राज्य इकाई का कार्यक्रम तय

**मोहम्मदगंज।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ की राज्य इकाई द्वारा प्रखंड के मनरेगाकर्मी 1 मई से 3 मई तक स्थायीकरण सहित लंबित मांगो को लेकर 1 मई मजदूर दिवस के दिन भगवान बिरसा की जन्मभूमि उलिहातू से पदयात्रा कर 3 मई को रांची में राज्यपाल भवन के समक्ष एकदिवसीय धरना देगें। आह्वान पर सामूहिक अवकाश के साथ कार्यक्रम में भाग लेने का निर्णय लिया गयाहै।

JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002,
JH Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj / e-mail : gmtzdal@gmail.com

e-Tender Extension Notice

Due to unavoidable circumstances, Tender invited against e-NIT No. 20/PR/JUSNL/2023-24 for the work of " Annual maintenance of GSS, Line and housekeeping work at 132/25KV Railway TSS Nagar untari for the period from 16.05.2023 to 31.03.2024" is hereby extended as follows :-

| | |
|---|---|
| End date and time of upload of BID | 03.05.2023 upto 05.00 PM |
| Last date of submission of hard copy of bid, tender cost and EMD in the office of General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar (Daltonganj) | 04.05.2023 upto 05.00 PM |
| BID Opening date for Technical Part(Part-I) | 05.05.2023 at 11.30 AM |

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 295087
PR 296149 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 23-24 (D)

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

## प्रशिक्षण

## सीपीआर देने से हृदयगति पुनः शुरू हो सकती है

# ग्रामीणों में स्वास्थ्य जागरूकता की पहल

### आपदा में रेस्क्यू करने एवं बचाव के जीवंत प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को दिखाया




**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन-** प्रखण्ड सभागार पाटन में एनडीआरएफ की 9 बटालियन की टीमो ने जन जागरण अभियान के तहत फैमिली राइजेशन प्रशिक्षण ग्रामीणों में जागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन किया। एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने आपदा के समय लोगो के कैसे बचाव किया जा सकता है मॉक ड्रील एवं डिजास्टर मैनजमेंट प्रदर्शित कर सिखाया। राष्टीय आपदा मोचन टीम के सदस्यों ने दुर्घटना के समय रक्तस्त्राव को रोकने, घायल ब्यक्ति को उपचार करने, हृदयघात रोगी को तत्काल सीआरपी तहत आक्सीजन देने, घायल व्यक्ति को स्थानीय स्तर पर स्ट्रेचर बनाकर अस्पताल तक ले जाने, साँप काटने के विष की पहचान करने , बज्रपात की संकेत एवं बचाव की उपाय ,रक्तस्त्राव रोकने आदि कई आकस्मिक आपदा में रेस्क्यू करने एवं बचाव के जीवंत प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को दिखाया। मौके पर एनडीआरएफ 9 बटालियन बिहटा टीम के फोरोज, कुंदन कुमार, बिजय कुमार, रवि कुमार ने आपदा बचाव से सबंधित प्रदर्शन किया। मौके पर सहायक समाहर्ता सह प्रोबेशनर आईएएस श्री विसपुटे श्रीकांत ने एनडीआरएफ की बारे में लोगो की जानकारी दिया। इन्होंने बताया की समान्यतः स्वस्थ्य ब्यक्ति में 5 से 6 लीटर खून होता है। रक्तस्त्राव के कारण अगर डेढ़ से दो लीटर खून शरीर मे कम हो जाता है तो मनुष्य की मृत्यु हो सकती है। इसलिए रक्तस्त्राव रोकने की जानकारी सभी को होनी चाहिए। पलामू में सड़क दुर्घटना, साँप काटने, बज्रपात की घटना ज्यादा है। इसके बचाव के लिये जागरूकता जरूरी है। मौके पर बीडीओ मनोज कुमार, प्रधान सहायक मृत्युंजय कुमार ,अमित कुमार, शुशील कुमार, मो. परवेज, कामेश्वर महतो, बीपीओ निर्मल ठाकुर, शिवम जयसवाल, मुखिया सुमन गुप्ता, मंजू देवी,मधुबाला देवी, मनोज राम, आदि सभी पँचायत के विभिन्न स्तर के जनप्रतिनिधि, अंचल/ प्रखण्ड कर्मी उपस्थित थे। महिला मुखिया एवं जनप्रतिनिधि ने सीआरपी देने का प्रशिक्षण लिया।

कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा।
Phone Number:- 06526-222064 email-id: lohardagazilaparisad@gmail.com

ई–निविदा
अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या – 01/2023–24 दिनांक 27.04.2023

| क्र0सं / ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्रखण्ड का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | प्रखण्ड किस्को अन्तर्गत पाखर पंचायत भवन की मरम्मति एवं उपरी तल निर्माण कार्य | किस्को | 3649000.00 | 5000.00 | 73000.00 | 06 (छः) माह |

2 वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 29.04.2023
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 06.05.2023/05:00 बजे अपराह्न तक
4 अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य(हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय :– 08.05.2023/02:00 बजे अपराह्न तक
5 निविदा खोलने की तिथि व समय :– 09.05.2023/03:00 बजे अपराह्न तक
6 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
7 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. जिला परिशद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं । संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा।

PR 296151 Lohardaga(23-24)D

## NEWS इन ब्रीफ

### आजसू का राज्य स्तरीय सामाजिक न्याय मार्च 30 को

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा 30 अप्रैल को रांची में निर्धारित राज्य स्तरीय सामाजिक न्याय मार्च को लेकर पलामू और गढ़वा जिले से आजसू पार्टी के कार्यकताओंकी भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर प्रखंड वार प्रभारियों की जिम्मेवारी दी गई है। आजसू पार्टी के द्वारा राज्य में खतियान आधारित नियोजन नीति लागू करना, 54% आबादी वाले पिछड़े वर्ग को आरक्षण देना, सरना धर्म कोड लागू करना, बेरोजगारों को रोजगार देना, संसाधनों की लूट को बंद करना, आंदोलनकारियों को सम्मान देना, पूर्व मे जो जातियां अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल थी उसे पुनः अनुसूचित जनजाति की श्रेणी से जोडना संबंधी मांगों को लेकर सामाजिक न्याय मार्च किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में अखिल झारखंड महिला संघ, अखिल झारखंड छात्र संघ, अखिल झारखंड पिछड़ा संघ सहित पार्टी के सभी अनुषंगिक इकाई के सैकड़ों कार्यकर्ता उक्त कार्यक्रम में भाग लेंगे।इसके पूर्व पलामू जिला में भी बैठक परिसदन भवन में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी एवं संचालन जिला प्रवक्ता बसंत विश्वकर्मा द्वारा किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से राज्य स्तरीय सामाजिक न्याय मार्च रांची में 30 अप्रैल को हजारों कार्यकताओं के साथ भाग लेने का निर्णय लिया गया।


### पुलिस ने अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टरों को किया जप्त

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निदेर्शानुसार सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में 3 अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त कर करवाई के लिए थाना लाया गया है। इस संबंध में सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया की गुप्त सूचना मिली थी कि सदर थाना और लेस्लीगंज बॉर्डर पर जैतुखाड़ अमानत नदी से तीन ट्रैक्टर बालू का अवैध उठाव कर बिक्री के लिए जमुने ले जा रहे हैं। इसी गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर तीनों ट्रैक्टर को जप्त कर लिये। जबकि पुलिस को देख सभी ट्रैक्टर चालक फरार हो गए। पकड़े गए दो ट्रैक्टर लेस्लीगंज के हैं जबकि एक ट्रैक्टर सदर थाना क्षेत्र के किसी व्यक्ति का बताया जा रहा है। पुलिस कि इस बड़ी कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। बताते चलें कि पुलिस के द्वारा लगातार अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ा जा रहा है इसके बाद भी बालू माफिया मानने को तैयार नही है।

### ईद मिलन समारोह आज

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर में ईद मिलन समारोह 29 अप्रैल 2023 शनिवार सुबह नौ बजे निकाह भवन भाई बिगहा, शाम चार बजे हाजी अब्बास अंसारी के हुसैनाबाद के इस्लामगंज मस्जिद के सामने स्थित नए मकान पर आयोजित है। हाजी मो. अब्बास अंसारी ने आम लोगों से कार्यक्रम में भाग लेने की गुजारिश की है।

# सीटेट के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय विद्यालयों में शिक्षक बनने का सपना पूरा करने के लिए सीटेट पास करना अनिवार्य है। जिसके लिए जुलाई सत्र की सीटीईटी की परीक्षा का आवेदन शुरू हो गया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई जुलाई सत्र के लिए अप्लाई करने के लिए आधिकारिक साइट पर लिंक एक्टिव किया है। सीबीएसई ने सीटेट जुलाई सेशन के लिए आवेदन प्रक्रिया 27 अप्रैल से शुरू कर दी है गौरतलब है कि 26 मई तक आवेदन लिया जाएगा। एप्लीकेशन प्रोसेस को आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया गया है। इच्छुक और योग्य कैंडिडेट्स ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। वहीं फी जमा करने की अंतिम तिथि 27 मई है। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को सामान्य और ओबीसी कोटि के उम्मीदवारों को 12 सौ रुपये और एसटी, एससी और विकलांग उम्मीदवारों को 6 सौ रुपये का भुगतान करना होगा। परीक्षा देने के लिए उम्मीदवारो को शहर का विकल्प पहले आओ, पहले पाओ के तर्ज पर किया जाना है।

# पूर्वडीहा पंचायत में जय भारत सत्याग्रह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में चल रहे जय भारत सत्याग्रह को लेकर शुक्रवार को पूर्वडीहा पंचायत में जय भारत सत्याग्रह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुनील दुबे एवं संचालन बली सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक मौजूद थे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी पर भाजपा रोक लगा रही है। संविधान को तोड़ा जा रहा है सत्ता का दुरुपयोग हो रहा है। केंद्र सरकार सवालों से बचने के लिए सदन की प्रक्रिया को बाधित कर रही है। देश में नफरत फैलाने वाली शक्तियों से हमारी लड़ाई चल रही है। जिसका नेतृत्व राहुल गांधी कर रहे हैं। हम इस सत्याग्रह के माध्यम से लोकतंत्र और संविधान को बचाने निकले हैं। मोदी सरकार जनता से किए वादे को भूल कर अपने हितों के लिए काम कर रही है हमारे नेता राहुल गांधी निडर होकर देश की जनता के मुद्दों को मजबूती के साथ उठाने का काम कर रहे हैं। इस सत्याग्रह के माध्यम से राहुल गांधी के संदेशों को घर पर पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश आज विषम परिस्थिति के साथ गुजर रहा है केंद्र सरकार द्वारा ही राजनीति मयार्दाओं को तार-तार किया जा रहा है।

# पलामू नगर निकाय का कार्यकाल समाप्त, नई पारी की तैयारी




## ओबीसी आरक्षण के कारण लटका चुनाव

बताते चले कि नगर विकास विभाग ने वर्ष 2023 में बिना ओबीसी आरक्षण के राज्य के 48 नगर निकायों में चुनाव कराने का प्रस्ताव तैयार किया था। नगरपालिका अधिनियम 2011 में संशोधन करने के बाद आरक्षण रोस्टर में भी बदलाव किया गया था। इसका काफी विरोध भी हुआ। मामला हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा। इस बीच बीते 16 मार्च को राज्य सरकार के कैबिनेट की बैठक में नगर विकास विभाग की अधिसूचना को निरस्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आलोक में ट्रिपल टेस्ट के बाद निकाय चुनाव कराने का निर्णय लिया गया।




**कमान अब सीधे अफसरों और स्टाफ के हाथ में होगी**

**अगले चुनाव कब होंगे, यह फिलहाल तय नहीं है**

**नगर निकायों के चुनाव अब ओबीसी रिजर्वेशन के आधार पर कराये जाएंगे**

### क्या कहना है वार्ड पार्षदों का

नगर निगम के कई वार्ड पार्षद ने एक स्वर में कहा है कि सरकार द्वारा सही वक्त पर सही निर्णय न लिए जाने की वजह से राज्य के तमाम नगर निकाय जनप्रतिनिधि विहीन होने जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में नगर विकास की योजनाओं में अफसरों की मनमानी तय है।

**अमरनाथ सोनी**

**मेदिनीनगर।** पलामू के मेदिनीनगर नगर निकाय का कार्यकाल शुक्रवार को समाप्त हो गया। सभी जनप्रतिनिधियों का 5 वर्ष का समय भी पूरा हो गया। 2018 में जब निगम बना तब से पांच वर्षों का कार्यकाल सभी मे पूरा किया। जिसमें कई उतार चढ़ाव भी आये। निगम सहित राज्य के सभी 48 नगर निकायों का कार्यकाल जिसमें कुछ निकायों का कार्यकाल 30 अप्रैल को समाप्त हो रहा है। उसके बाद सभी निकाय जनप्रतिनिधि विहीन हो जायेंगे। इनकी कमान अब सीधे अफसरों और स्टाफ के हाथ में होगी। नगर निकायों के बोर्ड भी भंग हो जाएंगे। इसके साथ ही जनता के वोटों से चुने गए मेयर, डिप्टी मेयर, अध्यक्ष और वार्ड काउंसिलर अधिकार विहीन हो जायेंगे। निकायों के अगले चुनाव कब होंगे, यह फिलहाल तय नहीं है। राज्य सरकार ने फैसला किया है कि नगर निकायों के चुनाव अब ओबीसी रिजर्वेशन के आधार पर कराए जाएंगे। रिजर्वेशन का प्रतिशत तय करने के लिए सरकार सभी स्थानों पर ट्रिपल टेस्ट सर्वे कराएगी। रिजर्वेशन तय होने के बाद चुनाव कराने का शेड्यूल तय किया जाएगा। इस प्रक्रिया में यह पूरा साल गुजर सकता है। ज्ञात हो कि राज्य के 15 नगर निकायों का कार्यकाल पहले ही खत्म हो चुका है। पहले कोविड और बाद में कुछ अन्य वजहों का हवाला देकर इनके चुनाव वर्ष 2020 के बाद से ही टाले जाते रहे। अब बाकी 34 निकायों का कार्यकाल भी 28 से लेकर 30 अप्रैल को खत्म हो रहा है। कार्यकाल समाप्त होने के बाद सभी नगर निकाय में जनता के कार्यों पर भी असर पड़ेगा लेकिन राज्य सरकार की ओर से चुनाव को लेकर अभी तक कोई भी पहल नहीं किया गया है।

**कितने निकाय का कार्यकाल समाप्त हो गया:** अप्रैल माह में कार्यकाल समाप्त होने वाले निकायों में रांची, हजारीबाग, गिरिडीह, मेदिनीनगर और आदित्यपुर नगर निगम शामिल हैं। इनके अलावा गढ़वा, चतरा, मधुपुर, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, मिहिजाम, चिरकुंडा, फुसरो, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, रामगढ़, चाईबासा और कपाली नगर परिषद तथा नगर उंटारी, हुसैनाबाद, छतरपुर, लातेहार, डोमचांच, राजमहल, बडहरवा, बासुकीनाथ, जामताड़ा, खूंटी, बुंडू और सरायकेला-खरसावां नगर पंचायतों का कार्यकाल भी एक साथ समाप्त हो रहा है।

# धनुष से टूटे दिल के जख्मों पर सीएम ने लगाया मरहम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दीप्ति कुमारी एक ऐसा गुमनाम चेहरा जो बड़े हस्ताक्षर को अपने उंगलियों से निशाना लगाना सिखाई और पद्मश्री मिला। दीप्ति कुमारी आज खुद मुफलशी के जिंदगी गुजार रही है। इंटरनेशनल तीरन्दाजी गेम के लिये कर्ज लेकर चार लाख रुपये में धनुष खरीदी पर अनहोनी धनुष टूट गया। सपने बिखर गये। घर वापसी हुई तो माँ हार्ट अटैक से मेडिका अस्पताल में मिली। घर चलाने के लिए अरगोड़ा चाय के दुकान पर गई तो रांची नगरनिगम द्वारा अतिक्रमण मुक्त में दुकान सफाया मिला। बस क्या था जिन्दगी से निराश दिल टूट गया। तीर लक्ष्य को न बेध सका। आज झारखण्ड मंत्रालय में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी कुमारी दीप्ति प्रजापत्ति से आधे घंटे तक मिले गहराई से जाने और समझे। इस मौके पर युवा एवं खेल मंत्री हफिजूल हसन साहब मौजूद रहे। माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन कहे खिलाड़यों से हम बेपनाह मोहब्बत करते हैं ।धनुष भी मिलेगा और नौकरी भी देंगे राज्य का नाम रौशन करो। अविनाश देव ने इस कार्य के लिए मंत्री मिथिलेश ठाकुर,मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को आभार जताया। जिन्होंने गरीब बेटी के जख्मी दिल पर मरहम लगाने का काम किया।

### राष्ट्रीय परशुराम सेना ने दिखाई सांगठनिक क्षमता

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा अपनी अमिट छाप छोड़ गई। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर मेदिनीनगर शहर में शोभायात्रा निकालकर राष्ट्रीय परशुराम सेना ने एक नया मानदंड स्थापित किया है ।शोभा यात्रा में सभी आयु वर्ग के विप्र जनों की उमड़ी भीड़ ने अन्य जाति/ वर्गों को अपनी सांगठनिक क्षमता का एहसास करा दिया है। पलामू के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में निवास करने वाले अपने बंधु बांधवों को पहली बार लगा कि विषम परिस्थिति में उनके साथ खड़ा रहने वाला एक सशक्त संगठन उनके साथ है।


# पर्यावरणविद ने मनाया अपनी पोती का जन्मोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के बाईपास रोड स्थित पर्यावरण भवन के ऊपरी तल पर एवं दो नंबर टाउन टीवीएस शोरूम रोड के समीप निजी भूमि पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रनेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने 5 वर्षीय पोती अनुषा के नाम पर पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर जन्मदिन मनाया। पर्यावरणविद ने कहा कि पर्यावरण धर्म के तहत लोग अपने जन्मदिन या जीवन के किसी भी महत्वपूर्ण अवसर को यादगार बनाने के लिए पौधा लगाकर उसे बच्चों की तरह



बचाना चाहिए। धर्म के अवधारणा के तहत जन,जल ,जंगल ,जमीन ,जानवर ,पक्षी और प्रकृति को बचाने का उद्देश्य है।अनुषा के जन्मदिन पर उसके बड़े पिता प्रो अरुण कुमार जायसवाल, बड़ी मम्मी कोमल जायसवाल , दादा सत्येंद्र प्रसाद, सुचित कुमार, दादी गीता देवी, अल्पना देवी,बूआ शिक्षक ज्योति जायसवाल, पूर्णिमा कुमारी, फूफा रोहित जायसवाल चाचा निकू जायसवाल सुमित कुमार,अमन कुमार, भाजपा नेता डॉक्टर अजय जायसवाल मिट्ठू सिंह, पिंकी सिंह, डॉ अर्पण, डॉ शिप्रा,नेहा, अनीसा, मधु, अमृता, स्वाति, समेत घर के सभी सदस्य और नाना नानी ने उसे बधाई देते हुए दीघार्यु जीवन की कामना किया है।




**निषेधाज्ञा** | परीक्षा हेतु एसडीओ ने जारी किये निर्देश

# 100 मीटर दायरे में धारा 144 लागू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पीइसीइ परीक्षा 2023 का आयोजन सदर अनुमंडल मेदिनीनगर अंतर्गत विमला पांडेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल, जिला स्कूल, एलीट पब्लिक बीएड कॉलेज, आर के गिरिवर+2 विद्यालय, केजी स्कूल, बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय, ब्राह्मण उच्च विद्यालय में किया जायेगा। परीक्षा को देखते हुए मेदनीनगर सदर एसडीओ राजेश कुमार शाह ने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 गज की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है। इस बाबत उन्होंने आदेश जारी करते हुए बताया कि परीक्षा में



कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर धारा 144 लागू की गई है। इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 गज की दूरी में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत 5 अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा। इसके अलावा परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्तपदाधिकारी, वीक्षक, परीक्षार्थी, पुलिस बल को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध रहेगा। यह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगी। सदर अनुमंडल क्षेत्र में पीइसीइ 2023 के परीक्षाओं के लिए कुल 7 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों के आसपास असामाजिक तत्वों की ओर से परीक्षा संचालन में व्यवधान उत्पन्न होने की आशंका रहती है। इसी के मद्देनजर एसडीओ ने निषेधाज्ञा लागू की है।

# मानस सिन्हा गुटबाजी करते हैं : ईश्वरी चौधरी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा जिले में पार्टी को कमजोर करने के लिये गुटबाजी करते हैं। उक्त बातें कांग्रेस सेवा दल के कार्यवाहक जिला मुख्य संगठक ईश्वरी चौधरी ने शुक्रवार को स्थानीय जलक्रांति भवन में प्रेसवार्ता में कहीं। उन्होंने कहा कि गुटबाजी से पार्टी संगठन को नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष को पत्र लिखकर प्रदेश नेतृत्व पर आरोप लगाने से पूर्व उन्हें पार्टी के अंदर उचित प्लेटफॉर्म पर अपनी बात रखना चाहिये थी, लेकिन हमेशा



उनके मन में पार्टी के प्रति नकारात्मक सोच रही है। वर्ष 2019 में विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी के फैसले के विरुद्ध सिन्हा ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिये तीन सेट में अपना नामांकन पत्र भी दाखिल किया था, लेकिन इसके बाद क्यों चुनाव नहीं लड़े उन्हें खुद पता है। वे झारखंड बोर्ड निगम को लेकर दबाव बनाने के लिये राष्ट्रीय अध्यक्ष को पत्र प्रेषित कर रहे हैं।

## पूर्णिमा बनीं चिनिया पंचायत अध्यक्ष

**चिनिया।** पंचायत सचिवालय परिसर में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा चिनिया पंचायत कमेटी का गठन करने के लिए हुई। इसकी अध्यक्षता जिले से आई मुख्य संयोजक रेखा चौबे ने की। बैठक में पंचायत अध्यक्ष के लिए पूर्णिमा सिंह को चयनित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष सुनैना देवी व चिंता देवी तथा कोषाध्यक्ष ममता देवी को बनाया गया। वहीं कार्यकारिणी अध्यक्ष के लिए पांच सदस्यीय महिला मुक्ति मोर्चा टीम भी गठित की गई। इस मौके पर जिला सचिव सह संयोजक चंदा देवी, मेराल प्रखंड अध्यक्ष सह संयोजक आराधना सिंह, रेखा पाठक, झामुमो चिनिया प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, विधायक प्रतिनिधि बंशीधर यादव आदि उपस्थित थे।

# अपनी जिम्मेदारियों से भाग रहे विधायक भानू : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

बंशीधर महोत्सव के नाम पर तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले विधायक भानू प्रताप शाही अपनी जिम्मेदारियों से भाग रहे हैं। भगवान के नाम पर राजनीति और भगवान का अपमान करने वाले विधायक का 2024 में पतन होगा। उक्त बातें सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान झामुमो प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहीं। उन्होंने कहा कि बंशीधर महोत्सव को लेकर जिस तरह से भानू प्रताप शाही राजनीति कर रहे हैं उससे साफ पता चलता है कि वे बौखलाहट में हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा में जाते ही सबसे बड़ा सनातनी खुद को साबित करने में लगे हैं। इफ्तार का विरोध करने वाले विधायक का फोटो आजकल वायरल हुआ था जो नसमो में रहते इफ्तार पार्टी करते देखे गए। उन्होंने कहा कि हिंदू-मुस्लिम करके वोट बैंक की राजनीति



कर रहे हैं, लेकिन जनता सब जानती है। बंशीधर महोत्सव में स्थानीय विधायक होने के नाते उन्हें अपनी जिम्मेदारियों को निभाना चाहिए था, लेकिन इससे पूर्व भी हुए दो महोत्सव में इनका योगदान कुछ नहीं रहा था। राजकीय महोत्सव का दर्जा दिलाने या मंदिर विकास के लिए विधायक ने कुछ नहीं किया। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने राजकीय महोत्सव का दर्जा दिलवाया। उन्होंने विधायक द्वारा मंत्री पर लगाये गए आरोपों पर कहा कि मिथिलेश ठाकुर भानु प्रताप शाही से तजुर्बा, व्यवहार, शिक्षा, संस्कार हर मामले में काफी आगे हैं।

वहीं 20 सूत्री उपाध्यक्ष नीतीश सिंह ने कहा कि बंशीधर महोत्सव से विधायक भाग रहे हैं। इससे साफ पता चलता है कि नेचर और सिग्नेचर कभी नहीं बदल सकता। भानू प्रताप शाही पूर्व माओवादी हैं। उन्हें भागने और भगाने का काफी अनुभव है। उन्होंने कहा कि हम सब उनसे आग्रह करते हैंकि यह राजकीय महोत्सव है। जिलेवासी के लिए यह धार्मिक और भावनात्मक विषय है। इसमें भाग लेकर सफल बनाने में योगदान करें, क्योंकि यह आपके क्षेत्र में आयोजित हो रहा है। प्रेस वार्ता में वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी, जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, केंद्रीय समिति सदस्य सूर्यदेव मेहता, प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, किरण देवी, अमरनाथ पांडेय, निर्मल पासवान, पंकज देव आदि लोग मौजूद थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### लीगल सर्विस इंप्रूवमेंट कैंप का किया जाएगा आयोजन

**मझिआंव।** रविवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में लीगल सर्विस इंप्रूवमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें सभी विभागों से संबंधित समस्याओं को निदान किया जाएगा। इसमें प्रखंड के सभी कर्मी अपने विभाग से संबंधित कार्यों को निपटारा हेतु अपने-अपने स्टॉल पर प्रतिवेदन के साथ मौजूद होंगे। लीगल सर्विस इंप्रूवमेंट कैंप का सफल संचालन हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री नीतीश कुमार भास्कर को नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित किया गया है।

### भवनाथपुर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाया अभियान



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर पुलिस ने अवैध जावा महुआ शराब के कारोबार पर रोक लगाने को लेकर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय के नेतृत्व में शुक्रवार को छापामारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने थाना क्षेत्र के झगड़ाखाड, जिरूहूला एवं बनसानी में महुआ शराब बनाने के लिए रखे हुए 90 किलो जावा महुआ को नष्ट करते हुए महुआ शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाली उपकरण को जब्त किया। जबकि पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही इसमें संलिप्त लोग फरार हो गए। मौके पर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने सभी शराब विक्रेताओं को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि जो लोग शराब बनाते हैं या बिक्री करते हैं वे सुधर जाए। अगली बार शराब बनाते या बिक्री करते पकड़े जाते हैं तो उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि किसी भी हाल में अवैध महुआ शराब का कारोबार नहीं होने दिया जायेगा। इस पर रोक लगाने के लिए पुलिस क्षेत्र में लगातार छापामारी अभियान चलाकर शराब के अवैध कारोबारियों पर कड़ी कार्रवाई करेगी। अभियान में एसआई राम प्रसाद इंदवार सहित भवनाथपुर थाना के जवान शामिल थे।

## डीआईजी ने कहा, पुलिस जवानों में प्रतिभा की कमी नहीं

# क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

सदर प्रखंड के कल्याणपुर स्थित पुलिस लाइन में क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता शुक्रवार को संपन्न हो गई। समापन समारोह कार्यक्रम में आईजी राजकुमार लकड़ा, गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर, पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा शामिल थे। कार्यक्रम में विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनके विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आईजी राजकुमार लकड़ा ने कहा कि गढ़वा पुलिस बल ने प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में बेहतर खेल मैदान हो तो यहां के पुलिस के जवान भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी बेहतर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा उपायुक्त द्वारा आश्वस्त किया गया है कि गढ़वा में खेल मैदान उपलब्ध कराया जाएगा ताकि विभिन्न तरह की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जा सकेगा। वहीं उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि गढ़वा के खिलाड़ियों को बेहतर खेल मैदान देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पहल की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में काफी असुविधा के बाद भी यहां के खिलाड़ी चाहे वह पुलिस के जवान हो या सिविल खिलाड़ी हो काफी मेहनत कर अपना प्रतिभा को बेहतर किया है और कई तरह की राजकीय प्रतियोगिताओं में भी शानदार प्रदर्शन कर गढ़वा का नाम रोशन किया है। वहीं पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से जवानों को और पुलिस के पदाधिकारियों का मनोबल बढ़ता है। उनका शारीरिक और मानसिक विकास होता है। इस अवसर पर पलामू उपायुक्त के अलावा मुख्यालय डीएसपी संतोष कुमार, एसडीपीओ अवध कुमार यादव, मेजर ओम प्रकाश दास, गढ़वा इंस्पेक्टर चंदन कुमार सहित विभिन्न पुलिस के पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं मंच का संचालन पुलिस मेंस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष धीरू कुमार कर रहे थे।







## विभिन्न खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

15 किलोमीटर मेंस रेस में लातेहार के सुधीर कुमार पांडे को प्रथम, गढ़वा के अरुण कुमार सिंह को द्वितीय एवं गढ़वा के विजय राम को तृतीय स्थान मिला। 10 किलोमीटर की दौड़ में लातेहार के सुधीर कुमार पांडे को प्रथम, गढ़वा के अरुण कुमार सिंह को द्वितीय एवं गढ़वा के जुबेल तिर्की को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। रिले दौड़ में पलामू को प्रथम, गढ़वा को द्वितीय एवं लातेहार को तृतीय स्थान मिला। वहीं ऊंची कूद में अशोक कुजुर को प्रथम, अमित कुमार को द्वितीय एवं अरुण कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। लंबी कूद में अशोक कुजुर को प्रथम, प्रवीण कुमार को द्वितीय, फुलेश्वर लकड़ा को तृतीय पुरस्कार दिया गया। वहीं हॉकी में पलामू विजेता एवं लातेहार उपविजेता रहा। फुटबॉल मैच में गढ़वा विजेता रहा। हैंड बॉल में लातेहार विजेता एवं गढ़वा उपविजेता रहा। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में लातेहार विजेता एवं गढ़वा उपविजेता रहा। कबड्डी प्रतियोगिता में गढ़वा विजेता व पलामू उपविजेता रहा।

# झुमरी गांव में ग्रामीणों को भीषण पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा

## 14वें वित्त आयोग के तहत लगाये गये जलमीनार भी एक वर्ष से खराब

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर**

नगर-प्रखंड के भोजपुर पंचायत अंतर्गत झुमरी ग्राम में इन दिनों ग्रामीणों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। गांव में लगे कई चापाकल खराब हैं। वहीं ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिये विद्यालय परिसर में पंचायत द्वारा 14वें वित्त आयोग की राशि से लगाये गये जलमीनार भी एक वर्ष से खराब है। प्रत्येक वर्ष गर्मी के दिनों में पेयजल संकट उतपन्न होता है, लेकिन इस समस्या के स्थायी समाधान के लिये स्वच्छता पेयजल विभाग या पंचायत स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार बोर कम होने के कारण भी पेयजल संकट होता है।



### क्या कहते हैं ग्रामीण

ग्रामीण रमेश विश्वकर्मा ने बताया कि विद्यालय परिसर में लगा जलमीनार विगत एक वर्ष से खराब है। जलमीनार के निकट स्थित चापाकल ठीक है। इसी से विद्यालय आने वाले बच्चे व ग्रामीण पानी पीते हैं। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं की ओर किसी भी प्रतिनिधियों का ध्यान नहीं है। ग्रामीण उखमजी यादव के घर के निकट स्थित जलमीनार के बोर में पानी नहीं है। यादव ने बताया कि उन्होंने विधायक से कहकर अपने घर के निकट जलमीनार लगवाया था, लेकिन बोर कम होने के कारण उसमें पानी नहीं है। उन्होंने कहा कि पानी को लेकर काफी परेशानी है। संतोष यादव के घर के निकट लगा चापाकल खराब है, जिसके कारण आसपास के लोगों को पेयजल के लिये काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में कई चापाकल खराब हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बबलू यादव, विनोद यादव, लोचन यादव, नथुनी यादव के घर के निकट स्थित चापानल भी खराब हैं, जिसके कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिये काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

स्वच्छता पेयजल विभाग के कनीय अभियंता भरत प्रसाद ने इस संबंध में पूछने पर कहा कि चापाकल खराब होने की जानकारी नही थी। आपसे जानकारी मिली है। अब खराब चापाकल को देखकर मरम्मत करा दिया जायेगी।

## फैजान के मकान पर इश्तेहार चिपकाया

विशुनपुरा। बरियातु पुलिस ने चिटफंड के मामले में छह वर्षो से फरार चल रहा विशुनपुरा निवासी फैजान अंसारी पिता उष्मान अंसारी के मकान पर इश्तेहार चिपकाया है। पुलिस की गिरफ्त से छह वर्षो से फरार आरोपी फैजान अंसारी पर लाखों रुपये की ठगी का मामला दर्ज है। सब इंस्पेक्टर हसनैन अंसारी ने बताया कि बरियातु थाने अभियुक्त फैजान अंसारी के ऊपर मामला दर्ज है। उन्होंने बताया कि फैजान अंसारी ने अपने सहयोगी शहाबुदीन अंसारी, नजरुल मिया, हशीना बीबी के साथ मिल कर चिटफंड आयाम मल्टी ट्रेड कम्पनी के नाम पर लोगो से 3 वर्षो में पैसे को दोगुना कर देने के नाम पर पैसा जमा करवाता था। उन्होंने बताया कि कंपनी के नाम पर असहाय गरीब लोगों से लगभग 70 लाख रुपये की ठगी कर फरार है।

# दो पक्षों में हुई मारपीट

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

खरौंधी मोड़ के समीप एक मकान में संचालित नेटवर्किंग कंपनी सेव शॉप से जुड़ी महिलाओं और कंपनी के पूर्व कर्मचारी के साथ मारपीट की घटना घटी। बवाल बढ़ता देख सूचना पर पुलिस बल के साथ पहुंचे थाना के एसआई सहदेव कुमार साह व आरपी इंदवार ने दोनों पक्षों को थाना लाया, जहां दोनों पक्षो में बातचीत का दौर जारी था।

घटना को लेकर नेटवर्किंग कम्पनी सेव शॉप के पूर्व कर्मी आजाद मंसूरी ने बताया कि दो वर्ष पूर्व मैं इस नेटवर्किंग कंपनी से जोड़ने के लिए करीब आधा दर्जन से अधिक महिलाओं को प्रेरित किया था। उस समय सभी महिलाओं ने कंपनी के प्रोडक्ट खरीद कर कंपनी का सदस्य बनने हेतु कुल 24600 सौ रुपये



कंपनी के वर्तमान हेड पवन कुमार को दिया था, लेकिन किसी करणवश उक्त सभी महिलाओं ने नेटवर्किंग कंपनी में जुड़ने से इंकार करते हुए अपना पैसा वापस करने की मांग करने लगी। जब मैं आज कंपनी की बैठक में पहुंच कर पवन से पैसे की मांग की तो उन्होंने पैसा वापस करने से इंकार करते हुए महिलाओं के साथ मिलकर मेरे साथ मारपीट की। वहीं महिलाओं ने कहा कि आजाद मंसूरी कुछ महिलाओं के साथ छेड़खानी भी किया, जिस पर उसके साथ मारपीट की घटना घटी।

## आस्था — कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने दिया सहयोग का भरोसा

# जयनगरा में सूर्य मंदिर का भूमि पूजन

**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**

प्रखंड क्षेत्र के खरौंधा पंचायत अंतर्गत जयनगरा गांव में कोयल नदी के किनारे सूर्य मंदिर निर्माण को लेकर शुक्रवार की सुबह पुरोहित पंडित अरविंद पांडेय द्वारा भूमि पूजन किया गया। सूर्य मंदिर निर्माण समिति जयनगरा के उपाध्यक्ष रवि रंजन मेहता उप मुखिया ने यह जानकारी दी।

इस मौके पर वरीय भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, धनंजय तिवारी, विनोद ओझा, मुखिया ललित बैठा, कांडी उत्तरी सीट की जिला परिषद सदस्य सुषमा कुमारी के प्रतिनिधि दिनेश कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडेय ने मंदिर निर्माण के लिए अपना अंशदान समर्पित करते हुए कहा कि पलामू लोकसभा सीट से सांसद



विष्णु दयाल राम भी मंदिर निर्माण में यथोचित सहयोग करेंगे। जबकि कांडी उत्तरी क्षेत्र से जिला परिषद सदस्य सुषमा कुमारी के प्रतिनिधि दिनेश कुमार ने कहा कि सूर्य मंदिर के सामने कोयल तट पर वे छठ घाट का निर्माण कराएंगे। मालूम हो कि सूर्य मंदिर निर्माण के लिए रामप्रवेश मेहता एवं उनके भाई बैजनाथ मेहता ने तीन कट्ठा भूमि दान दी है। इसी पवित्र भूमि में सूर्य मंदिर का निर्माण कराया जाएगा।

इस मौके पर सूर्य मंदिर के निर्विघ्न निर्माण के लिए सूर्य मंदिर निर्माण समिति जयनगरा का गठन किया गया है। इसके सभी सदस्य एवं काफी संख्या में ग्रामीण भूमि पूजन के मौके पर उपस्थित थे। इनमें शशिभूषण मेहता अध्यक्ष एवं उप मुखिया रवि रंजन मेहता उपाध्यक्ष, परीखा पासवान सचिव, राज कुमार मेहता उप सचिव, ब्रजेंद्र कुमार समिति के कोषाध्यक्ष एवं आलोक कुमार मेहता उप कोषाध्यक्ष भी उपस्थित थे। वहीं मंदिर निर्माण निगरानी समिति के सदस्य दिलीप मेहता दुकानदार, महेश मेहता, वरुण कुमार, जय प्रकाश मेहता, बजरंगी मेहता, जय शंकर मेहता, आनंदी मेहता, विनय मेहता, अरविंद मेहता, देवेंद्र मेहता, नंदलाल मेहता एवं छठ पूजा समिति के सभी सदस्य भी उपस्थित थे।

## हाई स्कूल रमना के प्रथम लिपिक नहीं रहे

**रमना।** राजकीय कृत उच्च विद्यालय रमना के सेवानिवृत्त लिपिक सीताराम साह का गत रात निधन हो गया। कर्णपुरा ग्राम निवासी सीताराम साह उक्त विद्यालय के प्रारंभिक लिपिक थे। गणित विषय के अच्छे जानकार थे, लिपिक के काम के साथ-साथ बच्चों को गणित भी पढ़ाते थे। 1982 में जब विद्यालय का सरकारीकरण हुआ तो वे लिपिक के पद पर नियुक्त हुए और 2013 में सेवानिवृत्त हुए थे। लिपिक होते हुए भी गुरुजी के नाम से इलाके में प्रसिद्ध थे। गत रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें गढ़वा अस्पताल ले जाया गया पर अस्पताल पहुंचते ही वह चल बसे। शुक्रवार को अमहर बांकी नदी मुक्ति धाम पर अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य अजय सेठ, पूर्व प्राचार्य रामजी प्रसाद सिंह, सेवा निवृत्त शिक्षक नागेश्वर पांडेय, बालरुप राम, नंदू राम, मुखिया अजीत कुमार पांडेय, बीडीसी प्रमोद गुप्ता आदि ने शोक व्यक्त किया।

# विकास योजनाओं का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

झारखंड राज्य अनुसमर्थन दल ने गुरुवार को मेराल प्रखंड के करकोमा पंचायत में मनरेगा से संचालित विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। अनुसमर्थन दल ने मनरेगा से आम बागवानी, सिंचाई कूप निर्माण, पशु शेड, बकरी शेड इत्यादि का निरीक्षण किया। अनु समर्थन दल में शामिल झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के अवर सचिव अरुण कुमार सिन्हा से पूछे जाने पर बताया कि तीन सदस्यीय टीम इस संबंध में जांच रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजेगी।

अनु समर्थन दल में ग्रामीण विकास विभाग प्रशाखा पदाधिकारी विनय कुमार मनरेगा सहायक मोहम्मद असरारुल हक के नाम शामिल हैं। उन्होंने कहा मनरेगा योजनाओं में गाइडलाइन के तहत ही काम करना है। लाभुकों ने आम बागवानी में



सिंचाई के लिए पानी की समस्या को लेकर अवगत कराया तो उन्होंने इस समस्या के समाधान के लिए सिंचाई कूप निर्माण बीडीओ को स्वीकृत करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि निरीक्षण के क्रम में कूप निर्माण में मानक के अनुसार काम हो रहा है। उन्होंने विकास योजनाओं के कार्य को लेकर प्रखंड कर्मियों की प्रशंसा भी की। इससे पहले अनु समर्थन दल को प्रखंड कार्यालय में पहुंचने पर जेएसएलपीएस के दीदियों ने माथे पर तिलक व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर डीआरडीए से विकास कुमार, परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार, बीपीओ फिरोज अंसारी, सहायक अभियंता देवनाथ गौतम, कनीय अभियंता धर्मेंद्र मिश्रा, नंदकिशोर प्रसाद, आनंद कृष्णा, मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी, पंचायत सचिव राजेंद्र राम, एजीएम सतीश सिंह, रोजगार सेवक मनदीप सिंह, काजू तिवारी, पंकज तिवारी, शेषमणि तिवारी, लखपति चौधरी, विनोद तिवारी, वार्ड प्रतिनिधि नाजिम अंसारी, राधेश्याम यादव, स्वयंसेवक जसवंत कुमार, प्रवेश कुमार, राजकुमार राम, वाचस्पती तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# ट्रैक्टर का डाला पलटने से चार महिलाएं घायल

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य सड़क पर अमझरिया पिकेट के समीप शुक्रवार को एक चलती ट्रैक्टर का डाला पलटने से उसमें सवार चार महिलाएं घायल हो गई। दुर्घटना में महबी उरांव पति बिगना उरांव, रुपन उरांव पति बन्दे उरांव, तेतरी उरांव पति मेधा उरांव और सतेन उरांव पति चंदर उरांव सभी लावागाईं कुडू घायल हो गई। घायलों के अनुसार उपरोक्त सभी महिलाएं अपने गांव लावागाईं कुडू से एक ट्रैक्टर के डाला में सवार होकर चितरपुर घर की लिपाई पुताई के लिए मिट्टी लेने जा रही थीं। अमझरिया पुलिस पिकेट के समीप तिखे मोड़ पर ड्राइवर ने ट्रैक्टर से अपना संतुलन खो दिया, जिससे ट्रैक्टर का डाला पलट गया और उसमें सवार सभी चार महिलाएं घायल हो गईं। सभी घायलों को सीएचसी चंदवा लाया गया। एक महिला के सिर पर गंभीर चोट है।

### वाहन दुर्घटनाग्रस्त बाल-बाल बचे लोग

**महुआडांड़।** रांची रोड एसएच 9 पथ पर सोहर पंचायत अंतर्गत चापीपाठ घाटी से नीचे पूल के समीप शुक्रवार दोपहर लगभग 3:30 बजे नेतरहाट की तरफ जाता एक वाहन मोड़ काटने के दौरान अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा घुसा। हालांकि दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

### प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने दिए निर्देश

# प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को प्रोटीन युक्त भोजन सुनिश्चित करें

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के सफल संचालन/अनुश्रवण से संबंधित जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। इसमें मुख्य रूप से विद्यालयों में मध्याह्न भोजन वितरण, विद्यालय में खाद्यान्न की प्रत्येक माह की ससमय उपलब्धता, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनांतर्गत विद्यालयों में पोषण वाटिका (किचन गार्डेन) की स्थापना, विद्यालयों में कार्यरत रसोईया सहित अन्य विषयों की जानकारी लेते हुए बिंदुवार समीक्षा कर दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक में उपायुक्त ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याहन भोजन) योजना की समीक्षा करते हुए जिले का अच्छादन दर बढ़ाने के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर लगातार अनुश्रवण/पर्यवेक्षण कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया कि




प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को प्रोटीन युक्त भोजन मिले यह सुनिश्चित करें। शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने के लिए पदाधिकारीयों को स्कूलों में जाकर सतत मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही उपायुक्त ने शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिए। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत बच्चो को ससमय राशन एवं योग्य बच्चों को ससमय छात्रवृत्ति मिले यह सुनिश्चित करें। समय-समय पर स्कूलों में एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने की बात कही।

उपायुक्त ने पोषण वाटिका की समीक्षा करते हुए जेएसएलपीएस के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यालय में फलदार पौधा लगाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने कहा कि सभी स्कूलों में नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में मध्याह्न भोजन का संचालन किया जाए एवं मध्याह्न भोजन में जो खाद्य सामग्री छात्र-छात्राओं को दी जाती है उसका निरंतर निरीक्षण संबंधित पदाधिकारी द्वारा किया जाए। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सरकार की ओर से विद्यालय स्तर पर चलाई जा रही सारी योजनाओं का लाभ छात्र-छात्राओं को मिले, इसके लिए शिक्षा विभाग के सभी कर्मी सजगता के साथ काम करें। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### ऑनलाइन ठगी में युवक गया जेल

**चंदवा।** ऑनलाइन ठगी मामले में चंदवा ने एक साइबर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वर्ष 2017 में चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत चकला के रहने वाले मो. अमान अंसारी के साथ मोबाइल सिम का लक्की विजेता होने का झांसा देकर 26,000 रुपये की ठगी की गई थी। इस मामले में चंदवा थाने मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में अभियुक्त प्रदीप कुमार पिता गौतम शाह ग्राम महादेवा जिला सिवान (बिहार) के विरुद्ध न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट निर्गत था जिसे सिवान से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### पांच सहायक अध्यापक इधर से उधर किए गए

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में पदस्थापित पांच सहायक अध्यापकों को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने नए विद्यालय में प्रतिनियुक्ति किया है। इसमें जय शंकर प्रसाद वर्मा को मध्य विद्यालय मंधैनिया से हटाकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय तिलरा, रिंकू कुमारी को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सिंघरवा से मध्य विद्यालय परोरिया, चांसी तिवारी को उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रतापुर से उत्क्रमित मध्य विद्यालय पेटादरी, विजय कुमार रवि को उत्क्रमित मध्य विद्यालय सेवाल से उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चौथा एवं नरेश कुमार सिंह को उत्क्रमित मध्य विद्यालय दिगही से नवसृजित प्राथमिक विद्यालय भुइयां टोली एकतारा में प्रतिनियुक्ति किया गया है।

### महिला ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के ग्राम साले में महिला विरतिलिया बेक पति स्व. कारलुस बेक ने चर्च के बगल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में चर्च के बड़े फादर जार्ज तिग्गा ने बताया कि महिला वर्ष 2015 से पारिष में खाना बनाने का काम करती थी। वह अपनी बेटी की पढ़ाई के लिए काम करती थी। पिछले कुछ महीनों से महिला का मानसिक संतुलन बिगड़ गया था। महिला दो दिनों से लापता थी।

### जलापूर्ति योजना का सच : महुआडांड़ में अनेक गांव आज भी झरना व चुआड़ी पर हैं निर्भर

# 'एक आंख में काजल, एक आंख में सुरमा'

**सहजाद आलम। महुआडांड़**

योजना की लागत 44 करोड़ रुपये, 2018-19 में हुआ था प्रारंभ, सभी घरों से कनेक्शन के नाम पर लिए गए थे 100-100 रुपये, लेकिन अभी तक कई घरों में कनेक्शन नहीं पहुंचा है। वहीं जिन घरों में कनेक्शन पहुंचा उनमें से भी कई घरों में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। आखिर इस योजना पर कब तक लगा रहेगा ग्रहण? कब तक इस योजना का पूर्ण रूप से लाभ उठा पाएंगे ग्रामीण? किसी योजना को इस तरह से धरातल पर उतारना क्या होना संवेदक व विभाग की कार्यशैली पर सवालिया निशान नहीं लगााता है?







### सात पंचायत के 38 ग्रामों को पानी सप्लाई की योजना

महुआडांड़ में 44 करोड़ रुपये की लागत से बूढ़ा नदी में वर्ष 2018-19 में लोध ग्रामीण जलापूर्ति योजना की नींव रखी गई, लक्ष्य था, प्रखंड के अंतर्गत सात पंचायत के 38 गांवों तक जलापूर्ती करना, लेकिन आज तक सुचारु रूप से जलापूर्ति प्रारंभ नहीं की गई है। या तो इसे संवेदक की लापरवाही कहें या फिर इसे लेकर पीएचडी विभाग गंभीर नजर नहीं आता है। उदाहरण के रूप में मुख्य बाजार से सटा हुआ ग्राम दीपाटोली को ही लें, तो यहां आधा अधूरा कनेक्शन किया गया है। दिलचस्प बात यह है कि आधा दीपाटोली में पानी की सप्लाई मिल रही है और आधा गांव प्यासा है। ऐसे में कहास जा सकता है कि 'एक आंख में काजल और एक आंख में सुरमा' वाली कहावथ को यह योजना चरितार्थ कर रही है। ऐसी स्थिति में ग्रामीण अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। बूढ़ा नदी में एक इनटेकवेल बनाया गया है। यहां से पानी मिरगी गांव में बने 5.10 एमएलडी के क्षमता वाले वाटरट्रीटमेंट प्लांट (जल संशोधन केंद्र) तक आएगा। फिर फिल्ट्रेशन ( स्वच्छ ) हो पानी मेढ़ारी गांव में 5.84 लाख लीटर, मेराम 4.05 लाख एवं महुआडांड में 3.9 लाख लीटर का जलमीनार तक जाएगा। वहीं महुआडांड़ स्थित सम्प निर्माण का हुआ है। इसमें तीन लाख लीटर फिल्टर्ड पानी जलापूर्ति के लिए रिजर्व होगा।

### 7000 घरों को होगा लाभ

इस योजना के पूर्ण रूप से चालू होने पर पंचायत चटकपुर अक्सी, चैनपुर, अम्बाटोली, महुआडांड़ रेंगाई, चंपा के लगभग 7000 घर पानी की समस्या से निजात पायेंगे, लेकिन लोध जलपूर्ति योजना पूर्ण होकर भी शोभा की वस्तु बनी हुई है, जबकि विभाग द्वारा टेस्टिंग की गई है। अनेक ट्रायल हुए हैं लेकिन अभी तक पानी की सप्लाई सुचारु रूप से प्रारंभ नहीं हो सकी है। इससे पूर्व लातेहार जिला के पूर्व उपायुक्त अबु इमरान ने इस जलापूर्ति योजना का खुद निरीक्षण कर संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता को जल्द से जल्द सुचारु रूप से जलापूर्ति करने का निर्देश दिया था लेकिन आज तक उस निर्देश को लेकर संवेदक या विभाग के पदाधिकारी गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। इसके कारण इस योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है।

### क्या कहते हैं ग्रामीण

महुआडांड़ पूर्व पंचायत समिति सदस्य राम जयसवाल, जो डीपाटोली ग्राम के रहनेवाले हैं, कहते हैं कि ग्रामीणों ने 100-100 रुपये देकर पानी सप्लाई का कनेक्शन लिया है। कनेक्शन के नाम पर पाइप तो घरों तक पहुंचाया गया है, लेकिन पानी का इंतजार खत्म नहीं हुआ है। शायद ऐसा प्रतीत होता है कि योजना पर कार्य ही घटिया तरीके से हुआ है। इसलिए पानी की सप्लाई आज तक सुचारु रूप से शुरू नहीं हो पाई है। आधे गांव में पानी की सप्लाई हो रही है और आधे में नहीं। वहीं ग्रामीण शहंशाह खान, शबीब खान उर्फ भोलू, मोहम्मद इरफान, खुर्शीद आलम, आरिफ आलम, इल्यास अहमद, शहजाद आलम, इरशाद आलम, बीगन प्रसाद, उमेश प्रसाद, मुराद अली, शाहिद कमाल, इकबाल अहमद, मोहम्मद रिज्वी, नय्यर खान समेत अन्य ग्रामीणों का कहना है कि दीपाटोली ग्राम के कई घरों तक पाइप बिछाया गया है। वहीं अभी तक कई घरों तक पाइप भी नहीं बिछाया गया है। पाइप भी शोभा की वस्तु बनकर रह गया है, क्योंकि अभी तक कई घरों के लोगों को इससे एक बूंद पानी भी मयस्सर नहीं हुआ है। सभी ग्रामीणों की मांग है कि जल्द से जल्द घरों तक कनेक्शन पहुंचा कर और जहां पाइप का कनेक्शन किया गया है वहां पानी की सप्लाई सुचारु रूप से प्रारंभ की जाए।

### जिप उपाध्यक्ष ने ग्रेनाइट प्रतिष्ठान का किया उदघाटन



**चतरा।** जिला मुख्यालय के बाइपास रोड स्थित लिबदा मोड़ के निकट शुक्रवार को रिशु राज ग्रेनाइट संस्थान का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी ने किया। संस्थान के संचालक ने कहा कि यहां टाइल्स, मार्बल, ग्रेनाइट, सेनेटरी व घर निर्माण के लिए जरूरी सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध है। मौके पर डीएसपी मुख्यालय केदार नाथ राम, पूर्व एमएलए योगेंद्र बैठा, समाजसेवी पंकज दुबे, मोहन यादव, पंकज यादव, संजीत कुमार कुशवाहा, रामविलास सिंह, तिलेश्वर पासवान, अरुण दांगी, प्रमोद दांगी, मुकेश शाह, चांदो साव, मुन्ना कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### कलश यात्रा निकाली

**महुआडांड़।** यादव समाज की ओर से शुक्रवार को वीर अहीर शहीदों के सम्मान में कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा शहीद चौक से आरंभ होकर दुर्गा बाड़ी होते शास्त्री चौक पहुंची। यहां लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद बिरसा चौक पहुंची। यहां बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण हुआ।

# मुखिया ने किया पीकेआर स्कूल का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**

प्रखंड की मटलोंग पंचायत में पीकेआर पब्लिक स्कूल का शुक्रवार को मुखिया माया रानी देवी उद्घाटन किया। इस मौके पर मुखिया ने कहा कि बहुत ही खुशी की बात है कि हमारी पंचायत क्षेत्र में इंग्लिश मीडियम स्कूल खुला है। वहीं पीकेआर पब्लिक स्कूल व्यवस्थापक रघुनंदन प्रसाद यादव एवं संचालक हिमांशु रंजन ने कहा कि इस विद्यालय में नर्सरी से 4 क्लास तक इंग्लिश मीडियम की पढ़ाई होगी और जो विद्यार्थी अनाथ हैं उनको निशुल्क पढ़ने की सुविधा मिलेगी। मौके पर गंगा प्रसाद यादव, मुखिया पति ज्ञान सिंह, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



### आजीविका न्याय सलाह केंद्र का हुआ उद्घाटन

**महुआडांड़।** शुक्रवार को महुआडांड़ आजीविका महिला संकुल संगठन में आजीविका न्याय सलाह केंद्र का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सुरीन, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, बीपीएम तेजू कुमार, बीपीओ सुजीत कुमार ने किया। यहां विभिन्न वर्गों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# समारोहपूर्वक मनाई गई भामाशाह की जयंती, प्रतिमा का लोकार्पण

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा चतरा के तत्वाधान में जिला मुख्यालय स्थित साहू धर्मशाला लिपदा में दानवीर भमाशाह की जयंती शुक्रवार को समारोहपूर्वक मनाई गई।

इससे पूर्व पेट्रोल पंप से भामाशाह के प्रतिमा के साथ नगर भ्रमण करते हुए अखिल भारतीय तैलिक साहू समाज के हजारों महिला और पुरुषों धर्मशालास पहुंचे, जहां भामाशाह की मूर्ति के अनावरण के साथ दीप प्रज्वलन एवं स्वर्गीय शंकर साहू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महासभा के जिलाध्यक्ष लाल साहू के स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम का विषय



प्रवेश किया गया। समारोह में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने समाज में एक कोष विकसित करने की सलाह देते हुए कहा की समाज में व्याप्त कुरीतियों से लड़ने के लिए शिक्षित होने की आवश्यकता है। वहीं पूर्व राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष रिपुसूदन साहू ने अपनी वोट की महत्व को समझने पर बल दिया। इसके अलावे पूर्व कृषि मंत्री जोगेंद्र साहू, झारखंड तैलिक साहू समाज के अध्यक्ष अरुण साहू, बिंदेश्वर साहू, बनवारी साहू, देव नंदन साहू, भोली साहू आदि ने भी अपने विचार रखे। समारोह में भारी संख्या में समाज के महिला पुरुषों शामिल थे।

# विधायक ने किया जलसा कार्यक्रम का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**

प्रखंड क्षेत्र के भटकों में जलसा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह लोगों ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि हर धर्म का सम्मान होना चाहिए। मौके पर उपस्थित सुरेंद्र पासवान ने कहा कि हमें सतर्क रहने की जरूरत है। मौके पर सुरेन्द्र भारती, बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, विधायक प्रतिनिधि दरोगी यादव, मिथलेश पासवान, ओमप्रकाश यादव, गुलाम हुसैन, अख्तर अंसारी, तस्लीम अंसारी, अरुण सिंह, संजय सिंह, वृंद बिहारी यादव, लालू यादव, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### आश्वासन | नगर पंचायत कार्यालय में हुई बोर्ड की बैठक में लिए गए कई निर्णय

# हरा कार्डधारियों को दस दिन में मिलेगा राशन

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

नगर पंचायत कार्यालय में शुक्रवार को बोर्ड की बैठक आयोजित हुई। इसमें विभिन्न निर्णय लिए गए। इस संबंध में नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा ने बताया के कचारा उठाने वाली एमएलबीसीपीएल कंपनी को यूजर चार्ज छह माह तक नहीं लेने का निर्देश दिया गया। साथ ही डंप करने ले जाने के पूर्व कचरा का वजन कराना अनिवार्य किया गया। वहीं खराब पड़े सोलर जलमीनार की मरम्मत अविलंब कराने का निर्देश दिया गया है। मृत मवेशियों को डिस्पोजल करने के लिए जगह चिन्हित करने, लावारिस कुतों का वैक्सीनेशन कराने का निर्देश दिया गया। हरा कार्ड धारियों को पिछले छह माह से राशन नहीं मिल पा रहा है। इसके लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी से बात कर जल्द ही राशन उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने दस दिन में हरा कार्डधारियों को राशन उपलब्ध कराने का भरोसा दिया है। स्वामी विवेका नंद पार्क मे स्टैच्यू लगाने पर सहमति बनी। जल्द ही इसे मूर्त रूप देने की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। उपाध्यक्ष सिन्हा ने बताया कि सभी वार्ड पार्षदों समेत अध्यक्ष उपाध्यक्ष का 28 अप्रैल को कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इसके अलोक में चुनाव आयोग का जब तक कोई अग्रिम चुनाव की घोषणा नहीं होती है। तब तक पीठासीन पदाधिकारी बने रहने पर सहमति बोर्ड की बैठक में बनी। मौके पर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कार्यालय पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## गिद्धौर पंचायत समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर (चतरा)**

गिद्धौर प्रखंड सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रमुख व संचालन बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने की। बैठक में विभागवार समीक्षा करते हुए 15वीं वित्त आयोग की योजना के साथ अन्य योजनाओं के योजना स्थल पर सूचना पट्ट लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र तिलैया को जल्द पूर्ण करने की बात कही गई। उपप्रमुख ने गर्मी को देखते हुए प्रखंड मुख्यालय के साथ अन्य चौक चौराहों व प्रखंड कार्यालय के बाहर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने का प्रस्ताव दिया। बैठक से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्टीकरण भी जारी की गई।

प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा ने प्रखंड के सभी मरम्मत के अभाव में बेकार पड़े जल मीनार को दुरुस्त करने का प्रस्ताव दिया। विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी द्वारा सभी योजनाओं में पैसा लेने का भी मामला उठाया गया। प्रखंड मुख्यालय में जमीन उपलब्ध होने के बावजूद कोल्ड स्टोर निर्माण शुरू नहीं होने का भी मामला उठाया। जिस पर जल्द



कार्य प्रारंभ करने का प्रस्ताव पारित किया। वहीं उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय ब्रह्मपुर में सहायक अध्यापक देवा यादव को जल्द योगदान देने का निर्देश दिया गया। बारिसाखी के पंचायत समिति सदस्य प्रियांशु देवी ने डीलरों द्वारा लाभुकों को खाद्यान्न देने में अनियमितता बरते का मामला उठाया। वहीं बैठक में शिक्षा समिति के सदस्य का चयन करने के साथ विभिन्न विभाग के 8 समितियों का गठन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में शाखा प्रबंधक विवेक कुजुर, विनोद कुमार पासवान, वनपाल रूपलाल यादव, डॉ. सत्य प्रकाश, फरहत नाजनी, अंजुम आरा, सीताराम रजक, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# बिना बिजली विभाग ने भेजा बिल

### चतरा के प्रतापपुर प्रखंड में बिजली विभाग का करनामा

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

झारखंड का बिजली विभाग अक्सर अपने कारनामों के चलते सुर्खियों में रहता है। ताजा मामला चतरा जिले के प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत टंडवा गांव के दुमुहान टोला का है। यहां बिजली विभाग द्वारा बिजली पहुंचने से पहले ही तीन दर्जन से अधिक घरों में बिजली का बिल भेज दिया गया है। जो पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया है।



गांव तक बिजली तो दूर ट्रांसफार्मर भी न पहुंच सका है और न सभी घरों तक बिजली के तार जोड़े गए हैं। इसके बाबजूद गांव के लोगों को बिजली विभाग द्वारा बिल भेज दिया गया है। गांव के कुछ खंभों पर बिजली के तार हैं भी तो उसका उपयोग ग्रामीण कपड़े सुखाने में करते हैं। ऐसे में अब जिस गांव को बिजली नसीब तक नहीं हुई अब उस गांव के ग्रामीण अचानक आए बिजली का बिल देखकर हैरान होने के साथ परेशान हो गए हैं। क्योंकि बिजली विभाग की तरफ से उन्हें कहा गया है कि आप जल्द से जल्द बिजली का बिल भरे, नहीं तो आपके खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार उन्होंने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से भी की है। लेकिन अब तक इस मामले की सुध किसी के द्वारा नहीं ली गई है। इस गांव में कनेक्शन धारकों के घर तक भले ही एक दिन भी बिजली नहीं जली हो, लेकिन 2000 से 2500 सौ रुपये तक के बिजली बिल उनके हाथों में थमा दिया गया है। बिना बिजली का यह बिल एक दो नहीं बल्कि गांव के लगभग तीन दर्जन से अधिक परिवार को दिया गया है। विभाग के इस गलत करवाई का गांव के लोगों ने अधिकारियों से पूरे मामले की जांच की मांग की है। इस आधुनिक युग में जहां लोग डिजिटल हो रहे हैं, वहीं चतरा में बिजली विभाग का कारनामा उसकी कार्यशैली पर ही सवाल खड़ा कर रहा है।

# 10 मवेशी जब्त, पांच गिरफ्तार; एक फरार

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
कुडू चंदवा मुख्य पथ एनएच 75 के टीको के समीप कुडू थाना पुलिस ने पशुओं से लदी एक टाटा योद्धा वाहन निबंधन संख्या जेएच 03 एजे - 2503 को जब्त किया गया है। जब्त वाहन में 10 गोवंशीय पशु मिले हैं, जिन्हें तस्करी कर ले जाया जा रहा था। सवार लोगों से पशुओं से संबंधित कागजात की मांग करने पर न तो कोई कागज प्रस्तुत किया गया और न ही संतोषजनक जवाब दिया गया। पुलिस ने पशु लदे वाहन और उसमें बैठे चालक सहीत सभी 5 लोगों को थाना लाया और मामले में कुल 6 लोगों पर संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें इरशाद कुरैशी, पिता आलम कुरैशी, कसाब मुहल्ला थाना मेदिनीनगर जिला पलामू, सबीर कुरैशी पिता जहीर कुरैशी डोरंडा, थाना डोरंडा जिला राँची, शेरू खान पिता मुम्ताज खान शाहपुर थाना चैनपुर जिला पलामू, राजा अली पिता जाफर अली पहाड़ी मुहल्ला, हुसैन नगर थाना मेदिनीनगर जिला पलामू, शाहरुख खान पिता मुतुर्जा खान कुड़ी कमता थाना रेहला जिला पलामू को जेल भेज दिया गया जबकि गढ़वा के ताहिर अंसारी फरार है। फिलहाल पशुओं को ग्रामीणों सौंपने की तैयारी चल रही है।

# शिक्षक के संकल्प ने बदल डाली सरकारी विद्यालय की तस्वीर

**आलोक कुमार साहू। जलडेगा**
अमूमन सरकारी विद्यालय की बात जेहन में आते ही एक बदहाल स्कूल की तस्वीर उभर कर सामने आती है। दरअसल, जलडेगा प्रखंड मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर अवस्थित राजकीय उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बनजोगा प्रखंड में संचालित 112 अन्य विद्यालयों से इसलिए अलग है, क्योंकि इस विद्यालय में न केवल 90 से 100 फीसदी छात्रों की उपस्थिति दर्ज होती है बल्कि बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रधानाध्यापक ने स्थानीय मुंडारी भाषा में एक स्लोगन स्कूल के दीवार पर लिखवाया है- उरी मेरोम गुपी रेयो स्कूल ले सेना, बासी मांडी जोमे रेयो स्कूल ले सेना, कोदे होलोंग जोमे रेयो स्कूल ले सेना मुंडारी भाषा का यह शब्द लोगों को खूब भा रहा है इसका अर्थ होता है बैल बकरी चरायेंगे फिर भी स्कूल जायेंगे, बासी भात खायेंगे फिर भी स्कूल जायेंगे, मडुआ रोटी खाएंगे फिर भी स्कूल जायेंगे।

यहां के बच्चे हरेक दिन प्रार्थना के बाद इस स्लोगन का उच्चारण कर क्लास रूम में जाते हैं और छुट्टी के बाद इस स्लोगन को पढ़ कर ही घर जाते हैं। इसी स्लोगन के कारण प्रधानाध्याक को राज्य स्तर पर सम्मानित भी किया जा चुका है। विद्यालय में कुल 46 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। स्कूल में नामांकित सभी बच्चों का आधार कार्ड व अपना बैंक अकाउंट है। बच्चे व शिक्षक समय पर स्कूल आते हैं। विभागीय निर्देश के आलोक



में मध्याह्न भोजन योजना का संचालन यहां निर्धारित मेन्यू के आधार पर किया जाता है। जलडेगा का यह विद्यालय आज मात्र दो शिक्षक के प्रयास से निजी विद्यालयों को टक्कर दे रहा है। स्कूल में साफ-सफाई के साथ-साथ बेहतर शैक्षणिक माहौल भी है। जो छात्र-छात्राओं को कक्षा की ओर आकर्षित करता है। इधर लीड्स संस्था के सहयोग और लगातार प्रशिक्षण के बाद विद्यालय के प्रबंधन समिति सदस्य जागरूक हुए और शिक्षा के महत्व को समझकर ग्राम सभा के माध्यम से स्कूल में बच्चों की नामांकन, जीरो ड्रॉपआउट और आदर्श विद्यालय को लेकर चर्चा करने लगे हैं।

## बुलंद हौसले के साथ जर्जर भवन में बच्चों को पढ़ा रहे हैं शिक्षक सत्यवान साहु

अगर मन में हो कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो इंसान राई को भी पहाड़ बना सकता है। इस कहावत को चरितार्थ किया है उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्यवान साहु ने। शिक्षक सत्यवान साहु ने मेहनत, लगन, और अपनी जिद्द के कारण एक सरकारी विद्यालय की तस्वीर ही बदल डाली। वर्ष 2001 में योगदान करने वाले साहु को गरीब और पिछड़े हुए लोगों को शिक्षा से जोड़ने और समाज के लिए कुछ करने की प्रेरणा अपने पिता से मिली थी। काफी पुराना




होने के कारण स्कूल की छत गिरने लगी है, दीवारें कमजोर हो गई है, फिर भी साहु जर्जर भवन में बच्चों को पढ़ा रहे हैं। स्कूल के एसएमसी अध्यक्ष नेलन तोपनो और प्रधानाध्यापक सत्यवान साहु ने तत्कालीन उपायुक्त सुशांत गौरव, विधायक बिक्सल कोंगाड़ी, पूर्व शिक्षा मंत्री स्व जगरनाथ महतो, बीआरसी जलडेगा, बीडीओ जलडेगा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भी कई बार लिखित आवेदन देकर जर्जर भवन को मरम्मत करने की गुहार लगा चुके हैं पर हर जगह उन्हें सिर्फ और सिर्फ आश्वासन ही हाथ लगी।

## NEWS इन ब्रीफ

### सिमडेगा मंडल कारा में की गई छापेमारी

**सिमडेगा।** सिमडेगा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में डीसी के निर्देश पर सिमडेगा तारामंडल में देर रात औचक छापेमारी अभियान चलाया गया इस दौरान एसडीओ के अलावा मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए जहां पर अचानक जेल के सभी वार्ड एवं कैदियों के कमरे सहित अन्य जगहों पर बारीकी से छापेमारी अभियान चलाया गया इधर छापेमारी अभियान चलाए जाने के दौरान जेल की विधि व्यवस्था से संबंधित सभी प्रकार की आवश्यक जानकारी ली गई हालांकि छापेमारी के दौरान किसी प्रकार की कोई भी आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुआ। बताया गया कि जेल की विधि व्यवस्था एवं सभी प्रकार की सुविधाओं की जानकारी लेने के लिए यह छापेमारी की गई थी।

### बेटे के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज

**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र के गजनी पंचायत अंतर्गत ग्राडीह गांव निवासी शहिद अंसारी पिता स्व.मोबारक अंसारी ने शुक्रवार को थाना में अपने 19 वर्षीय पुत्र मजीद अंसारी का लापता होने को लेकर सनहा दर्ज कराते हुए खोजबिन करने की गुहार पुलिस प्रशासन से किया है। शहीद अंसारी ने अपने लिखित आवेदन में कहा कि 23 अप्रैल को माजिद अंसारी रांची जाने की बात कह के घर से निकला परंतु शाम तक घर नही लौटने पर दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क करने का प्रयास किया पर नहीं हुआ।

### अनुसमर्थन मिशन की टीम ने योजनाओं का निरीक्षण किया

**कुडू।** राज्य स्तरीय अनुसमर्थन की टीम के सदस्यों ने शुक्रवार 28 अप्रैल को प्रखंड के टाटी एवं कोलसिमरी पंचायत में बने डोभा, सिंचाई कूप, अमृत सरोवर एवं पीएम आवास योजनाओं का निरीक्षण किया। संयुक्त सचिव जितेंद्र कुमार देव के नेतृत्व में पहुंची टीम में प्रशाखा पदाधिकारी मुकेश कुमार और मीडिया सह प्रशिक्षण पदाधिकारी कुमार सौरव शामिल थे। निरीक्षण के दौरान इनके साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार और पंचायत सचिव व रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## पीड़िता की हालत नाजुक, दो गिरफ्तार; आरोपी शादीशुदा

# लोहरदगा में नाबालिग को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
कुडू थाना क्षेत्र के एक गांव में मानवता को शर्मशार करनेवाली घटना सामने आई है। जहां दो शादीशुदा लोगों द्वारा एक 14 वर्षीय नाबालिग स्कूली छात्रा को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। फिलहाल दोनों आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं। पीड़ित नाबालिग की हालत काफी नाजुक बतायी जा रही है। उसे देर रात कुडू सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया, जहां रक्त स्त्राव नहीं रुकने और उसकी स्थिति में कोई सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों ने रिम्स रांची रेफर कर दिया है।

घटना के संबंध में पीड़िता के भाई और परिजनों ने बताया कि गुरुवार की रात उसके चचेरे भाई के यहां शादी थी। घर के सभी लोग शादी समारोह में व्यस्त थे। बालिका भी वही थी। रात्रि लगभग नौ बजे वे घर के पीछे शौच करने गई। तभी दोनो युवकों ने उसे पकड़कर उसका मुंह बांध अगवा कर घर से लगभग लगभग 200 मीटर दूर सुनसान स्थान



पुराना ईंट भट्ठा के नजदीक ले जाकर लगभग दो घंटे तक दुष्कर्म किया। शौच जाने के बहुत देर बाद तक बालिका के घर नहीं लौटने कारण घरवाले बालिका की खोजबीन करने लगे। रात्रि में टॉर्च जलाकर इधर-उधर खोजने लगे। इसी क्रम में पुराना ईंट भट्ठे के समीप बने एक गड्ढे से बालिका के चिल्लाने की आवाज सुन घटनास्थल के पास पहुचे तो दोनों दुष्कर्मी बालिका को छोड़कर भागने लगे। ग्रामीणों ने खदेड़ कर दोनों को पकड़ा। कुडू पुलिस को मोबाइल से इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने पहुचकर दोनों आरोपियों को थाना लाया। आरोपियों की पहचान कुडू थाना क्षेत्र के चेटर निवासी स्व. अजमल खान के पुत्र नसीम खान और कलाम पावरिया के पुत्र मकसूद पवरिया के रूप में हुई है। वहीं नाबालिग को घटनास्थल से काफी गंभीर हालत में कुडू अस्पताल लाया गया। फिलहाल पुलिस ने कांड संख्या 52/23 एवं संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### जेएमएम-कांग्रेस की सरकार में आदिवासी बेटियां असुरक्षित : उरांव

कुड्डु प्रखंड के पंडरा ग्राम चेटर की आदिवासी नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उराँव के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी पीड़ित परिवार से मिले और कहा कि वर्तमान सरकार में असामाजिक तत्व एवं बलात्कारियों में डर भावना खत्म हो चुकी है आज हमारे जिले की बच्ची जिंदगी और मौत के बीच झूल रही का मात्र एक ही कारण है कि वर्तमान सरकार के द्वारा वोट बैंक की राजनीति को देखते हुए गलतियों पर बारंबार पर्दा डालने से ऐसे परिणाम देखने को मिल रहे हैं। जेएमएम और कांग्रेस पार्टी के कथनी और करनी में अंतर है। कहने को यह सरकार तो अपने आप को आदिवासी गरीबों की भला करने वाली बताती है परंतु आज सरकार विशेषकर आदिवासी एवं गरीब जनता को सुरक्षा भी मुहैया नहीं करा पा रही है लगातार बहू बेटियों के साथ बलात्कार हत्या जैसी घटनाएं हो रही हैं।

### लोहरदगा में 5 से 15 मई तक चलेगा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान

**लोहरदगा।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत 5 से 15 मई तक लोहरदगा जिला में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया किया जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त-सह-जिला जल एवं स्वच्छता समिति, लोहरदगा डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा संबंधित विभागों, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी मुखिया और सभी जल सहिया को अभियान को सफल बनाने हेतु विभिन्न निदेश दिये हैं। इसके अंतर्गत स्वच्छता भारत मिशन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत ग्राम स्तरों पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, गोबरधन, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, मलीय कचरा प्रबंधन एवं माहवारी स्वच्छता प्रबंधन का कार्य अभिसरण के आधार पर किया जाना प्रस्तावित है जिसके तहत विभिन्न प्रकार की संरचानाओं का निर्माण किया जाना है। ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के आधार पर गाँव को वन स्टार, थ्री स्टार एवं फाईव स्टार घोषित एवं सत्यापित किये जाने का प्रावधान है। उल्लेखनीय है कि ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन का कार्य पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के साथ मनरेगा-ग्रामीण विकास विभा एवं 15वें वित्त आयोग मद-पंचायती राज विभाग को शामिल किया है। उक्त तीनों विभागों के संयुक्त प्रयास एवं सहभागिता से ही गाँव को ओडीएफ प्लस किया जा सकता है।

# विधायक की पहल पर लगा नया ट्रांसफार्मर



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
शहरी क्षेत्र के सदर अस्पताल और झूलन सिंह चौक के बीच मे स्थित ट्रांसफार्मर गुरुवार की सुबह ही जल गया। ट्रांसफार्मर के खराब होते ही इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा को दी। इसके बाद विधायक भूषण बाड़ा ने अपने जिला प्रतिनिधि संतोष सिंह को ट्रांसफार्मर लगवाने की दिशा में पहल करने का निर्देश दिया। साथ ही विभाग के अधिकारी को भी शाम तक खराब ट्रांसफार्मर के स्थान पर नया ट्रांसफार्मर लगवाने का निर्देश दिया। वहीं अपने जिला प्रतिनिधि संतोष सिंह को भी विभाग भेज कर पल पल की जानकारी लेते रहे। विधायक के निर्देश के बाद विभाग के प्रभारी एसडीओ राम नंदन राम तत्काल अपने कर्मचारियों को भेजकर खराब पड़े ट्रांसफॉर्मर को उतरवाया। साथ ही उसको वापस भेज उनके स्थान पर नया ट्रांसफार्मर भी उपलब्ध कराया। सुबह में खराब हुए ट्रांसफार्मर महज 11 घंटे के अंदर ही शाम तक लगा दिया गया। एसडीओ ने बताया कि फिलहाल ट्रांसफार्मर को चार्ज किया जा रहा है। देर रात ट्रांसफार्मर को चालू कर दिया जाएगा। इससे लोगों ने उमस भरी गर्मी से राहत की सांस ली। विधायक के इस पहल के लिए मुहल्लेवासियों ने विधायक भूषण बाड़ा के आभार जताया। साथ ही उनके प्रतिनिधि सन्तोष सिंह और विभाग के प्रति भी आभार ब्यक्त किया। लोगों ने कहा कि पहली बार महज 11 घंटे के अंदर ही खराब ट्रांसफार्मर के स्थान पर नया ट्रांसफार्मर लगा है, जो सराहनीय है।

# भौंरा के काटने से शिक्षिका सहित 40 विद्यार्थी घायल

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम में संचालित सरकारी मध्य विद्यालय प्रांगण में छुटी के पूर्व प्राथना के दौरान भौंराका आतंक से लगभग 40 छात्र छात्राएं जख्मी हो गए। बता दें कि विद्यालय प्रांगण में विशाल सेमल का पेड़ स्थित है। पर काफी दिनों से भांवरा का बसेरा है। इसको हटवाने को लेकर शिक्षक बिकेश कुमार सिन्हा द्वारा कई वार प्रयास किया गया था, परंतु कोई भी हटाने को तैयार नही हुआ जिससे शिक्षक सहित बच्चों में भय बना रहता था। लेकिन शुक्रवार को विद्यालय प्रांगण में छूती से पूर्व प्राथना के लिए जैसे ही बच्चे बच्चियाँ लाइन लगाकर कतार में खड़ा हुए और राष्ट्रीय गान आरम्भ हुआ कि अचानक भांवरा ने आतंक मचा दिया जिससे प्रधानाध्यापिका आशा सुषमा बाड़ा सहित 40 स्कूली छात्र छात्राएं जख्मी हो गये। और विद्यालय में अफरा तफरी मच गया।

जख्मी बच्चे अपना बैग साइकिल विद्यालय में छोड़ घर भागने लगे जबकि शिक्षिका बुरी तरह जख्मी हो गई जिसे सहायक शिक्षक बिकेश कुमार सिन्हा ने आनन फानन में इलाज हेतु सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों की ओर से प्राथमिक उपचार किए जाने के पश्चात ठीक बताते हुए घर जाने की अनुमति दे दिया।

### लोहरदगा में कोरोना के दो नए संक्रमित मिले

**लोहरदगा।** सदर अस्पताल समेत विभिन्न प्रखंडों में किया गया कोरोना जांच में शुक्रवार को फिर दो नए कोरोना संक्रमित मरीजों की पहचान की गई है। इससे जिले में कुल कोरोना पॉजिटिव मामले बढ़कर 21 हो गए हैं। प्उपरोक्त की पुष्टि करते हुए सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध ने बताया कि, जिले में कोरोना पॉजिटिव मामले बढ़ रहे हैं। लोगों को जागरूक होकर कोरोना गाइडलाइन का अनुपालन करने की जरूरत है। सीएस ने कहा कोरोना को लेकर लोग घबराए नहीं, सदर अस्पताल समेत प्रखंडों के सीएचसी में कोरोना से निबटने के लिए ठोस प्रबंध किया गया है। सदर अस्पताल और चिरी कोविड हॉस्पिटल में पीएसए प्लांट स्थापित कर इसे चालू कर दिया गया है।

# पूर्व मंत्री एक्का को सुप्रीम कोर्ट से मिली बेल पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
झारखंड सरकार में मंत्री रहे एनोस एक्का सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राहत देते हुए बेल दिया है इधर बेल देने की जानकारी मिलने के बाद झारखंड पार्टी के कार्यकताओं के अंदर खुशी का माहौल है। पूर्व मंत्री के बाहर निकलने पर पार्टी के कार्यकताओं ने कहा है कि उनके आगमन से पार्टी में एक नई ऊर्जा का संचार होगा और दुगने उत्साह के साथ झारखंड पार्टी के सभी कार्यकर्ता क्षेत्र के विकास कार्य में लगेंगे।

गौरतलब हो मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस बालासुब्रमण्यम और जस्टिस पंकज मित्तल की बेंच में हुई। जिसमें कोर्ट ने एनोस एक्का को नियमित जमानत दे दी है। सुनवाई के बाद अदालत ने हिरासत अवधि को देखते हुए जमानत अर्जी मंजूर कर ली। एनोस एक्का की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता



सिद्धार्थ दवे ने बहस की। मालूम हो कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दोषी पूर्व मंत्री एनोस एक्का को झारखंड हाईकोर्ट ने जमानत देने से इंकार कर दिया था. जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में जमानत की गुहार लगाई थी।

### नीचे तुरियाडीह में आंगनबाड़ी सेविका बनी सविता भगत

**सेन्हा।** बाल विकास परियोजना के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के नीचे तुरियाडीह में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका का पद खाली था। जिसे देखते हुए विभाग के निर्देश पर चुनाव प्रक्रिया कर जिला को अनुमोदन के लिऐ पूर्व में भेजा गया था। जिला से अनुमोदन के उपरांत उक्त आंगनबाड़ी केन्द्र का सेविका पद हेतु सविता भगत का नाम शुक्रवार को पूर्ण रूप से चयन किया गया। चयनित सेविका सविता भगत को अंचलाधिकारी सह प्रभारी सीडीपीओ विजय कुमार ने शुक्रवार को नियुक्ति पत्र देते हुए कहा की बाल विकास परियोजना कार्यालय प्रखंड पेशरार का दो पंचायत हेसाग एवं तेइमू जो सेन्हा प्रखंड से संचालित होता है।

## पहल | बालभारती , किशोर भारती, कन्या भारती के पदाधिकारी चुने गए

# विद्या मंदिर स्कूल में बाल संसद का गठन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, लोहरदगा में विद्या भारती की योजनानुसार बाल संसद का गठन किया गया। भारतीय संविधान के अनुसार चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देने के उद्देश्य से बाल भारती, किशोर भारती और कन्या भारती के प्रमुख पदाधिकारियों का निर्वाचन पद्धति से भैया बहनों के मतदान की प्रक्रिया द्वारा चयन किया गया।

विजेता प्रतिभागियों के अंतर्गत बालभारती, किशोर भारती के सचिव आशुतोष कुमार पांडेय, सह सचिव आदित्य राज, सेनापति अंश पांडेय, सहसेनापति आशीष कुमार, अनुशासन प्रमुख रवि कुमार गुप्ता एवं अनुशासन सह प्रमुख तेजस प्रतीक भगत विजेता घोषित हुए। कन्या भारती के अंतर्गत सेनापति समृद्धि गुप्ता,सहसेनापति कशिश




कुमारी, अनुशासन प्रमुख मीशू खेस, अनुशासन सह प्रमुख अदिति कुमारी विजेता के रूप में चयनित हुए। चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने में विष्णु दत्त पांडेय, जया मिश्रा, अमरकांत शुक्ला ,राजीव कुमार सिंह, श्याम सुंदर कुमार, मधुमिता शर्मा, अनीता देवी ,मंजू देवी, नीलिमा सिंह, श्वेता संदेश, विकास मेहता, मुकेश कुमार सिन्हा, अक्षरा पालीवाल, प्रमेंद्र सिंह, दिनेश प्रसाद सिंह सहित सभी आचार्य आचार्या एवं मत देने में भैया बहनों का विशेष योगदान रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि-रबाल संसद के चुनाव से भैया बहनों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया एवं चुनाव पद्धति से अवगत होते हैं। भैया बहन मताधिकार, सामाजिक जागरूकता एवं कुशल नेतृत्व का मूल मंत्र सीखते हैं। विद्या भारती की यह योजना भैया बहनों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### कैरो में पशु व्यवसायी हत्याकांड के आरोपियों के घर की कुर्की

**कैरो।** जिले के कैरो थाना क्षेत्र के खरता टोंगरी के समीप नवम्बर 2021 को कुडू थाना क्षेत्र के लापुर गांव निवासी एक पशु व्यापारी को चाकू से मारकर हत्या कर दी गई थी। मामला को लेकर पुलिस लगातर जांच में जुटी रही। घटना मे संलिप्त एक अभियुक्त को मंगलवार को ही जेल भेज दिया गया हैं। वहीं न्यायालय एस डी जे एम लोहरदगा से निर्गत कुर्की जब्ती पत्र के अलोक मे गुरुवार को थाना के पुलिस अवर निरीक्षक ऋषिकांत कुमार शर्मा दलबल के साथ कुडू थाना क्षेत्र के मकांदू गांव निवासी अभियुक्त हबिबुल्ला खाना पिता अफजल खान, महताब खान, आफताब खान दोनों के पिता हबिबुल्ला खान के घर से कुर्की जब्ती कर दरवाजा, खिड़की कुर्सी, टेबल सहित कई सामान को कैरो थाना लाया गया। इन अभियुक्तों के विरुद्ध कैरो थाना कांड संख्या 45/21 धारा 307, 302, 120 बी, 34 भादवी के तहत मामला दर्ज हैं।

# सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के संस्थापक मनमोहन लाल अग्रवाल की प्रतिमा का अनावरण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय मनमोहन लाल अग्रवाल के प्रतिमा का अनावरण शुक्रवार को किया गया। विद्या विकास समिति के उत्तर पूर्वी क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री सह प्रदेश मंत्री राम अवतार नरसरिया स्वर्गीय मनमोहन लाल अग्रवाल की धर्मपत्नी प्रभावती देवी एवं स्व मनोहर लाल अग्रवाल की धर्मपत्नी शीला अग्रवाल ने प्रतिमा का अनावरण किया।

इस अवसर पर स्व मनमोहन लाल अग्रवाल के समस्त परिवार के पुत्र पौत्र पुत्र वधू तथा स्व बृजमोहन लाल अग्रवाल के पुत्र अनिल कुमार अग्रवाल के साथ-साथ उनके परिवार के समस्त जन उपस्थित थे। मौके पर कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। अतिथियों का स्वागत एवं परिचय प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे के द्वारा अंगवस्त्र एवं श्रीफल प्रदान कर



किया गया। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने स्वर्गीय मनमोहन लाल अग्रवाल के जीवन पर वृत्त प्रस्तुत किया गया। प्राची सोनी, आस्था पांडे, पलक कुमारी, आदित्य राज, अमृता कुमारी, त्रिशा जयसवाल तथा उनकी सहेलियों द्वारा स्वागत गीत नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रदेश मंत्री राम अवतार नरसरिया ने कहा मनमोहन बाबू का व्यक्तित्व एवं कृतित्व अनुकरणीय है। मौके पर कृष्ण प्रसाद, अजय प्रसाद, कीनेश्वर महतो, विपिन दास, उत्तम मुखर्जी, अजय पंकज, सुधीर अग्रवाल, अजय मित्तल, अमर कांत शुक्ला गोरखनाथ पांडे, पुष्कर महतो, शिव शंकर सिंह, कमलावती सिंह, सरिता जयसवाल, राजकुमार दीक्षित, उमाकांत लाल, अनिल अग्रवाल, डॉ रोहित कुमार, विनोद राय, चंद्रशेखर लाल अग्रवाल समेत अभिभावक बंधु भगिनी एवं समस्त आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

# एयर इंडिया 1000 से ज्यादा पायलटों की नियुक्ति करेगी



**एजेंसी। नई दिल्ली**
एअर इंडिया ने अपनी फ्लीट और नेटवर्क का विस्तार करने के लिए 1000 से ज्यादा पायलटों को नियुक्त करने के प्लान के घोषणा की है। इनमें कैप्टन और ट्रेनर्स भी शामिल हैं। एययलाइन के पास वर्तमान में 1,800 से ज्यादा पायलट हैं। हाल ही में कंपनी ने अपनी फ्लीट के बढ़ाने के लिए 470 नए विमान खरीदने का ऑर्डर दिया था। एअर इंडिया ने पायलटों को हायर करने के लिए ऐडवर्टाइजमेंट निकाला है। इसमें लिखा है- हम अपने ए320, बी777, बी787 और बी737 फ्लीट में कैप्टन और फर्स्ट ऑफिसर्स के साथ-साथ ट्रेनर्स के लिए जॉब ऑफर कर रहे हैं। इसमें ये भी कहा गया है कि 500 से ज्यादा विमान उसके बेड़े में शामिल हो रहे हैं। एअर इंडिया पायलटों भर्ती ऐसे समय में कर रही है जब एयरलाइन के कर्मचारी बीते दिनों लागू किए गए रिवाइज्ड सैलरी स्ट्रक्चर को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। एअर इंडिया के 1,500 से ज्यादा पायलटों ने इस मामले को लेकर टाटा संस के एमेरिटस चेयरमैन रतन टाटा को पत्र लिखा है और एचआर डिपार्टमेंट की शिकायत की है। एयरलाइन ने बीते दिनों 470 विमानों के लिए एविएशन हिस्ट्री का सबसे बड़ा ऑर्डर दिया था। इस डील में एअर इंडिया को फ्रांस की कंपनी एयरबस से 250 एयरक्राफ्ट और अमेरिकी कंपनी बोइंग से 220 एयरक्राफ्ट मिलेंगे। 31 एयरक्राफ्ट साल के आखिर तक सर्विस में शामिल हो जाएंगे, बाकी विमान 2025 मिड तक आएंगे। एअर इंडिया नए एयरक्राफ्ट को बेड़े में शामिल कर दुनिया के लंबी दूरी के अन्य डेस्टिनेशन्स तक भी अपनी सर्विस को बढ़ाना चाहता है। यहां अभी विदेशी एयरलाइंस का दबदबा है और वो बड़े आराम से मार्केट के इस बड़े हिस्से को कंट्रोल कर रही हैं। एअर इंडिया के इस मार्केट में उतरने से गल्फ कैरियर्स को सीधे-सीधे भारतीय एयरलाइन से टक्कर मिलेगी।

# ब्रिटानिया मैरी गोल्ड माई स्टार्टअप ने सीजन 4.0 लॉन्च किया




**एजेंसी। नई दिल्ली**
ब्रिटानिया मारी गोल्ड माई स्टार्टअप अभियान महिलाओं को उद्यमशील बनने का प्रोत्साहन देने के लिए एक मंच है। इस प्रक्रिया में महिलाएँ नौकरियों की निमार्ता और वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनती हैं। 4 सफल सीजन के संचालन के बाद इस फ्लैगशिप अभियान को इस सीजन में 2 मिलियन से ज्यादा प्रत्याशियों ने रुचि दिखाई है। ब्रिटानिया मारी गोल्ड की टीम ने 80,000 से ज्यादा प्रतिभागियों को व्यवसायिक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वारा प्रशिक्षण दिया है। इस साल चयनित प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रतिष्ठित ज्यूरी सदस्यों के समक्ष रखे, जिनमें रश्मि डागा, सायरी चहल, पिया बहादुर, लथा चंद्रमौली, और रुचिका भुवाल्का जैसी महिला उद्यमी शामिल थीं। इस ज्यूरी में प्रतिष्ठित व्यवसायिक और मीडिया हस्ती जैसे सेंथिल कुमार, अमित बापना, गौरव लगाथे, प्रसाद संगमेश्वरन और देलशाद ईरानी के साथ ब्रिटानिया की नेतृत्व टीम के सदस्य भी शामिल थे। इस प्रतियोगिता की विजेता और झारखंड की रहने वाली 61 वर्षीय कंचन भदानी आदिवासी समुदायों को प्रशिक्षित कर क्रोशेट क्राफ्ट तकनीक द्वारा बाजार के लिए बड़ी संख्या में खिलौने बनाने का विचार रखती हैं। अमित दोशी, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कहा, ₹ब्रिटानिया मारी गोल्ड ने समय के साथ पूरे देश की महिलाओं के साथ एक मजबूत संबंध स्थापित कर लिया है।

# शेयर बाजार में आई तेजी




**एजेंसी। मुंबई**
भारतीय शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार (28 अप्रैल) को तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 463 अंकों की बढ़त के साथ 61,112 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 137 अंकों की तेजी देखने को मिली, यह 18,052 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में तेजी और 8 में गिरावट देखने को मिली। चौथी तिमाही के रिजल्ट के बाद विप्रो और टेक महिंद्रा के शेयरों में आज तेजी देखने को मिली। विप्रो का शेयर 2.75% यानी 10.30 रुपए की तेजी के साथ 384.70 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं टेक महिंद्रा का शेयर 1.90% यानी 19.05 रुपए की तेजी के साथ 1,022.20 के स्तर पर बंद हुआ। दोनों कंपनियों ने एक दिन पहले गुरुवार को चौथी तिमाही के नतीजे घोषित किए थे। इस तिमाही में विप्रो का नेट प्रॉफिट ङ्क 0.4% घटकर 3,075 करोड़ रुपए रहा। वहीं टेक महिंद्रा का प्रॉफिट ङ्क 26% घटकर 1,118 करोड़ रुपए रहा। आज अडाणी ग्रुप के सभी 10 शेयरों में तेजी रही। ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी का अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 3.72% चढ़ा। अडाणी ट्रांसमिशन और अडाणी पावर में 5-5% की तेजी देखने को मिली। अडाणी पोर्ट्स, विल्मर, टोटल गैस, ग्रीन एनर्जी, अंबुजा सीमेंट, अउउ और एनडीटीवी के शेयरों में भी तेजी रही। शेयर बाजार में गुरुवार को बढ़त देखने को मिली थी। सेंसेक्स 348 अंक चढ़कर 60,649 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में 101 अंकों की बढ़त रही और ये 17,915 पर बंद हुआ।

## कोफोर्ज ने राजस्व में 1 अरब डॉलर को पार किया

**नई दिल्ली** वैश्विक आईटी समाधान प्रदाता कोफोर्ज (पूर्व में एनआईआईटी टेक्नॉलोजीस) ने वित्त वर्ष 2023 में राजस्व में 1 अरब डॉलर (8,014 करोड़ रुपये से अधिक) को पार कर लिया, पीएटी को 8,117 मिलियन रुपये (811 करोड़ रुपये) दर्ज किया, जो 22.7 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) था। कंपनी ने इस उपलब्धि के लिए अपने 21,000 से अधिक कर्मचारियों में से प्रत्येक को एक एप्पल आईपैड उपहार देने की भी घोषणा की। मार्च तिमाही (वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही) के लिए राजस्व 264.4 मिलियन डॉलर (2,170 करोड़ रुपये) था, जनवरी-मार्च अवधि के लिए पीएटी 232 करोड़ रुपये था।

# अमेजन में एक बार फिर छंटनी




**एजेंसी। नई दिल्ली**
ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन एक बार फिर छंटनी करने जा रही है। कंपनी अब अपने अमेजन स्टूडियो और प्राइम वीडियो डिवीजन के लगभग 7,000 की वर्कफोर्स में से करीब 100 एम्प्लॉइज को नौकरी से निकालेगी। अमेजन से जुड़े सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। सूत्रों के मुताबिक, अमेजन अपने बिजनेस को स्ट्रीमलाइन यानी री-सेट करने के लिए छंटनी कर रही है। कंपनी ने चैलेंजिंग इकोनॉमिक कंडीशन के बीच कॉस्ट कटिंग करने के लिए यह फैसला लिया है। हाल ही में ड्रॉप बॉक्स (16%), लिफ्ट (26%) और क्लब हाउस (50%) जैसी कंपनियों ने भी छंटनी की है। अमेजन स्टूडियो कल्वर सिटी में बेस्ड कंपनी की फिल्म और टीवी प्रोडक्शन आर्म है। यह कंपनी की स्ट्रीमिंग सर्विसेज प्राइम वीडियो को ऑपरेट करती है। पिछले साल कंपनी ने 8.5 बिलियन डॉलर में टङ्मस्ट्र स्टूडियोज को खरीदने के साथ अपने एंटरटेनमेंट बिजनेस का विस्तार किया है। पिछले महीने मार्च में कंपनी ने सेकंड राउंड की छंटनी में 9,000 एम्प्लॉइज को नौकरी से निकालने की अनाउंसमेंट की थी। तब अमेजन के उएड एंडी जेसी ने कहा था कि कंपनी में ज्यादातर नौकरी में कटौती अहर (अमेजन वेब सर्विसेज), पीपल एक्सपीरियंस एंड टेक्नोलॉजी एडवरटाइजिंग और ट्विच जैसे डिपार्टमेंट्स में होगी।

# रिलायंस ने भारत के लिए फिर लॉन्च किया पेय ब्रांड 'कैंपा'

**एजेंसी। नई दिल्ली**
रिलायंस कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स लिमिटेड (आरपीसीएल) ने आज उड़ान पर अपना प्रतिष्ठित पेय ब्रांड, 'कैम्पा' रेंज उपलब्ध कराने के लिए अखिल-भारतीय वितरण साझेदारी की घोषणा की। उड़ान खुदरा विक्रेताओं और छोटे किराना दुकानों के लिए भारत का सबसे बड़ा ई-बी2बी प्लेटफॉर्म है। शुरूआत में आरसीपीएल के कैम्पा पेय की रेंज 50,000 से अधिक खुदरा विक्रेताओं/ किराना दुकानों पर मिलेगी। इस वितरण को अगले दो महीनों में धीरे-धीरे 1 लाख से अधिक खुदरा विक्रेताओं/ किराना दुकानों तक विस्तारित किया जाएगा। तीन नई कैम्पा फ्लेवर्स - कोला, ऑरेंज, और क्लियर लाइम - उड़ान प्लेटफॉर्म पर लॉन्च की गई हैं और यह अलग-अलग मात्रा तथा कीमतों में उपलब्ध होंगी, जिनमें तत्काल सेवन के लिए 200 एमएल पैक, 500 एमएल का ऑन-द-गो शेयरिंग पैक, और घरेलु खपत के लिए 2,000 एमएल का होम पैक शामिल हैं। उड़ान के हेड-एफएमसीजी बिजनेस, विनय श्रीवास्तव ने कहा, ₹हम इस गर्मी में भारतीय उपभोक्ताओं के लिए 'शानदार भारतीय स्वाद' (द ग्रेट इंडियन टेस्ट) पेश करते हुए उत्साहित महसूस कर रहे हैं। हमारा मानना है कि हमारे बड़ी संख्या में रिटेल विक्रेताओं और किफायती वितरण नेटवर्क के संयोजन से हम सम्पूर्ण भारत में बाजार में 'कैम्पा' रेंज की व्यापक पहुँच के लिए आरसीपीएल की जरूरतें पूरी करने के लिए खास स्थिति में हैं।

# डाबर नेपाल में 9.68 अरब रुपये का अतिरिक्त निवेश करेगा




**एजेंसी। काठमांडू**
भारत की तेजी से बढ़ती उपभोक्ता सामान कंपनी डाबर ने नेपाल में 9.68 अरब रुपये का अतिरिक्त निवेश करने का फैसला किया है। निवेश बोर्ड नेपाल और डाबर नेपाल प्राइवेट लिमिटेड ने निजी निवेश अवधारणा के तहत क्षमता निर्माण और उत्पाद विविधीकरण परियोजनाओं के निर्माण, संचालन और प्रबंधन के लिए गुरुवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। हालांकि निवेश बोर्ड नेपाल ने पिछले साल फरवरी में डाबर द्वारा अतिरिक्त निवेश को मंजूरी दे दी थी, लेकिन समझौता ज्ञापन पर गुरुवार को ही हस्ताक्षर किए गए। इन्वेस्टमेंट बोर्ड नेपाल के सीईओ सुशील भट्ट और डाबर नेपाल के बिजनेस हेड हरकीरत सिंह बेदी ने संबंधित पक्षों की ओर से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षर समारोह के बाद जारी एक प्रेस बयान के अनुसार, नेपाल के उद्योग, वाणिज्य और आपूर्ति मंत्री रमेश रिजाल भी इस अवसर पर उपस्थित थे। भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी ने कोविड महामारी के प्रकोप से पहले नेपाल में अतिरिक्त निवेश करने की मांग की थी, लेकिन नेपाल और भारत में लंबे समय तक कोविड की लहर के कारण इसे लंबित रखा गया था। प्रस्ताव के अनुसार, नेपाल में विभिन्न प्रकार के पेय पदार्थ, सौंदर्य और स्वास्थ्य संबंधी उत्पादों का उत्पादन करने वाली डाबर नेपाल अपनी क्षमता वृद्धि और विविधीकरण को बढ़ाएगी। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद बेदी ने क्षमता वृद्धि और उत्पादों के विविधीकरण के लिए नेपाल में कंपनी की संचित पूंजी का एक हिस्सा निवेश करने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## विदेश

# ताइवान के पास से गुजरे चीन के 38 वॉर प्लेन



**एजेंसी। चीन**
चीन ने फिर से ताइवान को चारों ओर से घेरा है। इसकी जानकारी शुक्रवार को ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने दी। महीने के शुरूआत में की गई 3 दिनों की मिलिट्री ड्रिल के बाद चीन ने गुरुवार को फिर से 6 जंगी जहाजों को ताइवान की निगरानी में लगाया। इसके बाद फाइटर जेट्स से ताइवान आईलैंड को चारों ओर से घेरा। रक्षा मंत्रालय ने चीन की इस हरकत को भड़काऊ बताया है। मिनिस्ट्री ने मैप के जरिए बताया है कि 19 एयरक्राफ्ट तो ताइवान के काफी नजदीक तक आ गए थे।ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने चीन के 9 विमानों की जानकारी दी हैं। जिन्होंने उसे चारों और से घेर लिया था। मंत्रालय ने बताया कि इन विमानों में 5 रूस से लिए गए सुखोई रव- 30 थे, 2 फोर्थ जेनरेशन वाले शेनयांग ख-16 एयरक्राफ्ट, इसके अलावा एक ड्रोन टीवी-001 भी शामिल था। इसमें अमेरिका की कंपनियां हथियारों डिफेंस के सामान को लेकर ताइवान की कंपनियों से चर्चा करेंगी। चीन ने इसे बेहद चिंता की बात कही है। चीन के डिफेंस मंत्रालय के प्रवक्ता टैन केफी ने कहा कि चीन अमेरिका की डिफेंस कंपनियों की इस विजिट को लेकर काफी चिंता में है।चीन ने अमेरिका के मिलिट्री इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स को लेकर कहा कि ये दुनिया में हथियार बेचकर अपने मुनाफे के लिए युद्ध निर्यात करते हैं यानी ये हथियार बेचने के लिए युद्ध करवाते हैं।

## इंडोनेशिया में नाव पलटने से 11 की मौत, 9 लापता

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी प्रांत रियाउ के पास यात्रियों से भरी एक नाव समुद्र में डूब गई। इससे कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और नौ से अधिक लोग लापता हो गए। एक बचावकर्मी ने यह जानकारी दी। स्पीड बोट, एसबी एवलिन कैलिस्का 01, जिले के एक बंदरगाह से प्रस्थान करने के लगभग 30 मिनट बाद प्रांत के इंद्रगिरी हिलिर जिले के पुलाऊ बुरुंग में समुद्र में डूब गई। गुरुवार को प्रांतीय खोज और बचाव कार्यालय के प्रमुख आई न्योमन सिदकार्य ने कहा कि नाव रियाउ द्वीप प्रांत की राजधानी तंजुंग पिनांग में एक बंदरगाह की ओर जा रही थी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ को मिले एक बयान में उन्होंने कहा, मरने वालों की संख्या 11 तक पहुंच गई है और नौ अन्य के लापता होने की पुष्टि हो गई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सिदकार्या ने कहा कि हताहतों की संख्या और लापता लोगों की संख्या बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि संयुक्त बचाव दल ने 58 लोगों को बचाया।

# पाकिस्तान में भी होगी नोटबंदी

## 5000 रुपये के नोट बंद करने की उठी मांग




**एजेंसी। इस्लामाबाद**
पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था रसातल में जा चुकी है, जिस कारण वहां सस्ती चीजों के दाम भी आसमान पर पहुंच चुके हैं। पाकिस्तान में मंहगाई दर मार्च के दौरान बढ़कर 35.4 फीसदी पर पहुंच चुका है। वहीं पाकिस्तान के लोगों की प्रति व्यक्ति आय भी बेहद कम हो चुकी है। दूसरी ओर इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड की ओर से बेलआउट नहीं मिलने से स्थिति और गंभीर हो चुकी है। इस बीच, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए नोटबंदी की मांग की जा रही है। एक अर्थशास्त्री ने कहा है कि आर्थिक संकट से बाहर आने के लिए पाकिस्तान को 5000 रुपये के नोट को बंद कर देना चाहिए। भारत का उदाहरण देते हुए अर्थशास्त्री ने कहा कि यहां नोटबंदी के बाद टैक्स कलेक्शन में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। सोशल मीडिया पर एक प्रोडकॉस्ट वायरल हो रहा है। अर्थशास्त्री अम्मार खान इसके बारे में बोलते हुए कहा कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में 8.5 ट्रिलियन तक कैश की कमी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की इकनॉमी में सबकुछ कैश में हो रहा है। पाकिस्तान में अगर कोई पेट्रोल भी खरीदने जाता है तो वह कैश में पेमेंट कर रहा है, जबकि पेट्रोल का आयात डॉलर में होता है। वहीं कैश में मनी आने अर्थव्यवस्था में कोई टैक्स नहीं जा रहा है। बस यही वह जगह है, जहां पर समस्या पैदा हो रही है। अम्मार खान ने कहा कि जब कैश सिस्टम से बाहर चला जाता है, तो उत्पादक उद्देश्यों के लिए इसका उपयोग नहीं किया जा सकता है। पाकिस्ताान के पास 8 ट्रिलियन से ज्यादा का कैश है। अगर इसमें से कुछ हिस्सा पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में जाती है तो बदलाव होगा और अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। उन्होंने सभी करेंसी में से सिर्फ 5000 रुपये के नोट को अगले 6 महीने में बंद करने की सलाह दी है, ताकि बाकी के नोटों से स्थिति समान्य रहे। बता दें कि पाकिस्तान ने 2019 में 6.5 अरब डॉलर के बेलआउट फंड के लिए हस्ताक्षर किए थे, लेकिन इसमें से कुछ ही फंड को जारी किया गया है और अगली किस्त को लेकर बातचीत चल रही है।

# वेस्ट बैंक में इजरायली सैनिकों ने फिलस्तीनी हमलावर को मार गिराया

**एजेंसी। यरुशलम**
इजरायली सेना ने कहा कि चाकू से हमला करने वाले एक फिलिस्तीनी को गोली मारकर ढेर कर दिया गया है। फिलिस्तीनी शख्स नेवेस्ट बैंक में एक यहूदी बस्ती के पास एक जंक्शन पर लोगों को घेरने का प्रयास किया था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सोशल मीडिया पर प्रसारित निगरानी कैमरे के फुटेज में संदिग्ध को गुरुवार को एरियल की यहूदी बस्ती के बाहर गिताई अविसर जंक्शन पर अपनी कार में आते हुए दिखाया गया है। इसके बाद उसे कार से बाहर निकलते और एक पुलिसकर्मी के पास जाते हुए देखा गया, जिसके बाद सैनिकों ने उसे गोली मार दी। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि संदिग्ध 'पहले सड़क के विपरीत लेन में भटक गया और जंक्शन पर मौजूद नागरिकों और सुरक्षाकर्मियों को टक्कर मारने का प्रयास किया।' ₹बाद में, वह चाकू लेकर अपने वाहन से बाहर निकला और एक पुलिस अधिकारी को चाकू मारने का प्रयास किया।₹ सेना ने पुष्टि की है कि क्षेत्र में मौजूद सैनिकों ने उस पर गोलियां चलाईं। इजरायलियों में से किसी के घायल होने की सूचना नहीं थी। इस बीच, फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने मृतक की पहचान 39 वर्षीय अहमद ताहा के रूप में की, लेकिन इस घटना पर कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी। फिलिस्तीनी सूत्रों ने कहा कि गुरुवार को भी दर्जनों फिलिस्तीनी ऐन अल-बयदा के वेस्ट बैंक गांव में अपनी संपत्तियों पर इजरायली बसने वालों के हमलों के विरोध में एकत्रित हुए। स्थानीय फिलिस्तीनी सूत्रों ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने बसने वालों के खिलाफ नारे लगाए और इजरायली सैनिकों ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। इस साल इजरायल-फिलिस्तीनी हिंसा में वृद्धि के बीच ताजा घटनाएं सामने आई हैं। इस वर्ष की शुरूआत के बाद से, 90 से अधिक फिलिस्तीनी (उग्रवादी और नागरिक) इजरायली सेना द्वारा मारे गए हैं।

## घोषणा

## सूडान में फिर लगा 72 घंटे का सीजफायर

# अब तक 1500 से ज्यादा भारतीयों का रेस्क्यू किया गया



**एजेंसी। खार्तूम**
सूडान में सिविल वॉर के बीच ऑपरेशन कावेरी के तहत भारतीयों को निकाला जा रहा है। इसके चौथे दिन शुक्रवार सुबह 121 भारतीयों के 8वें बैच को आइएएफसी 130ख से जेद्दाह लाया गया। इस बैच में भारतीय ऐंबैसी में काम करने वालों के परिवार के 4 सदस्य भी शामिल थे। इसके बाद क्ठर तरकश पोर्ट सूडान से 326 भारतीयों को लेकर जेद्दाह के लिए रवाना हो गया है। सूडान के वादी सिदना से जेद्दाह पहुंचे भारतीयों से विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने एयरपोर्ट पर मुलाकात की। उन्होंने बताया कि इस बैच को सूडान से निकालना मुश्किल था, क्योंकि ये लोग राजधानी खार्तूम के पास फंसे थे जहां लड़ाई सबसे तेज है।वहीं दूसरी तरफ, कई बार सीजफायर लगने और उसका उल्लंघन होने के बीच सूडान में मिलिट्री और पैरामिलिट्री ने फिर से 72 घंटे के संघर्षविराम की घोषणा की है। सऊदी अरब और अमेरिका की तरफ से लगातार लड़ाई रुकवाने की कोशिशों के बीच ये घोषणा की गई। इससे पहले गुरुवार को पोर्ट सूडान से जेद्दाह पहुंचे 7वें बैच में करीब 135 भारतीयों को रेस्क्यू किया गया। सूडान में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए ऑपरेशन कावेरी चलाया गया है। इस रेस्क्यू ऑपरेशन को नेवी के जहाज क्ठर सुमेधा, तेग, तरकश और भारतीय वायु सेना के उ-130ख एयरक्राफ्ट के जरिए अंजाम दिया जा रहा है। सूडान से पहले बैच में 278 लोगों को रेस्क्यू किया गया था। दूसरे और तीसरे बैच में 121 और 135 लोगों को निकाला गया। चौथे और पांचवें बैच में 136 और 297 लोगों को एयरलिफ्ट किया गया। वहीं गुरुवार सुबह छठे बैच में 128 लोगों को सूडान से जेद्दाह लाया गया। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने गुरुवार को मिशन कावेरी पर जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था कि हमारा मकसद जल्द से जल्द अपने लोगों को सेफ जगह भेजकर उन्हें भारत लाना है। सूडान में हालात बेहद खराब हैं, हम हर भारतीय को वहां से बाहर निकालेंगे। क्वात्रा के मुताबिक वहां 3,500 भारतीय और 1,000 इंडियन ओरिजिन यानी भारतीय मूल के लोग फंसे हुए हैं। उन्हें निकालने की पूरी कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि भारतीयों को लाने के लिए आइएनएस तरकश भी पोर्ट सूडान पहुंच चुका है।

## बुर्किना फासो में हमले में 33 सैनिकों की मौत

**औगाडौगौ।** पूर्वी बुर्किना फासो में एक सैन्य टुकड़ी पर हुए हमले में 33 सैनिकों की मौत हो गई। सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के हवाले से बयान में कहा गया है कि ओगारू की सैन्य टुकड़ी को गुरुवार सुबह एक बड़े हमले का निशाना बनाया गया, इसमें 33 सैनिकों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। बयान में कहा गया कि जवाबी हमले में कम से कम 40 आतंकवादियों को मार गिराया गया। 2015 से, पश्चिम अफ्रीकी देश में जारी संघर्ष में अब तक बड़ी संख्या में लोग मारे गए हैं और हजारों नागरिक विस्थापित हुए हैं।

## यूक्रेन ने 21 रूसी मिसाइलों को मार गिराया

**रूस।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुए 14 महीनों से ज्यादा हो चुके हैं। इस दौरान दोनों देशों के करीब लाखों सैनिकों की जान जा चुकी है। इसी बीच यूक्रेन ने शुक्रवार (28 अप्रैल) को जानकारी दी कि उन्होंने रूस की लगभग 21 मिसाइलों और दो ड्रोन को मार गिराया है। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यूक्रेनी एयर डिफेंस सिस्टम ने 23 रूसी मिसाइलों में से 21 को मार गिराया, जिसमें 2 और ड्रोन भी शामिल हैं। यूक्रेन ने रूस को एक आतंकवादी देश का तमगा देते हुए बताया कि उन्होंने टीयू-95 ड्रोन से बम गिराया था। रूस ने 28 अप्रैल को यूक्रेन पर लगातार हवाई हमले किए, जिसमें यूक्रेन के लगभग 12 लोगों की जान चली गई। रूस ने यूक्रेन की सेंट्रल सिटी उमान की एक इमारत पर हमला किया। इसमें 10 लोगों के अलावा दो बच्चों की भी मौत हो गई. वहीं निप्रॉ शहर पर किए गए हमले में एक महिला और उसकी तीन साल की बच्ची की मौत हो गई। रूस ने इन दो शहरों के अलावा क्रेमेनचुक और पोल्टावा पर भी हमला किया।

ज्ञान की बात

**गांधारी, अपने पुत्रों के हजार पाप अनदेखा कर सकती थी किंतु किसी नारी के अपमान से उसे अपना अपमान स्मरण हो जाता है और वह धृतराष्ट्र से कहती है: आपके पुत्र आपके नियंत्रण में रहें, ऐसी चेष्टा कीजिए। ऐसा न हो कि वे सभी मर्यादा का त्याग करके प्राणों से हाथ धो बैठे और आपको इस बुढ़ापे में छोड़कर चल बसें। इसलिए आप मेरी बात मानकर कुलांगार दुर्योधन को त्याग दें। – *ठाकुरजी***

# भीषण गर्मी व जलस्तर

***झारखंड*** में भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। जिसका सीधा प्रभाव जलस्तर पर पड़ रहा है। राज्य के ग्रामीण इलाकों में पेयजल की समस्या दिन प्रतिदिन विकराल रूप में देखने और सुनने को मिल रही हैं। यह अच्छे संकेत नहीं माने जा सकते हैं। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में 15 वें वित्त से पेयजल की समस्या के निदान हेतु सौर ऊर्जा आधारित जल मीनार लगाने की जिम्मेवारी ग्राम पंचायतों के मुखिया को सौंपी गई है। बावजूद काम में तेजी नहीं दिख रही है। पिछले वर्ष बारिश नहीं होने से जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है। अधिकांश जगहों में चापाकल या तो खराब हैं या पानी सूख गया है। डीप बोर, कुआं सहित अन्य जलाशयों का जलस्तर एकदम नीचे चला गया है। या यूं कहें कि सूखने के कगार पर है। मार्च माह से ही इस गंभीर पेयजल संकट से लोग जूझ रहे हैं। पंचायतों के 80 प्रतिशत से ज्यादा चापाकल जवाब दे चुके हैं, जबकि मई तथा जून की गर्मी अभी शेष है। कई विद्यालयों में पानी सूख गया है। जिन बच्चों का घर नजदीक है वो अपने साथ पानी लेकर स्कूल आते हैं। विद्यालय में प्यास लगती है तो घर से लाये बोतल का पानी पी लेते हैं, लेकिन जिनका घर दूर है वो पानी साथ नहीं ला पाते। सबसे ज्यादा परेशानी मध्याह्न भोजन के पश्चात हाथ धोने, पानी पीने, थाली धोने तथा शौचालय उपयोग में होती है। ऐसे में सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्थिति कैसी है। जलमीनार मरम्मत के अभाव में सभी बेकार पड़े हैं। इसका उदाहरण पलामू के नावा बाजार प्रखंड और विश्रामपुर प्रखंड में देखा जा सकता है। जहां लगभग दर्जनों जल मीनार मरम्मत के अभाव में बेकार पड़े हैं। यहां प्रखंड के अधिकांश ताल तलैया सूखने लगे हैं। जलस्तर पाताल की ओर जा रहा है। कुंआ नदी, नाले, आदि जलाशय सूख रहे हैं। पेयजल समस्या के स्थाई समाधान को लेकर राज्य सरकार के द्वारा पेयजल आपूर्ति योजना की शुरूआत की गई। साथ हीं पंचायत के विकास को लेकर उपलब्ध कराए जाने वाले वित्त अनुदान की राशि से अधिष्ठापन की जिम्मेवारी पंचायत के मुखिया को सौंपी गई। योजना के तहत विश्रामपुर प्रखंड के सभी पंचायतों में सौर ऊर्जा आधारित जल मीनार का अधिष्ठापन कराया गया। इनमें आधे से अधिक खराब पड़े हैं। जिसकी मरम्मत का कार्य भी नहीं कराया जा रहा। ऐसे में पेयजल की समस्या लोगों के बीच बढ़ती जा है। खराब पड़े जल मीनार की मरम्मत के प्रति किसी के द्वारा रुचि नहीं दिखाई जा रही। पूर्व में लगाये गये जल मीनार पंचायत क्षेत्र में केवल शोभायमान वस्तु बनकर रह गये हैं। जिसकी शिकायत भी समय-समय पर की जाती रही है, लेकिन कोई सार्थक पहल भी नहीं किया जा रहा। जिससे मरम्मत का कार्य संभव हो। सौर ऊर्जा आधारित जलमीनार सभी पंचायतों में लगाये गये हैं। पलामू के विश्रामपुर में इसके लिए 3 लाख 84 हजार का एस्टीमेट था। जिसमें 3 लाख 20 हजार रुपए जल मीनार के अधिष्ठापन पर खर्च किए जाने थे। वहीं 64 हजार 5 सालों तक मेंटेनेंस के लिए रखी जानी थी। वह पैसे पंचायत के पास है या नहीं यह पूछने वाला आज कोई नहीं है। पेयजल समस्या के इस गंभीर संकट के बीच पीएचडी विभाग सुस्त बना हुआ है। सरकारी विद्यालय, जहां पेयजल से सीधा जुड़ाव बच्चों के मध्याह्न भोजन और पीने के पानी से है, में भी पेयजल समस्या की शिकायत टोल फ्री नंबर पर रजिस्टर कराने, विभाग को लिखित सूचना देने के बाद भी उक्त समस्या का समाधान विभाग द्वारा नहीं किया गया। झारखंड सरकार द्वारा पेयजल समस्या से निजात के लिए टॉल फ्री नम्बर जारी किया गया, परंतु फोन पर शिकायत करने पर भी कोई अमल नहीं किया जा रहा है। पेयजल स्वच्छता मंत्री के गृह जिले में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। ऐसे में इस गंभीर समस्या के निजात के लिए पहल आवश्यक है।

**पिछले वर्ष बारिश नहीं होने से जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है। अधिकांश जगहों में चापाकल या तो खराब हैं या पानी सूख गया है। डीप बोर, कुआं सहित अन्य जलाशयों का जलस्तर एकदम नीचे चला गया है।**

# तीर्थ नगरों का विश्वस्तरीय विकास





डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

***नरेन्द्र*** मोदी सरकार ने तीर्थाटन व पर्यटन पर अत्यधिक जोर दिया। इस विषय को प्राथमिकता में शामिल किया। अनेक सर्किट का निर्माण चल रहा है। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस दिशा में प्रभावी कदम उठा रहे हैं। नगर निकाय चुनाव के तीसरे दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा मंडल में तीन रैलियां कर भाजपा के पक्ष में वोट मांगा। मुख्यमंत्री ने मथुरा-वृंदावन, फिरोजाबाद व आगरा में भाजपा की शहर की सरकार बनाने का आह्वान किया। वर्तमान सरकार ने मथुरा-वृंदावन नगर निगम व ब्रज तीर्थ विकास परिषद के गठन से विकास को गति दी। छह वर्ष पहले सरकार ने मथुरा वृंदावन नगर निगम और फिर ब्रज तीर्थ विकास परिषद के गठन ने समग्र विकास की कार्ययोजना को बढ़ाने का कार्य किया। आज यहां बत्तीस हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं चल रही हैं, जिस दिन ये योजनाएं धरातल पर उतर जायेंगी, उस दिन यहां द्वापर युग की भव्यता और दिव्यता दिखाई देगी। जवाहरबाग कभी गुंडागर्दी का अड्डा बना हुआ था। आज स्थिति सबके सामने है। पहले कोसी कला में दंगा होता था। आज यहां पेप्सिको का प्लांट लग चुका है। जिस मथुरा-वृंदावन में कभी मांस-मदिरा की बिक्री होती थी, उस पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। चौरासी कोसी परिक्रमा केवल अयोध्या में ही नहीं ब्रज में भी होने जा रही है। नगर निगम बनने के बाद अब मथुरा के नवनिर्माण की दिशा में कार्य हो रहे हैं। जैसे काशी में काशी विश्वनाथ धाम बन गया। ऐसे ही बांके बिहारी के धाम का कार्य आगे बढ़ना चाहिए। विकास के लिए विजन और योग्य नेतृत्व चाहिए। देश में कांग्रेस और प्रदेश में समाजवादी पार्टी के फेल इंजन यूपी के विकास को पीछे ले जा रहे थे। प्रदेश के दो करोड़ युवाओं को मौजूदा सरकार टैबलेट और स्मार्ट फोन उपलब्ध करा रही है। सेफ सिटी, इंट्रीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर हैं। हंट सिटी सर्विलांस के माध्यम से ट्रैफिक, स्वाथ्य्य और स्वच्छता के कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहे हैं। नगर सृजन योजना के तहत नगर निगम फिरोजाबाद का विस्तार और नगर पंचायत मक्खनपुर का सृजन हुआ है। अमृत मिशन के तहत सवा तीन सौ करोड़ रुपए की पांच परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं। हर घर नल की 27 करोड़ की परियोजना पूरी होने पर चौदह हजार घरों को स्वच्छ पेयजल मिलने लगेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति दी। यह नीति भारत और यूपी के टैलेंट को टेक्नोलॉजी और ट्रेनिंग के साथ जोड़कर स्थानीय स्तर पर नौकरी उपलब्ध कराने का बहुत अच्छा माध्यम बनेगी। आगरा ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के लिए जानी जाती है। छत्रपति शिवाजी ने विदेशी आक्रांताओं को यहीं पर चुनौती देने का काम किया था। वर्तमान सरकार ने उनके नाम पर म्यूजियम बनवाने का काम किया। भारत बदल चुका है। जहां भी गुलामी का अंश होगा उससे मुक्ति पाने का उपाय करेंगे। बृज क्षेत्र भी सज और संवर रहा है। चित्रकूट से लेकर गोवर्धन तक हर जगह काम चल रहा है। वर्ष के अंत तक पब्लिक ट्रांसपोर्ट की बेहतरीन सुविधा आगरा मेट्रो ट्रेन का संचालन भी शुरू हो जायेगा। आगरा मेट्रो सिटी भी हो जायेगी। सैंतीस वर्ष बाद आगरा नगर निगम की सीमा का विस्तार भी किया गया है। आयुष्मान योजना, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि का लाभ भी सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास की तर्ज पर बिना भेदभाव के दिलाया जा रहा है। योगी ने कहा कि यहां के कण कण में बिहारी जी और राधा जी का दर्शन होता है। मथुरा की सात्विकता, वैष्णो भाव, पवित्रता को देखकर दुनिया को भक्ति की शक्ति की अनुभूति होती है। वर्तमान सरकार यहां की परम्परा व संस्कृति की उन्नति के लिए कार्य कर रही है मथुरा, वृन्दावन, बरसाना बलदेव, गोवर्धन, गोकुल को तीर्थस्थल का दर्जा दिया गया है। इनके विकास हेतु ब्रज तीर्थ विकास परिषद का गठन किया गया है। भक्ति में शक्ति होती है, इसी का परिणाम है कि अयोध्या में भव्य राम मन्दिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। योगी सरकार ने परम्पराओं से जुड़ने का कार्य किया है। काशी में देव दीपावली, प्रयागराज में कुम्भ शक्तिपीठों में शारदीय व बासंतीय नवरात्रि, गंगा यमुना की आरती का कार्यक्रम शुरू किया है। गंगाजी को निर्मल और अविरल बनाने का कार्य किया गया है। सरकार ब्रज क्षेत्रवासियों को शुद्ध व मीठा पेयजल उपलब्ध करायेगी। जल संचयन हेतु तालाबों का पुनरुद्धार किया जा रहा है। गोवर्धन जी के परिक्रमा क्षेत्र को विकसित करने के लिए एक सौ सत्रह करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गयी है। गोवंश को संरक्षित करने का कार्य वर्तमान सरकार ने किया है। दुग्ध की गुणवत्ता बेहतर बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। टीकाकरण के बाद इन गोवंशों को ईयरटैग किया जा रहा है। निराश्रित गोवंश को संरक्षण देने वालों को राज्य सरकार द्वारा नौ सौ रुपये प्रतिमाह प्रति गोवंश दिया जा रहा है। गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए गौ आश्रय स्थल बनाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बरसाना स्थित श्री माताजी गौशाला में श्री श्याम लक्ष्मी गऊ चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र का उद्घाटन किया था। योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को हिंदुओं की आस्था के सबसे महत्वपूर्ण स्थल के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया था, जो साकार हो रहा है। भाजपा सरकार ने मथुरा-वृंदावन के पुराने गौरव को लौटाने के लिए सभी प्रमुख योजनाओं में इस क्षेत्र को रखा है। कृष्ण जन्मोत्सव शुरू कर इसकी वैश्विक पहचान को बढ़ाने के साथ ही जन्मभूमि क्षेत्र के दस किमी की परिधि के दायरे को तीर्थस्थल घोषित कर अपने संकल्प को पूरा किया है। अयोध्या की ही तर्ज पर आज कान्हा की नगरी भी सज और संवर रही है। सरकार ब्रज के विकास के लिए संकल्पित है। छह वर्ष के दौरान मथुरा में दिव्य और भव्य कृष्ण जन्मोत्सव और होली के भव्य आयोजन से इसकी वैश्विक और धार्मिक पहचान मजबूत हुई है। ब्रज तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद का गठन कर सरकार ने मथुरा-वृंदावन ही नहीं पूरे चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग के बीच पड़ने वाली सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व की धरोहरों का सौंदर्यीकरण किया। केंद्र सरकार की हृदय योजना का लाभ भी मथुरा-वृंदावन विधानसभा क्षेत्र को मिला है। प्रो पुअर पर्यटन योजना के तहत श्रीबांके बिहारी मंदिर की कुंज गलियों व श्रीकृष्ण जन्मस्थान के मार्गों का विकास हुआ है। अब योजना में श्री ठाकुर बांके बिहारी जी मंदिर की अन्य कुंज गलियां भी शामिल की गई हैं। श्रीकृष्ण जन्मभूमि में रास लीला मंच, कृष्ण लीला के डिजिटल मंचन, पार्क के सौंदर्यीकरण, प्रमुख मार्ग का निर्माण सम्भव हुआ।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**जवाहरबाग कभी गुंडागर्दी का अड्डा बना हुआ था। आज स्थिति सबके सामने है। पहले कोसी कला में दंगा होता था। आज यहां पेप्सिको का प्लांट लग चुका है। जिस मथुरा-वृंदावन में कभी मांस-मदिरा की बिक्री होती थी।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें भगवान बटुक भैरव की कथा*

***जैसे*** ही कमरा खोला गया तो बूढ़ा व्यक्ति गायब था और उसमें 3 अधूरी ?मूर्तियां मिली पड़ी मिलीं। भगवान नीलमाधव और उनके भाई के छोटे-छोटे हाथ बने थे, लेकिन उनकी टांगें नहीं, जबकि सुभद्रा के हाथ-पांव बनाए ही नहीं गये थे। राजा ने इसे भगवान की इच्छा मानकर इन्हीं अधूरी मूर्तियों को स्थापित कर दिया। तब से लेकर आज तक तीनों भाई बहन इसी रूप में विद्यमान हैं। वर्तमान में जो मंदिर है वह 7वीं सदी में बनवाया था। हालांकि इस मंदिर का निर्माण ईसा पूर्व 2 में भी हुआ था। यहां स्थित मंदिर 3 बार टूट चुका है। 1174 ईस्वी में ओडिसा शासक अनंग भीमदेव ने इसका जीर्णोद्धार करवाया था। मुख?य मंदिर के आसपास लगभग 30 छोटे-बड़े मंदिर स्थापित हैं।

*(समाप्त)*

**आईये सुने भगवान बटुक भैरव की कथा**

***बाबा*** कपाल भैरव और उनके प्रभाव और कृपा के बारे में जानिए जिससे की आप उनकी शक्ती, उनके ऐश्वर्य, उनकी प्रभुता और उनकी उपयोगिता के बारे में जान और समझ सकें। कपाल का शाब्दिक अर्थ खोपड़ी होती है, खोपड़ी न केवल मनुष्यों की अपितु हर प्रकार के जीव की होती है। ये तो हुआ कपाल का सरल सात्विक अर्थ अब हम बात करते हैं इसके आध्यात्मिक अर्थ और इसकी उपयोगिता की। कपाल को ब्रह्मरंध्र भी कहा जाता है और अत्यंत सरल भाषा में इसे दिमाग कहा जाता है। भैरव का शाब्दिक अर्थ होता है रक्षा करने वाला या रक्षक। भैरव भगवान शिव के पांचवें अवतार हैं, जिनके मुख्य दो रूप है- काल भैरव और बटुक भैरव। अधिकांश लोग काल भैरव को ही बटुक भैरव मानते हैं, जो की गलत है, हालांकि दोनों शिवरूप ही है परंतु इनमें अगाध भेद है। अब मैं आपको काल भैरव, बटुक भैरव और कपाल भैरव के जन्म की कथा बताता हूं। काल भैरव की उत्पत्ति की कथा- पुराणों के अनुसार जब ब्रह्मा और विष्णु में विवाद उत्पन्न हुआ और दोनों एक दूसरे को अपना पुत्र बता रहे थे।

*(क्रमशः)*

# जैव विकास से दशावतार की अवधारणा और डार्विन



प्रमोद भार्गव

***एनसीईआरटी*** अर्थात राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम से नवीं एवं दसवीं कक्षाओं की विज्ञान पुस्तकों से चार्ल्स डार्विन के जैव विकास के सिद्धांत को हटा दिये जाने पर विवाद गहरा रहा है। देश के लगभग 1800 वैज्ञानिक और शिक्षकों ने एनसीईआरटी की इस पहल की आलोचना करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा उपहास बताया है। दरअसल भारत के बुद्धिजीवियों का एक वर्ग जब भी किसी पाश्चात्य सिद्धांत या इतिहास के भ्रामक प्रसंगों को हटाये जाने की बात छिड़ती है तो उसके पक्ष में उठ खड़े होते हैं। जबकि चार्ल्स डार्विन ने जब जीवों के विकासवाद का अध्ययन करने के बाद 1859 में 'ऑरिजिन ऑफ स्पीशीज' अर्थात 'जीवोत्पत्ति का सिद्धांत' दिया तब इसका ईसाई धर्मावलंबियों और अनेक ईसाई वैज्ञानिकों ने जबरदस्त विरोध किया था। क्योंकि इसमें मनुष्य का अवतरण बंदर से बताया गया था। अलबत्ता जब यही अवधारणा भारतीय ऋषियों ने भगवान विष्णु के दशावतारों के रूप में दी तो इसका वर्णन प्राचीन संस्कृत के प्रमुख ग्रंथों में समाविष्ट किया गया और जैव विकास एवं आनुवंशिकता के इस विज्ञान को मंदिरों की दीवारों पर उकेरा गया। जबकि इसमें सिंह से मनुष्य के संक्रमण को प्रतिपादित किया है। मानव प्रजाति के विकास क्रम में चार्ल्स डार्विन के सिद्धांत के अनुसार माना जाता है कि मानव बंदर की एक प्रजाति का विकसित रूप है। तब नरसिंह अवतार की अवधारणा के अनुरूप यह भी कहा जाता है कि मनुष्य सिंहनी का विकसित रूप है? डार्विन के सिद्धांत से कहीं ज्यादा मनुष्य के जैविक विकास की यह अवधारणा ज्यादा तार्किक है। क्योंकि दशावतारों की भौतिकवादी अवधारणा के अंतर्गत नरसिंह की अवधारणा जीव-जगत के विकास क्रम की श्रृंखला से जुड़ी है। इस धारणा के अनुसार पहले मत्स्यातवार हुआ यानी जल में जीवन की उत्पत्ति हुई। विज्ञान भी इस तथ्य से सहमत है कि जीव-जगत में पहला जीवन रूप पानी में विकसित हुआ। दूसरा अवतार कच्छप हुआ, जो जल और भूमि दोनों स्थलों पर रहने में समर्थ था। तीसरा वराह हुआ, जो पानी के भीतर से जीव के धरती की ओर बढ़ने का संकेत है, अर्थात पृथ्वी को जल से मुक्त करने का प्रतीक है। चौथा नरसिंह अवतार है, जो इस तथ्य का प्रतीक है कि जानवर से मनुष्य विकसित हो रहा है। आधा मनुष्य, आधा सिंह शरीर संक्रमण का प्रतिबिंब है। इसके बाद पांचवां अवतार वामन के रूप में है, जो मानव का लघु रूप है। सृष्टि के आरंभ में मनुष्य बौने रूप में ही अस्तित्व में आया था। वामन के बाद परशुराम हैं, जो मनुष्य का संपूर्ण विकसित रूप है। इसी समय से मानव जीवन को व्यवस्थित रूप में बसाने के लिए वनों को काटकर घर-निर्माण की तकनीक को अभिव्यक्त करता है। परशुराम के हाथ में फरसा इसी परिवर्तन का प्रतीक है। सातवें अवतार में राम का धनुष बाण लिए प्रकटीकरण इस बात का संकेत है कि मनुष्य मानव बस्तियों के दूर रहकर सुरक्षा करने में सक्षम व दक्ष हो चुका था। आठवें अवतार बलराम हैं, जो कंधे पर हल लिए हुए है। यह स्थिति मानव सभ्यता के बीच कृषि आधारित अर्थव्यवस्था के विकास को इंगित करता है। कृष्ण मानव सभ्यता के ऐसे प्रतिनिधि हैं, जो नूतन सोच का दर्शन देते हैं। दसवां, कल्कि ऐसा काल्पनिक अवतार है, जो भविष्य में होना है। इसे हम कलियुग अर्थात कलपुर्जों के युग से जोड़कर देख सकते है। ब्रिटेन के जेबीएस हल्डेन नामक शरीर, आनुवंशिकी और विकासवादी जीव विज्ञानी हुए हैं। गणित और सांख्यिकी के भी ये विद्वान थे। हल्डेन नास्तिक किंतु मानवतावादी थे। इन्होंने प्रकृति विज्ञान पर भी काम किया है। हल्डेन राजनीतिक असहमतियों के चलते ब्रिटेन छोड़कर भारत आ गये। भारत में वे पहले सांख्यिकीय आयोग के सदस्य बने और प्राध्यापक भी रहे।

**आधा मनुष्य, आधा सिंह शरीर संक्रमण का प्रतिबिंब है। इसके बाद पांचवां अवतार वामन के रूप में है, जो मानव का लघु रूप है। सृष्टि के आरंभ में मनुष्य बौने रूप में ही अस्तित्व में आया था।**

देश-दुनिया

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट

Janardan Mishra
@janardanspeaks

एक पर्दा घर का 8 लाख का, बाथरूम की लाइटें 45 लाख की, साढ़े 9 करोड़ करोड़ की टाइलें, 45 करोड़ का साज सज्जा का सामान, ठंडे पानी का और गर्म पानी का स्विमिंग पूल अलग, लग्जरी गाड़ियां.. कपड़े और शक्ल देखो, ऐसे कपड़े पहन के जब यह विदेशी डेलिगेशन से मिलता होगा तो लोग हमारे देश के बारे में क्या सोचते होंगे?? कि कितना गरीब देश है हमारा.. यह लोग यही दिखाना चाहते हैं कि भारत एक भूखे नंगों का देश है.. चप्पल कहां है मेरी..

## फेसबुक वॉल से

Journalist Arun Burnwal
23 h ·

**इस संसार का सबसे मजबूत इंसान वही है, जिसका हृदय टूटा, सपने भी टूटे, अपने भी रूठे, फिर भी कहे मैं ठीक हूं!**

# नक्सलियों की कमर तोड़ने में क्यों नहीं मिल रही पूरी सफलता



योगेश कुमार गोयल

***नक्सलियों*** ने छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में बड़ा हमला करते हुए आईईडी से निशाना बनाकर सुरक्षाबलों की गाड़ी को विस्फोट से उड़ा दिया। इस हमले में एक चालक सहित डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) के 10 जवान शहीद हो गये। माना जा रहा है कि नक्सलियों की मुखबिरी के कारण ही नक्सली इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देने में सफल हुए। हालांकि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कह रहे हैं कि नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई अंतिम दौर में चल रही है और नक्सलियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा, सरकार योजनाबद्ध तरीके से नक्सलवाद को खत्म करेगी लेकिन हकीकत यही है कि इसी प्रकार के बयान हर नक्सली हमले के बाद सुनने को मिलते रहे हैं। वास्तविकता यही है कि नक्सल समस्या बहुत पुरानी है, जिस पर अभी तक काबू नहीं पाया जा सका है। सरकारें भले ही बदलती रही हों पर जमीनी हकीकत यही है कि नक्सली हमले नहीं रुके हैं। यदि छत्तीसगढ़ में पिछले 13 वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो 2010 से अब तक 10 बड़े नक्सली हमले हुए हैं, जिनमें हमारे करीब 200 जवान शहीद हो चुके हैं। डीआरजी के जवान नक्सलियों के निशाने पर सबसे ज्यादा होते हैं क्योंकि 2008 में पहली बार गठन के बाद से नक्सलियों के खिलाफ वे कई अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम दे चुके हैं, इसीलिए वे नक्सलियों के सबसे बड़े दुश्मन माने जाते हैं। 'डीआरजी' छत्तीसगढ़ पुलिस के स्पेशल जवान हैं, जिनकी भर्ती विशेष रूप से नक्सलियों से लड़ने के लिए ही की गई है। डीआरजी के जवानों में आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली और बस्तर के ही वातावरण में पले-बढ़े लोग शामिल होते हैं और यही कारण है कि नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़ी सफलता अभी तक इन्हीं जवानों को ही मिली है। हालांकि बार-बार हो रहे नक्सली हमलों और इनमें जवानों की शहादत को देखते हुए सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर नक्सलियों पर पूरी तरह लगाम कसने में कौन-सी मुश्किलें सामने आ रही हैं, क्यों नक्सली हमलों पर पूरी तरह लगाम कसने में सफलता नहीं मिल पा रही? केन्द्र सरकार द्वारा 2021 में लोकसभा में बताया गया था कि छत्तीसगढ़ में 2020 तक कुल 3722 नक्सली हमलों में हमारे 489 जवान शहीद हो चुके हैं। हालांकि गृह मंत्रालय का दावा है कि वर्ष 2018 के मुकाबले 2022 में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 39 फीसदी की कमी आई है और सुरक्षा बलों के मारे जाने की संख्या भी 26 फीसदी घटी है लेकिन कुछ समय से नक्सली जिस प्रकार अपनी ताकत का अहसास कराते हुए बेलगाम नजर आ रहे हैं, ऐसे में उन्हें कुचलने के लिए सरकार द्वारा रणनीतियों में बड़े बदलाव की जरूरत महसूस की जाने लगी है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि नक्सली अब अत्याधुनिक हथियारों और शक्तिशाली विस्फोटकों का भी खुलकर इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में यह सवाल भी खड़ा होता है कि जंगलों में उन तक ये खतरनाक हथियार और शक्तिशाली विस्फोटक कहां से और कैसे पहुंच रहे हैं? सवाल यह भी है कि सुरक्षा बलों की टीम के किसी अभियान की जानकारी नक्सलियों को कई बार पहले ही कैसे मिल जाती है? नक्सलियों की गतिविधि की भनक पाकर जंगल में उन्हें तलाशने के अभियान पर निकलने वाले जवान खुद कैसे उन्हीं के शिकार बन जाते हैं? कैसे नक्सलियों को जवानों की मुहिम की पल-पल की खबर होती है? जाहिर-सी बात है कि बगैर स्थानीय लोगों के समर्थन के यह संभव नहीं है। दरअसल नक्सली गुट अपनी सक्रियता वाले इलाके के चप्पे-चप्पे से वाकिफ होते हैं और स्थानीय लोगों से सम्पर्क भी उनके काम आता है। ऐसे में बेहद जरूरी है कि नक्सली समूहों के खिलाफ सुरक्षा के प्रत्यक्ष मोर्चों के साथ-साथ एक मजबूत और सुगठित खुफिया तंत्र गठित करने पर विशेष ध्यान दिया जाय।

**डीआरजी के जवान नक्सलियों के निशाने पर सबसे ज्यादा होते हैं क्योंकि 2008 में पहली बार गठन के बाद से नक्सलियों के खिलाफ वे कई अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम दे चुके हैं।**

नक्सलवाद

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# गर्मियों में शरीर को कूल-कूल रखेगा खीरा

शरीर के तापमान को कम करने के लिए लोगों को अपनी डाइट में ठंडी चीजों को शामिल करना चाहिए। शरीर को ठंडा रखने में खीरा सबसे ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। अनेक प्रकार से इसका सेवन किया जा सकता है। यह गर्मियों में शरीर में पानी की कमी भी पूरी करता है। गर्मियों के मौसम में अपनी सेहत का ध्यान रखना लोगों के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होता है। लोग इस सीजन में खुद को सेहतमंद रखने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। घर में रहते हुए वह हल्का खाना खाते हैं और बाहर निकलते समय खुद को चिलचिलाती धूप से बचाने का बंदोबस्त भी करते हैं। गर्मियों में एक व्यक्ति को सबसे ज्यादा ध्यान अपने शरीर के तापमान को कम करने पर देना चाहिए। अत्यधिक तापमान शरीर के लिए बहुत नुकसानदायक हो सकता है। इसकी वजह से कई तरह की समस्याएं भी हो सकती है। ऐसे में शरीर के तापमान को कम करने के लिए लोगों को अपनी डाइट में ठंडी चीजों को शामिल करना चाहिए। शरीर को ठंडा रखने में खीरा सबसे ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। अनेक प्रकार से इसका सेवन किया जा सकता है। यह गर्मियों में शरीर में पानी की कमी भी पूरी करता है। इसके अलावा भी खीरे के और भी कई फायदे हैं।



### हड्डियों के लिए फायदेमंद खीरा

लंबे समय तक सेहतमंद रहने के लिए हड्डियों का मजबूत होना बेहद जरुरी है। हड्डियों की मजबूती के लिए हर किसी को कैल्शियम का सेवन करना चाहिए। कैल्शियम के अलावा विटामिन डी, विटामिन के भी ऐसे जरुरी पोषक तत्व हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाने का काम करते हैं। खीरा विटामिन के का एक प्राकर्तिक स्त्रोत है। इसलिए बढ़ती उम्र में हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए इसका रोजाना सेवन करें।

### वजन घटाने के लिए फायदेमंद खीरा

आजकल लगभग हर दूसरा व्यक्ति मोटापे का शिकार है और अपने बढे वजन को कम करने की कोशिश कर रहा है। अगर आप भी अपना वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं तो अपनी डाइट में खीरे को शामिल करें। खीरे में कैलोरी की मात्रा कम होती है और इसका सेवन करने से पेट भरा रहता है। ये भूख को कंट्रोल कर के वजन कम करने में मदद करता है। इसके अलावा खीरे में अपनी एक मिठास होती है, इसके सेवन से मीठे की क्रेविंग को कंट्रोल किया जा सकता है।

### हाई ब्लड प्रेशर के लिए फायदेमंद खीरा

खराब लाइफस्टाइल की वजह से बहुत से लोग हाई ब्लड प्रेशर की समस्या से जूझ रहे हैं। ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखने के लिए लोगों को हर दिन दवाई का सेवन करना पड़ता है। दवाईयों के साथ अगर खीरे का रोजाना सेवन किया जाए तो हाई ब्लड प्रेशर की समस्या से निजात मिल सकती है। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि खीरा पोटेशियम और मैग्नीशियम से भरपूर होता है। ब्लड प्रेशर को काबू में रखने के लिए शरीर में सोडियम और पोटेशियम के संतुलन की जरूरत होती है, जो खीरे के सेवन से मिल जाता है।

❖ एकता

# डायबिटीज में वरदान हैं नीम की पत्तियां

बदलते लाइफस्टाइल और गलत खान-पान के कारण आजकल डायबिटीज जैसी खतरनाक बीमारी का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। इस बीमारी के कारण मरीज का ब्लड शुगर बढ़ने लगता है। इसके अलावा दवाईयों का सेवन करने और इंसुलिन लेने से भी यह कंट्रोल नहीं हो पाती। ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के लिए डाइट का खास ध्यान रखने की जरुरत होती है। नीम की पत्तियां डायबिटीज के रोगियों के लिए काफी फायदेमंद मानी जाती हैं। इनका सेवन करने से ब्लड शुगर कंट्रोल में रहता है।



### कंट्रोल रखेंगी ग्लूकोज का लेवल

शोध के अनुसार, नीम की पत्तियों में एंटी-डायबिटीक गुण पा7ए जाते हैं। यह गुण मांसपेशियों की कोशिकाओं में ग्लूकोज का स्तर बढ़ाने के लिए इंसुलिन की मदद करते हैं। इसके अलावा नीम के पत्ते खाने से शरीर में ग्लूकोज का लेवल कंट्रोल रहता है।

### कई सारे पोषक तत्वों से भरपूर हैं नीम के पत्ते

नीम के पत्तों में ग्लाइकोसाइड्स, ट्राइटरपेनोइड्स, एंटीऑक्सीडेंट्स और फ्लेवोनोइड्स जैसे गुण मौजूद होते हैं। इसके अलावा नीम के पत्तों में एंटीइंफ्लेमेटरी, एंटीमाइक्रोबियल और एंटीडायबिटीक गुण भी पाए जाते हैं यह सारे पोषक तत्व ब्लड शुगर का स्तर नियंत्रित करने में मदद करते हैं।

### कैसे करें इसका सेवन?

नीम की पत्तियों को सुबह खाली पेट खाना काफी फायदेमंद रहेगा। इसके अलावा आप नीम के पत्तों को कच्चा भी चबा सकते हैं। औषधीय गुणों के लिए आपको नीम के पत्ते कच्चे ही चबाने चाहिए। इससे फायदा ज्यादा होगा। इसके अलावा आप नीम की पत्तियों से तैयार पानी का सेवन भी कर सकते हैं। पानी तैयार करने के लिए नीम की कुछ पत्तियों को पानी में तबतक उबाल लें जबतक यह नरम न होने लगे। इसके बाद जैसे पानी धीरे-धीरे गहरे रंग का होने लगे तो इसे एक बर्तन में रख लें। इस पानी की दिन में दो बार पिएं शुगर का स्तर कंट्रोल में रहेगा। इसके अलावा आप नीम की पत्तियों से तैयार किए हुए पाउडर का भी सेवन कर सकते हैं। 1 चम्मच पाउडर को पानी में डालें। इसके बाद लंच और डिनर से आधा घंटा पहले आप इसका सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा इन पत्तियों का सेवन करने का सबसे सही समय सुबह खाली पेट या फिर भोजन करने से पहले दिन में दो बार करना रहेगा।

### इन पत्तियों को खाने के अन्य फायदे

खून होगा साफ
त्वचा भी होगी साफ
लिवर और किडनी से निकलेगी गंदगी
ओरल हैल्थ के लिए फायदेमंद
कोई भी घाव या छाला हो जाएगा ठीक

# फटा पोस्टर निकला हीरो



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार

मेरे एक मित्र हैं। पढ़े तो आठवीं तक हैं, वह भी तीन-तीन बार। घर वालों को जब लगा कि उनका कुछ नहीं हो सकता तो किसी पोस्टर बनाने वाले की दुकान पर लगवा दिया। पोस्टरों की सबसे ज्यादा जरूरत झूठों और मक्कारों को होती है। इसलिए वहां राजनैतिक दलों के लोगों की चहलकदमी अधिक थी। झूठ का व्यापार इतना हाई-फाई था कि वहां कारों का तांता लगा रहता था। जबकि दुकान के ठीक सामने कड़ी धूप में ईमानदारी से अमरूद बेचने वाली बुढ़िया जस की तस बैठी रहती थी। एक ही सड़क पर दो नजारे - झूठ कार में और सच पसीना पोछता पैदल चलता हुआ दिखाई देता था। फटे पोस्टर से मुखवाले मित्र को चकाचौंध पसंद आ गई। वह नेताई गुर सीख बैठा। शामिल हो गया किसी नागनाथ-सांपनाथ पार्टी में और डंसने लगा सभी को। अब आए दिन किसी न किसी घटना को लेकर समाचार पत्र में उसकी तस्वीरें छपती रहती थीं। एक दिन वह मेरे पास आया। साथ में लाए लिफाफे में से कोई कागजात निकालते हुए मेरे हाथों थमा दिया। भारी-भरकम अंग्रेजी में कोर्ट कचहरी से उसके नाम बुलावा आया था। मैं पढ़ते हुए घबरा रहा था वह सुनते हुए मुस्कुरा रहा था। वह मेरे हाथों से कागजात लेते हुए कहने लगा - तुम अच्छा पढ़ लेते हो। देखकर अच्छा लगता है। पढ़े-लिखे न होते तो तुम्हें कहीं चुनाव में लड़वाकर माला पहनवा देता। दुर्भाग्य से तुम पीएचडी हो। फलां राज्य में चपरासी की भर्ती निकली है। बीस हजार पीएचडी धारियों ने आवेदन किया है, तुम भी कर दो। किसे पता तुम्हें ही मिल जाए। जैसी तुम्हारी माली हालत है उसमें चपरासी की नौकरी भी बहुत है। मुझे तुम पर दया आती है। हिसाब से देखा जाए तो कुर्सी-मोह और माला-मंच का हकदार वही होता है जो पढ़ाई छोड़ दे और भड़काऊ भाषण के लिए मुंह को काम दे। जो कि तुमसे होगा नहीं। पता नहीं ये लेख-फेख लिखने से तुम्हें क्या पैसे मिलते होंगे। अच्छा होगा कि हमारी रैलियों में शामिल हो जाओ। एक बिरयानी पैकेट, पांच सौ रुपए और पौवा अलग से। अच्छा लगे तो बता देना। अब मैं चलता हूं। मैंने उसे रोकते हुए कहा - अब आ ही गए हो तो नाश्ता-वाश्ता करके जाते। इतना सुनना था कि वह मुझ पर बरस पड़ा - न बाबा न। मुझे पता है तुम नाश्ते में सूखी पाव रोटी खाते हो। कभी मैं भी ऐसी बेकार चीजें खाता था। अब मैं सिर्फ और सिर्फ शुद्ध घी और बादाम लेता हूं। तुम पढ़े-लिखे न होते तो तुम भी बादाम खा सकते थे। प्रकृति का नियम है कि बेरोजगार पीएच.डी धारी बादाम नहीं पचा सकते, पेचिश लग सकती है। इसिलए बिना घी के जियो मस्त हो के। पाव रोटी खाओ और बेरोजगारी के गुण गाओ। इतना कहते हुए मित्र चला गया। जाते समय वह पहली बार मुझे किसी दार्शनिक से कम नहीं लगा।

# गर्मियों में अपनी कार का ऐसे रखें विशेष ध्यान

गर्मियों में टायर प्रेशर को मेंटेन रखना बेहद ही जरूरी है। अगर आप इसे मेंटेन नहीं करते हैं तो अत्यधिक गर्मी होने की वजह से आपकी गाड़ी का टायर चलते-चलते कभी भी फट सकता है। भारत में भयंकर गर्मी की शुरूआत हो चुकी है। गर्मियों में इंसानों की तो हालत खराबी होती ही है, साथ ही साथ गाड़ियों का भी हमें विशेष ध्यान रखना होता है। गर्मी में हर कोई कार से ही ज्यादा यात्रा करना चाहता है। इसकी बड़ी वजह यह होती है कि कार में एसी की सुविधा उपलब्ध होती है। इसके अलावा भीड़ से भी हम बचते हैं। हालांकि, अपने कार का भी हमें गर्मियों में विशेष ध्यान रखना होता है। अगर गर्मियों में आप अपनी गाड़ी का विशेष ध्यान रखते हैं तो बेशक आप को इसका लाभ दिखेगा। साथ ही साथ आपकी गाड़ी पूरी तरीके से मेंटेन रहेगी।



### बैटरी का ध्यान रखें

गर्मियों में गाड़ियों की बैटरी का विशेष ध्यान रखना होता है। अधिक गर्मी और कार में कंपन की वजह से बैटरी को नुकसान पहुंच सकता है। ऐसे मैं आपको अपनी कार की बैटरी को अच्छी तरीके से फिट रखता होता है। साथ ही उसे समय-समय पर चेक भी करना होता है।

### फ्लूड को रखे मेंटेन

अपनी गाड़ियों के फ्लूड को आप को मेंटेन रखना होगा। इससे आपकी गाड़ी ओवरहीटिंग होने से बचेगी। इंजन ऑयल के अलावा आप अपनी गाड़ी की फ्लूड की भी समय-समय पर जांच कराते रहें।

### टायर प्रेशर

गर्मियों में टायर प्रेशर को मेंटेन रखना बेहद ही जरूरी है। अगर आप इसे मेंटेन नहीं करते हैं तो अत्यधिक गर्मी होने की वजह से आपकी गाड़ी का टायर चलते-चलते कभी भी फट सकता है।

### टंकी फुल कर आने से बचें

गर्मियों में गाड़ी की टंकी में थोड़ा स्पेस जरूर रखना चाहिए। अगर आप फुल टंकी कराते हैं तो तेज धूप या गर्मी की वजह से आपको लंबी दूरी की यात्रा में नुकसान पहुंच सकता है।

### कुछ सामान्य से टिप्स

- अपनी कार को हमेशा छाया में खड़ी करें। इससे कार ठंडी तो रहेगी ,साथ ही साथ पेंट को भी नुकसान नहीं पहुंचेगा।
- जब भी आप अपनी कार की पार्किंग करें, उसके शीशे थोड़े से ऊपर रहने दे ताकि कार के भीतर वेंटिलेशन बना रहे।
- इसके अलावा समय-समय पर आपको अपनी कार की एसी की सर्विसिंग जरूर करानी चाहिए।
- कार की सीट पर मुलायम कपड़े का इस्तेमाल करें।

❖ अंकित सिंह

## सूडोकु नवताल- 6684

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6683 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## दैनिक पंचांग

**29 अप्रैल 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.27 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | मिथुन | 08.25 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | कर्क | 10.38 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 12.54 बजे से |
| गुरु | मेष में | कन्या | 15.06 बजे से |
| शुक्र | वृष में | तुला | 17.17 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 19.32 ब.से |
| राहु | मेष में | धनु | 21.48 बजे से |
| केतु | तुला में | मकर | 23.53 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 01.39 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | मीन | 03.12 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 04.43 बजे से |

**शनिवार** 2023 वर्ष का 119 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**वक्रम संवत्** 2080
**शक संवत्** 1945
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** नवमी 18.23 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आश्लेषा 12.47 बजे को समाप्त।
**योग** गण्ड 10.31 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 18.23 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 08.8 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 14° 19'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871598
**जूलियन दिन** 2460063.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 08
**विशेष** सीता नवमी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7747

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | | ■ | 6 | 7 |
| | ■ | ■ | 8 | 9 | | 10 | ■ | |
| 11 | | 12 | ■ | | ■ | 13 | | |
| ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | | ■ | ■ |
| 16 | | | ■ | 17 | ■ | 18 | | 19 |
| | ■ | ■ | 20 | | 21 | ■ | ■ | |
| 22 | 23 | ■ | | ■ | | ■ | 24 | |
| ■ | 25 | | | ■ | 26 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. पाबंदी,संयम,पाश-3
3. मनुष्य,इंसान-3
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. नलका,टूंटी
8. प्रलय,महासंकट-4
11. दही से बना खाद्य पदार्थ-3
13. निर्माण,निर्मिती-3
14. हुनर,आर्ट-2
15. उम्मीद,आशा-2
16. खाना बनाना-3
18. असफल,अनुतीर्ण-3
20. आभास,भास-3
22. वध-2
24. जी,इच्छा,चित-2
25. सब्जी का सड़ना,बर्फ का पिघलना-3
26. याद करना-3

**ऊपर से नीचे**

1. हड़ताल,स्थिर,रुका हुआ-2
2. लवण -3
3. विश्राम,राहत-3
4. मछली,मत्स्य,राशि चक्र की एक राशि-2
5. बूंद-3
7. शरमाना-3
9. दोस्त,मित्र-2
10. बहुत प्यासा होना-4
12. एकटक निहारना-3
16. शरण,आश्रय-3
17. सम्मान-2
19. चिंतन-3
20. मकान,इमारत-3
21. कमी,थोड़ा-3
23. तज देना-2
24. इंकार,मनाही-2

### शब्द पहेली -7746 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न | भ | ■ | न | र | म | ■ | मा | त |
| म | ■ | शा | म | ■ | द | म | ■ | प |
| क | न | क | ■ | ज | ■ | ना | प | ना |
| ■ | मा | ■ | ख | न | क | ■ | र | ■ |
| रा | ज | दा | र | ■ | स | रो | व | र |
| ■ | गा | ■ | ल | गा | म | ■ | रि | ■ |
| र | ह | न | ■ | ल | ■ | मि | श | न |
| म | ■ | ख | त | ■ | पा | त्र | ■ | जा |
| ल | ब | ■ | बा | च | क | ■ | ता | त |

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। सोचे हुए काम पूरे हो सकते हैं। बिजनेस में सफलता मिलेगी और फायदा होगा। व्यापास विस्तार के लिए कोई नया फैसला ले सकते हैं।

**वृष राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम रहेगा, जिससे कार्यों में सफलता मिलेगा, लेकिन ऑफिस या फील्ड में किसी भी तरह की रिस्क न लें और जल्दबाजी से बचें।

**मिथुन राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में लाभ मिलने की संभावना है। नये सौदे फायदेमंद रहेंगे, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**कर्क राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। आकस्मिक धनलाभ के योग बन रहे हैं, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ़ने से आर्थिक स्थिति कमजोर होगी।

**सिंह राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में लाभ मिलेगा। अचानक फायदा होने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी और कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कन्या राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है और कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा रहेगी।

**तुला राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। आकस्मिक धनलाभ होने की संभावना रहेगी। कारोबार विस्तार को लेकर नई योजनाएं बनाएंगे।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र और बिजनेस में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना बन रही है। पैसों से जुड़े किसी मामले में परेशानी उठानी पड़ सकती है।

**धनु राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार की परेशानियां खत्म होंगी। नया काम शुरू हो सकता है। अचानक धनलाभ के योग हैं, लेकिन लेन-देन से बचें। प्रॉपर्टी में निवेश लाभदायक रहेगा।

**मकर राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में जोखिम भरे सौदों से बचना होगा। कार्यक्षेत्र में काम ज्यादा रहेगा। कठिन परिश्रम से रुके हुए कार्यों में प्रगति होगी।

**कुंभ राशि** : आज का दिन शुभ फलदायक रहेगा। कार्यक्षेत्र में कामकाज की अधिकता रहेगी, लेकिन परिजनों और सहयोगियों का भरपूर सहयोग मिलेगा, जिससे सभी कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मीन राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी और धनलाभ की संभावना रहेगी। निवेश से लाभ मिलेगा। कार्य विस्तार की योजना बना सकते हैं, लेकिन अनावश्यक खर्च से चिंता भी बढ़ेगी।




### सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार से पूछा

# अतीक-अशरफ की गाड़ी को सीधे अस्पताल क्यों नहीं लाए?

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या की जांच की मांग से जुड़ी एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट तीन हफ्ते बाद सुनवाई करेगा। याचिका में पुलिस की मौजूदगी में अतीक-अशरफ की हत्या की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति गठित करने की मांग की गई है। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से पूछा कि माफिया भाइयों अतीक और अशरफ को ले जा रही गाड़ी को सीधे अस्पताल क्यों नहीं ले जाया



गया? इस पर उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया कि उन्होंने इस मामले की जांच के लिए एक आयोग नियुक्त किया है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से मुकुल रोहतगी ने कोर्ट में पक्ष रखा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमने घटना टीवी पर देखी है। दोनों को गाड़ी से सीधे अस्पताल क्यों नहीं ले जाया गया। उनकी परेड क्यों कराई जा रही थी।

### कोर्ट ने यूपी सरकार से रिपोर्ट मांगी

**जस्टिस** एस रवींद्र भट और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने झांसी में अहमद के बेटे असद की पुलिस मुठभेड़ पर भी यूपी सरकार से रिपोर्ट मांगी। असद को 13 अप्रैल को यूपी पुलिस की एक विशेष टास्क फोर्स टीम ने एक मुठभेड़ मंड मार गिराया था। दो दिन बाद अतीक अहमद और अशरफ को मीडियाकर्मी बनकर आए तीन लोगों ने गोली मार दी थी।

### अब मामले में तीन हफ्ते बाद सुनवाई होगी

**घटना** उस वक्त हुई, जब उन्हें पुलिस सुरक्षा के बीच स्वास्थ्य जांच के लिए प्रयागराज के एक मेडिकल कॉलेज ले जाया जा रहा था। शीर्ष कोर्ट के वकील अधिवक्ता विशाल तिवारी ने याचिका दायर की है। याचिका में 2017 से उत्तर प्रदेश में हुई 183 मुठभेड़ों की जांच की मांग की गई है। अब मामले में तीन हफ्ते बाद सुनवाई होगी।

**वाह! बर्फबारी!!**



शुक्रवार को गुलमर्ग में ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढंके क्षेत्र का एक दृश्य। (फोटो : आईएएनएस)

## बिहार में जदयू नेता की गोली मारकर हत्या

**कटिहार।** बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता कैलाश महतो की गुरुवार देर रात बिहार के कटिहार जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, बरारी थाना क्षेत्र के पूर्वी बाड़ीनगर पंचायत के कृषि फार्म के पास अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। बताता जाता है कि जदयू के नेता कैलाश महतो (70) बरारी बाजार से अपने घर जा रहे थे। इसी बीच दो अपराधी बाइक से अचानक कृषि फार्म चौक के पास पहुंचे और जदयू नेता के ऊपर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। इसके बाद बदमाश हवाई फायरिंग करते हुए चलते बने। आसपास के लोग महतो को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## काशी, अयोध्या व मथुरा की तरह ही नैमिषारण्य का भी कायाकल्प : योगी

**नवीन मेल नेटवर्क। सीतापुर**

काशी चमक चुकी है, अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो रहा है। मथुरा-वृंदावन के कायाकल्प का काम चल रहा है, अब नैमिषारण्य की बारी है। काशी विश्वनाथ धाम की तरह ही नैमिषारण्य का कायाकल्प होने के बाद यहां धार्मिक पर्यटन बढ़ेगा, जिससे हर सेक्टर में रोजगार के अवसर बड़े पैमाने पर सृजित होंगे। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नैमिषारण्य में आयोजित चुनावी जनसभा में कहीं। उन्होंने यूपी में हो रहे नगर निकाय चुनाव को देवासुर संग्राम बताते हुए कहा कि कभी इसी



नैमिषारण्य की भूमि से महर्षि दधीचि ने दैवीय शक्तियों के विजय के लिए अपनी अस्थियां वज्र बनाने के लिए दी थीं। यह समय भी इस चुनाव में दानव रूपी भ्रष्टाचारियों, दुराचारियों, माफिया और अपराधियों को सबक सिखाने का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अत्यंत पवित्र और साधकों को सिद्धि प्रदान करने वाली इस तीर्थ भूमि नैमिषारण्य को मैं कोटि कोटि नमन करता हूं। दुनिया का इतिहास भले ही उंगलियों पर गिना जाने वाला है, मगर नैमिषारण्य का इतिहास हजारों-हजार साल पुराना है। भारतीय मनीषियों का संपूर्ण ज्ञान समेटे हुए ये नैमिषारण्य की भूमि हम सभी के लिए सदैव से आस्था का केंद्र रही है। यहां आकर मेरा जन्म और जीवन दोनों धन्य हो गया है। देवासुर संग्राम में यहां पर महर्षि दधीचि ने अपनी अस्थि दानकर जो वज्र प्रदान किया था, उसने दैवीय शक्तियों को विजय प्रदान करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

ये चुनाव किसी देवासुर संग्राम से कम नहीं है।

## एक्ट्रेस जिया खान सुसाइड केस में सूरज पंचोली बरी

**एजेंसी। मुंबई**

बॉलीवुड एक्ट्रेस जिया खान खुदकुशी मामले में अभिनेता सूरज पंचोली बरी हो गए हैं। मुंबई की सीबीआई कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया है। जिया खान की खुशकुशी मामले में साल 2019 में मुकदमा शुरू हुआ और 20 अप्रैल 2023 को सुनवाई पूरी हो गई। जिया खान ने 3 जून 2013 को जुहू स्थित अपने घर में आत्महत्या की थी और इसके लिए सूरज पंचोली पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया था। तकरीबन 10 साल बाद मुंबई की सीबीआई अदालत ने इस मामले में शुक्रवार को अपना फैसला सुना दिया है।

### बजरंग पुनिया ने कहा : खेल मंत्री ने तो हमारा फोन तक नहीं उठाया

## बृजभूषण पर दर्ज होगी प्राथमिकी

### पीएम से मांग- बृजभूषण को हर पद से हटाया जाए, निष्पक्ष जांच हो

**ब्यूरो/एजेंसियां। नई दिल्ली**

शुक्रवार को जंकर-मंतर पर बैठे पहलवानों को तब बड़ी सफलता मिली, जब दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि कुश्ती महासंघ के अध्?क्ष बृजभूषण शरण सिंह पर एफआईआर दर्ज किया जाएगा। इस तरह बीते तकरीबन एक हफ्ते से धरने पर बैठे पहलवानों की एक मांग पूरी हो गई है, जिसमें वह बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे थे। इसके लिए विनेश फोगाट समेत सात महिला पहलवानों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दी थी। शुक्रवार शाम 4 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहलवानों ने एफआईआर दर्ज किए जाने को लेकर बात की और कहा कि यह अंतिम पड़ाव नहीं है। यह तो महज शुरूआत भर है। बृजभूषण शरण सिंह को सजा मिले। पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ने कहा कि दिल्ली पुलिस को कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। बृजभूषण सिंह को जेल में डाला जाए। ये उनकी सबसे पहली मांग है। ये सिर्फ कुश्ती की बात नहीं है। अगर देश का भविष्य स्पोर्ट्स में बचाना है तो हमें एक साथ आना होगा। अगर खिलाड़ियों की आवाज को दबाया जा रहा है तो हम उनकी आवाज बनें। अगर हम ऐसा आज नहीं कर पाए तो भारत में कभी स्पोर्ट्स को बचा नहीं पाएंगे। 'ये लड़ाई एफआईआर तक नहीं थी। लड़कियों ने खुद शिकायत की है। अगर हमें कोई सुबूत देने होंगे तो हम सभी सुबूत सुप्रीम कोर्ट के सामने ही पेश करेंगे, किसी कमेटी या दिल्ली पुलिस के सामने नहीं। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने नहीं सुनी हमारी बात। पुलिस या कमेटी किसी पर भरोसा नहीं है हमें। कमेटी ने असली बात छिपा कर रखी है। सुप्रीम कोर्ट जो फैसला करेगा, वही मान्य होगा।

### 'शुक्रवार संवाद' कार्यक्रम का आयोजन, दुर्गेश सिंह बोले

## सबसे 'पर्सनल' स्टोरी ही है सबसे 'ग्लोबल'

**नवीन मेल नेटवर्क। नई दिल्ली**

आज दुनिया में ग्लोसबल स्टोरी जैसा कोई कॉन्सेंप्ट् नहीं है। आपकी ह्यपर्सनलह्न स्टोरी ही ह्यग्लोंबलह्न स्टोरी बनती है। स्टोरीटेलिंग में दर्शकों को एंगेज करना सबसे महत्वपूर्ण है। यह विचार चर्चित वेब सीरीज 'गुल्लक' के लेखक दुर्गेश सिंह ने भारतीय जन संचार संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'शुक्रवार संवाद' को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कहानियां ही हमें बनाती हैं। हम सबकी कोई न कोई कहानी जरूर होती है। अगर अपनी कहानी हम नहीं कहेंगे, तो और कौन कहेगा। इस अवसर पर भारतीय जन संचार संस्थान के



महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी, डीन (छात्र कल्याण) प्रो. प्रमोद कुमार, डीन (अकादमिक) प्रो. गोविंद सिंह, विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग की पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. मीता उज्जैन सहित सभी केंद्रों के संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

'छोटे शहरों की बड़ी कहानियां' विषय पर आयोजित व्याख्यान को संबोधित करते हुए दुर्गेश सिंह ने कहा कि पिछले बीस-तीस सालों में हम 'मास' की नहीं, बल्कि 'क्लाहस' की कहानियां सुनते आए हैं। 'गुल्लछक' और 'पंचायत' जैसी सफलताएं इस बात का सबूत है कि अपनी कहानी कहने का यह बेहतरीन समय है। आज ओटीटी, इंस्टासग्राम, फेसबुक, यूट्यूब, ट्विटर हर जगह कहानियां कही जा रही हैं और इन कहा नियों को हमारे-आपके जैसे लोग ही कह रहे हैं।

सिंह ने कहा कि सिनेमा या वेब सीरीज का अपना एक ग्रामर होता है, जिसे डिकोड करने की जरुरत होती है।

## श्री रामजन्मभूमि मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा संभव

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

अयोध्या के श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी ने काशी के पंडित गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ व अन्य पंडितों से 15 जनवरी से 25 जनवरी 2024 के बीच तीन मुहूर्त निकालने का आग्रह किये थे। काशी के पंडितों द्वारा 22 जनवरी की तिथि को शुभ बताया गया है।हिन्दू पंचांग के अनुसार 22 जनवरी 2024, सोमवार पौष माह के शुक्ल पक्ष द्वादशी तिथि है। रामजन्मभूमि में निमार्णाधीन राममंदिर के भूतल का 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसलिए रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की भी तैयारी शुरू हो गई है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की योजना है कि जनवरी 2024 तक रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भव्य गर्भगृह में कर दी जाए।

प्राण प्रतिष्ठा के मुहूर्त के लिए श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी ने काशी के दिग्गज विद्वान गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ व अन्य विद्वानों से से तीन मुहूर्त मांगे थे। 15 जनवरी से 25 जनवरी 2024 के भीतर यह मुहूर्त निकालने को कहा गया था। गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने 22 जनवरी 2024 का मुहूर्त निकाला है। इसके अलावा उन्होंने फरवरी में भी एक मुहूर्त निकालकर ट्रस्ट को बताया गया है।




## राखी सावंत ने मोहम्मद दानिश की शादी में ढोल पर किया डांस



**राखी सावंत** को 'इंडियन आइडल 12' के कंटेस्टेंट मोहम्मद दानिश की शादी समारोह के दौरान ढोल पर डांस करते देखा गया। उन्होंने हैवी ज्वेलरी के साथ येलो लहंगा पहना हुआ था। उन्होंने मीडिया से भी बातचीत की और आदिल खान दुरानी के साथ अपने संबंधों के बारे में बात की। राखी ने 'सबकी बारते आई' गाना भी गाया और उस पर डांस भी किया। उसने मीडिया से बात की और साझा किया कि आदिल ने उससे झूठ बोला और अपना वादा कभी पूरा नहीं किया। यही वजह है कि वह हर शादी में दुल्हन की तरह सज-धज कर शामिल होती हैं।

## 'केडी-द डेविल' में रानी मचलक्ष्मी का किरदार निभाएंगी रेशमा नानैया



**सैंडलवुड** की अखिल भारतीय पेशकश 'केडी-द डेविल' में लीड एक्ट्रेस को लेकर लंबे समय से चल रहे सस्पेंस को तोड़ते हुए, निमार्ताओं ने आखिरकार फिल्म की प्रमुख लेडी का खुलासा किया। रेशमा नानैया को ध्रुव सरजा के साथ रानी मच्छलक्ष्मी के रूप में देखा जाएगा। रेशमा ने केडी के विंटेज फोल्ड में एंटर किया, जिसमें उनका लुक काफी आकर्षक रहा। इससे पहले 'एक लव या', 'राणा' और 'वामाना' जैसी फिल्मों में उनके काम के लिए देखा गया है।

### कार्यक्रम | 2014 में पीएम ने शुरू की थी 'मन की बात'

# युवाओं -मोदी के बीच ब्रिज है मन की बात

**उपेंद्र राय। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो शो 'मन की बात' के 100 एपिसोड पूरे होने का जश्न बड़े स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन में जाने-माने कलाकारों की प्रदर्शनी होगी। इसके अलावा दिल्ली के लाल किला और कोणार्क के सूर्य मंदिर जैसे प्रतिष्ठित विरासत स्थलों में प्रोजेक्शन मैंपिंग की जाएगी। साथ ही अमर चित्र कथा कॉमिक्स बुक, जिसमें व्यक्तियों और विषयों का उल्लेख किया गया है, इसके जरिए भी कार्यक्रम को भव्य तरीके से मनाया जाएगा। पीएम मोदी सामाजिक महत्व के विषयों और सरोकारों पर प्रति माह रेडियो प्रसारण के जरिए देश के नागरिकों से जुड़ते हैं। हर महीने के आखिरी रविवार को मन की बात का प्रसारण किया जाता है। यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि प्रधानमंत्री ने



अपने रेडियो वार्ता के माध्यम से देश के युवाओं को अपने साथ कनेक्ट कर लिया है। भारत 1.4 बिलियन से अधिक लोगों का देश है, जिसमें युवाओं का एक बड़ा और महत्वपूर्ण हिस्सा शामिल है। देश के भविष्य को आकार देने में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनकी राय तथा विचार मायने रखते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मर्म को समझा है और देश के युवाओं को जोड़ने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की शुरूआत की है। 'मन की बात' कार्यक्रम को 2014 में तब शुरू किया गया जब नरेंद्र मोदी भारत के प्रधान मंत्री बने। यह कार्यक्रम ऑल इंडिया रेडियो पर प्रसारित होने के अलावा इंटरनेट और मोबाइल ऐप पर भी उपलब्ध है।

कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के नागरिकों के साथ जुड़ना और देश से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर प्रधानमंत्री के विचारों को साझा करना है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री को भारत के लोगों से सीधे बात करने और उनके विचारों और चिंताओं को समझने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

कार्यक्रम विशेष रूप से भारत के युवाओं के साथ काफी सफल रहा है। प्रधानमंत्री के पास उनसे जुड़ने की यह अनूठी क्षमता है। नरेंद्र मोदी की बातचीत की एक अलग शैली है और वे सरल भाषा का उपयोग करते हैं, जिसे समझना आसान है। प्रधानमंत्री के भाषण अक्सर उपाख्यानों और कहानियों से भरपूर होते हैं जो उन्हें भरोसेमंद और आकर्षक बनाते हैं।

कार्यक्रम ने भारत के युवाओं को अपनी राय और विचारों को आवाज देने के लिए एक मंच भी दिया है। पीएम मोदी अक्सर विभिन्न मुद्दों पर भारत के लोगों से सुझाव और प्रतिक्रिया आमंत्रित करते हैं और युवा कार्यक्रम में योगदान देने में सक्रिय रहे हैं। मन की बात प्रसारण के पहले पंद्रह संबोधनों में 61,000 से अधिक आइडियाज ऑनलाइन दर्ज किए गए और 1.43 लाख श्रोताओं के ऑडियो रिकॉर्डिंग्स हासिल हुए। हर महीने प्रसारण में सावधानी से चुने गए कुछ कॉल शामिल किए जाते हैं।

## तेलुगू निर्देशक आनंद रंगा की 'व्यवस्था' एक युवा वकील के संघर्ष की कहानी



**तेलुगू निर्देशक** आनंद रंगा ने कार्तिक रत्नम, संपत राज, हेबाह पटेल, कामना जेटमलानी, सुकुरथा वागले, शिवानी, सुजीत कुमार रेड्डी, राजा अशोक और गुरुराज अभिनीत अपनी वेब सीरीज 'व्यवस्था' के बारे में बात की। 8-एपिसोड का कोर्ट रूम ड्रामा दो वकीलों की कहानी है, एक सत्ता का भूखा वकील चक्रवर्ती है और दूसरा एक दलित वामसी है। अपनी हकलाने की समस्या के कारण वामसी को कानून का अभ्यास करने में कोई दिलचस्पी नहीं है, लेकिन जब उसकी पूर्व प्रेमिका पर हत्या का आरोप लगाया जाता है, तो वह मामले को उठाने का फैसला करता है। कोर्टरूम में वे यह निर्धारित करने के लिए बहस करते हैं कि क्या यामिनी (हेब्बा पटेल द्वारा अभिनीत) ने अपने पति की हत्या की थी। वेब सीरीज के बारे में बात करते हुए, निर्देशक आनंद ने कहाः कहानी आपको एक युवा लॉ ग्रेजुएट के जीवन के माध्यम से ले जाती है, जो एक शक्तिशाली वकील के खिलाफ मामला उठाता है, और इस प्रक्रिया में बहुत सारी चुनौतियों और असफलताओं का सामना करता है।

**NEWS इन ब्रीफ**

### गोस्सनर कॉलेज में निःशुल्क डेंटल केयर चेकअप का आयोजन

**रांची।** रांची के गोस्सनर कॉलेज के बीबीए डिपार्टमेंट में शुक्रवार को निशुल्क डेंटल हेल्थ केयर का आयोजन किया गया। इसमें डॉक्टर सरिता ने कॉलेज के विद्यार्थियों एवं प्रोफेसर्स का डेंटल चेकअप किया। इस दौरान डॉ. सरिता ने बताया कि निःशुल्क डेंटल चेकअप के पीछे का एकमात्र उद्देश्य है। लोगों को डेंटल केयर के प्रति जागरूक करना, क्योंकि इस दौड़ भाग से भरी जिंदगी में लोग अपनी सेहत का तो ख्याल रख लेते हैं पर अपने दांतों का ख्याल रखना भूल जाते हैं। वहीं, दूसरी ओर बीबीए डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष ने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थियों ने डेंटल चेक अप में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने आगे कहा कि आगे भी इस तरह के शिविर का आयोजन किया जाएगा। मौके पर बीबीए विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर विनय और प्रोफेसर सुरेन्द्र प्रजापति, विद्यार्थी सहित अन्य मौजूद थे।

### बीमारी से परेशान होकर महिला ने की खुदकुशी

**रांची।** मसानजोर थाना क्षेत्र के पाटसिमला गांव में गुरुवार की शाम बीमारी से तंग आकर दो बच्चों की मां सीमा देवी (23) ने घर में ही फांसी लगाकर जान दे दी। शुक्रवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव को पति को सौंप दिया। पति जितेंद्र रजक ने बताया कि दो माह से पत्नी बीमार चल रही थी। कई जगह इलाज कराने के बाद भी हालत में सुधार नहीं हो रहा था। गुरुवार की शाम घर के सभी लोग बच्चों को लेकर गांव में ही गए हुए थे।

### उमेश रजक कांग्रेस कला-संस्कृति एवं फिल्म विभाग के जोनल-को-ऑर्डिनेटर मनोनीत

**रांची ।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी कला-संस्कृति एवं फिल्म विभाग के चेयरमैन भानू प्रपात बड़ाईक ने शुक्रवार को कांग्रेस भवन रांची में उमेश रजक को कांग्रेस कला-संस्कृति एवं फिल्म विभाग ( पलामू प्रमंडल ) के जोनल-को-ऑर्डिनेटर मनोनीत किया। इस मौके पर झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने नियुक्ति पत्र दिया। और भानू प्रपात बड़ाईक ने माला पहना कर कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया और कहा कि आप पलामू प्रमंडल में कला-संस्कृति एवं फिल्म के संबर्द्धन एवं विकास हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए कला एवं संस्कृति प्रेमियों को कांग्रेस की मुख्यधारा से जोड़कर संगठन को मजबूती प्रदान करने का कार्य करेंगे।

# आजसू का सामाजिक न्याय मार्च 30 अप्रैल को



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी 30 अप्रैल को सामाजिक न्याय मार्च मोरहाबादी के बापू वाटिका से हरमू मैदान तक निकालेगी. मार्च में पूरे झारखंड से आजसू के नेता व कार्यकर्ता शामिल होंगे। उपरोक्त बातें पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने प्रेस वार्ता कर कही। उन्होंने आगे कहा कि जातिगत जनगणना, पिछड़ों का आरक्षण और नगर निकाय की अवधि खत्म हो गई है. जनप्रतिनिधियों को एक्सटेंशन देने जैसे विषयों पर मार्च निकाला जाएगा। सरकार से हमारी मांग हैं कि वह वीसी आरक्षण और ट्रिपल टेस्ट करवा कर जल्द से नगर निकायों के चुनाव को संपन्न कराए। समय पर नगर निकाय का चुनाव नहीं होना सरकार की विफलता है। उन्होंने कहा कि नगर निकायों में जनप्रतिनिधियों के ना होने से अब पूरा सिस्टम पदाधिकारियों के हाथों में चला जाएगा. सरकार का वादा था खतियान आधारित नियोजन नीति 1932 लागू करना और हर साल पांच लाख नौकरी देना, लेकिन इस पर सरकार विफल रही है। 60,40 जैसी नीति लेकर सरकार आयी और जब युवा न्याय के लिए निकले तो उनसे बात करने के बजाय लाठी-डंडे से पीटा गया. एयर एंबुलेंस के उद्घाटन वाले प्रश्न पर देवशरण भगत ने कहा कि यह सक्षम लोगों के लिए है आम लोगों के लिए नहीं है। उन्होंने कहा कि हेमंत है, तो हिम्मत है. कोयला और भालू चोरों को हिम्मत है। बाकी झारखंड की जनता को दिक्कत है।

### मन की बात के 100वें संस्करण को उत्सव के रूप में सुनें : सांसद

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100वें संस्करण को लेकर रांची के सांसद संजय सेठ ने समाज के सभी वर्गों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को जरूर सुनें। इस दिन को एक उत्सव के रूप में मनाएं। इसके लिए सांसद ने राजधानी के अलग -अलग क्षेत्रों में काम कर रहे 76 संगठनों का सहयोग लिया है। ये संगठन सामीजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक और धार्मिक क्षेत्रों में सक्रिय हैं। सांसद ने इस मौके पर आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री की मन की बात महज एक संवाद नहीं बल्कि गागर में सागर भरने वाला कार्यक्रम है। इसमें वे आधे घंटे सीधे देश की जनता के साथ जुड़ते हैं, उनका हालचाल लेते हैं और उन्हें प्रेरणा देते हैं। सांसद ने कहा कि यह कार्यक्रम कोई राजनीतिक नहीं बल्कि एक सामाजिक परिवर्तन का कार्यक्रम है। कभी कोरोना काल में सेवा देने वाले लोगों के बीच, कभी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी बच्चों के बीच, कभी बेहतर परिणाम देने वालों के बीच, कभी उद्योग, उद्यम और कला के क्षेत्र में परिवर्तन लाने वालों के साथ संवाद स्थापित करते हैं।

## अदालत की खबरें

### हाई कोर्ट ने पदार्थ मामले में सरकार का जवाब नहीं आने पर जताई नाराजगी



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में शुक्रवार को दूध में मिलावट सहित मिलावटी खाद्य पदार्थों के मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान मामले पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने सरकार का जवाब नहीं आने पर कड़ी नाराजगी जतायी। कोर्ट ने मौखिक कहा कि अगली सुनवाई तक अगर जवाब दाखिल नहीं होता है तो स्वास्थ्य सचिव को कोर्ट में उपस्थित होना होगा। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 16 जून निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने राज्य सरकार से खाद्य पदार्थों की जांच से संबंधित एक साल का विवरण मांगा था। कोर्ट ने सरकार से पूछा था कि राज्य के जिलों में फूड सेफ्टी ऑफिसर के द्वारा प्रति माह कितने खाद्य पदार्थों (कच्चे और पक्के) के सैंपल को एकत्रित किया गया। इसमें से कितने सैंपल गलत पाए गए, जो खाद्य पदार्थ के सैंपल गलत पाए गए उनके संचालकों के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई। लैब में खाद्य पदार्थों की किस-किस तरह की जांच होती है। इन सारी चीजों के बारे में हाई कोर्ट ने सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। मामले में एमिकस क्यूरी पीयूष पोद्दार ने पैरवी की।

## रांची के कैंब्रियन स्कूल में वार्षिक पत्रिका विजनेक्स्ट का विमोचन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को स्कूल की वार्षिक पत्रिका विजनेक्स्ट के दसवें अंक का विमोचन हुआ। साथ ही सत्र 2022-23 के टॉपर्स को पुरस्कृत किया गया। मौके पर प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने कहा कि स्कूल मैगजीन विद्यालय में बच्चों को दी जा रही शिक्षा, संस्कार और संस्कृति सहित अन्य गतिविधियों का दर्पण है। विद्यालय पत्रिका से बच्चों में लेखन प्रतिभा निखरती है। प्राचार्या ने सेक्शन टॉपर्स और सौ फीसदी उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। पत्रिका का संपादन सिराजुद्दीन पंडित ने किया है। पत्रिका के प्रकाशन में संपादक मंडल सदस्य सह चीफ एक्टिविटी कॉर्डिनेटर आशा राज, गौतम कुमार नायक, डॉ अभयनाथ मिश्र, मीनू सहाय, विनिता वर्मा, ममता कुमारी एवं मीनाक्षी शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन विनीत कौर ने किया।

### रांची में लॉज और बैंक्वेट के लाइसेंस नहीं लेने पर कार्रवाई

**रांची।** रांची में अब पांच मई के बाद लॉज और बैंक्वेट के लाइसेंस नहीं लेने पर संचालकों पर कार्रवाई होगी। रांची नगर निगम ने पांच मई तक लाइसेंस के लिए आवेदन जमा करने को कहा है। इसके बाद नगर निगम की ओर से संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी। पकड़े जाने पर 25 हजार फाइन लगाया जाएगा। दूसरी बार पकड़े जाने पर हॉस्टल, लॉज, बैंक्वेट को सील कर दिया जाएगा। इतना ही नहीं पांच मई के बाद वेरिफिकेशन के लिए टीम जाएगी तब ही लाइसेंस जारी किया जाएगा। संचालकों को नगर निगम से लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया गया है। सिटी में अब भी हजारों हॉस्टल लॉज बिना रजिस्ट्रेशन के लिए चल रहे हैं। इतना ही नहीं, वहां पर मानकों का भी पालन नहीं किया जा रहा है। अब इन हॉस्टल्स पर पहले फाइन लगाया जाएगा।

## राजस्थान में बंधक बनी युवती हुई मुक्त

# डेढ़ लाख में किया था सौदा




नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजधानी के चान्हो इलाके की रहने वाली 18 वर्षीय युवती को राजस्थान से मुक्त करवा लिया गया है। रांची में सक्रिय मानव तस्करों ने बेहतर नौकरी देने का झांसा देकर युवती को राजस्थान में रहने वाले एक व्यक्ति के हाथों डेढ़ लाख रुपये में बेच दिया था। रांची पुलिस की एक टीम युवती के रेस्क्यू के लिए तीन दिनों से राजस्थान में कैंप कर रही थी। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने किया रेस्क्यूः लड़की के गायब होने को लेकर रांची के कोतवाली थाने में स्थित एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी, जिसके बाद पुलिस की एक टीम राजस्थान जाकर युवती की तलाश कर रही थी। रांची पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम ने युवती को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया है। जानकारी के अनुसार, युवती को रेस्क्यू करने के बाद रांची पुलिस की टीम राजस्थान से रांची के लिए रवाना हो चुकी है। गौरतलब है कि रांची में सक्रिय मानव तस्करों ने युवती को पहले काम दिलाने के नाम पर अपने चंगुल में फंसाया और फिर उसे डेढ़ लाख रुपए में राजस्थान के एक व्यक्ति को बेच दिया। मामले को लेकर लड़की के परिजनों ने रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट में एफआईआर दर्ज करवाई थी।

**तीन तस्कर पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तारः** वहीं दूसरी तरफ मामला दर्ज होते ही पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए आनन-फानन में मानव तस्कर गिरोह के तीन सदस्यों को पहले ही धर दबोचा था। गिरफ्तार तस्करों में एक महिला भी शामिल है। जिन तीन मानव तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उनमें प्रतिमा देवी, अनिल और युसूफ अंसारी शामिल हैं। तीनों आरोपियों ने पुलिस के सामने युवती को राजस्थान में बेचने की बात स्वीकार की है। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस के सामने यह खुलासा किया था कि राजस्थान के रहने वाले चेतन सैनी नाम के व्यक्ति ने डेढ़ लाख रुपए में अपने भांजे के लिए युवती को खरीदा है। वह व्यक्ति अपने भांजे से लड़की की शादी करवाने वाला है। परिजनों ने यह भी बताया था कि जब चेतन सैनी के नाम के व्यक्ति से उन्होंने अपनी बेटी को छोड़ देने की फरियाद लगाई तो उसने कहा कि अगर तुम्हें अपनी बेटी वापस चाहिए तो डेढ़ लाख रुपया लेकर आ जाओ और बेटी ले जाओ।

# अर्जुन मुंडा जनजातियों के साथ सुनेंगे प्रधानमंत्री के मन की बात



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात अंडमान निकोबार में जनजातीय समुदाय और आदिम जनजाति के लोगों के साथ सुनेंगे। इस बार मोदी के ₹मन की बात₹ का 100 वां एपिसोड है और इस बार इस कार्यक्रम के विश्व रिकॉर्ड बनने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि अर्जुन मुंडा अपने चार दिवसीय अंडमान निकोबार दौरे पर गए हैं। इस दौरान वह यहां जनजातीय समुदाय से मिल रहे हैं। इस क्रम में शुक्रवार को मुंडा शोम्पेन आदिम जनजाति से मिलने कैंपबेल बे पहुंचे हैं। उनके साथ मंत्रालय के अधिकारियों की एक टीम दौरे पर हैं। मुंडा शुक्रवार की रात इसी द्वीप में गुजारेंगे। पहली बार किसी केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री का अंडमान निकोबार के आदिम जनजाति के लोगों से उनके द्वीप में जाकर मिलने और उनके बीच रहने का यह प्रयास है। मुंडा आगामी 30 अप्रैल को जारवा आदिम जनजाति के लोगों से भी मिलेंगे। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में मूल रूप से छह जनजातियों अंडमानी, ओंगेस, जरावास, सेंटिनली, निकोबारी और शोम्पेंस का निवास स्थान रहा है।निकोबारी को छोड़कर, शेष पांच जनजातियां विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) हैं। द्वीपों की जनजातियां दो अलग-अलग जातियों से संबंधित हैं। अंडमान द्वीप समूह में रहने वाले अंडमानी, जरावास, ओंगेस और प्रहरी नेग्रिटो समूह के हैं, जबकि निकोबार द्वीप समूह में रहने वाले निकोबारी और शोम्पेंस मंगोलॉयड समूह के हैं।

**मान्यता** | हजारीबाग में कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित करने की अनुमति मिली

# झारखंड में बीएयू नियंत्राधीन सत्रहवां कृषि विज्ञान केंद्र होगा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। हजारीबाग जिले में केवीके की स्थापना को लेकर बीएयू कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह करीब डेढ़ वर्षों से लगातार प्रयासरत थे। उनकी दूरदृष्टि एवं भागीरथी प्रयासों के परिणामस्वरूप ही हजारीबाग जिले में आईसीएआर के सौजन्य से बीएयू नियंत्राधीन सत्रहवां कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित होने जा रहा है। भारत सरकार का उपक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर), नई दिल्ली ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, कांके, रांची को हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड स्थित मोजाकजरा गावं (गोरिया कर्मा) में कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) स्थापित करने की अनुमति प्रदान कर दी है। इस आशय का आदेश अवर सचिव (कृषि विस्तार), आईसीएआर, नई दिल्ली के माध्यम से शुक्रवार को बीएयू प्रबंधन को प्राप्त हुआ है। आईसीएआर ने मोजाकजरा गावं (गोरिया कर्मा) में चयनित 20 हेक्टेयर भूमि के साथ बीएयू के प्रशासनिक नियंत्राधीन एक केवीके की स्थापना की मंजूरी दी है। इस केंद्र को आईसीएआर से शत -प्रतिशत आधार पर वित्तीय सहायता राशि मिलेगी। इस केंद्र के सभी कार्यो एवं कार्यक्रमों का कार्यान्वयन आईसीएआर झ बीएयू के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन में उल्लेखित नियम और शर्तों के अधीन प्रतिबंधित होगी। बीएयू के द्वारा सहायता अनुदान, व्यय-विवरण और लेखापरीक्षा उपयोग प्रमाण-पत्र प्रतिवेदन आदि आईसीएआर/ जीएफआर 2017 के विस्तृत नियम और शर्तें के आधार पर किया जाएगा। केंद्र के सभी वैज्ञानिकों/कर्मचारियों के वेतनमान का निर्धारण संबंधित राज्य कृषि विश्वविद्यालय (एसएयू)/ अनुदान प्राप्त करने वाली संस्था द्वारा किया जाएगा। वेतन और भत्तों के सबंध में आईसीएआर का दायित्व, कृषि विज्ञान केंद्र के लिए निर्धारित वेतनमान तक सीमित होगा। केंद्र में प्रधान सहित सात वैज्ञानिकों एवं नौ कर्मचारियों सहित कुल सोलह पदों का सृजन एवं स्वीकृति मिली है। यह केंद्र बीएयू के निदेशालय प्रसार शिक्षा के नियंत्रणाधीन होगी और निदेशक, आईसीएआर- कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (अटारी), पटना के परामर्श से वेतनमान, अनुशासन/योग्यता के संबंध में आईसीएआर के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया जल्दी शुरू की जा सकती है। सभी मामलों में प्रासंगिक दिशा-निर्देश आईसीएआर-अटारी, पटना से प्राप्त की जायेगी। केंद्र हेतु विभिन्न भवनों और प्रदर्शन इकाइयों के प्लिंथ क्षेत्र में प्रारंभिक निर्माण कार्य शुरू करने से पहले भवनों और प्रदर्शन इकाइयों का लेआउट, योजना और अनुमानित लागत के लिए आईसीएआर का अनुमोदन लिया जायेगा।

## पृष्ठ एक का शेष

**एयर एंबुलेंस सेवा...**

बदलाव होता ही रहता है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में जहां चार पहिया एंबुलेंस नहीं पहुंच सकता, उन जगहों के लिए बाइक एंबुलेंस की सुविधा दी गई है। राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में भी दुनिया के बेहतरीन तकनीकों से लैस मशीनें लगायी गयी हैं। बाईपास सर्जरी, ओपेन हार्ट सर्जरी को सुविधा राज्य के लोगों को मिल रही है। सीएम ने कहाः जब तक मानव जीवन है, चुनौती सामने आती रहती है। एयर एंबुलेंस का लाभ सिर्फ पैसे वाले लोगों को नहीं होगा बल्कि जिनके पास पैसा नहीं, वे भी इसका लाभ ले सकेंगे। राज्य के अंदर किसी भी प्रकार की घटना-दुर्घटना होने पर जल्द से जल्द स्वास्थ्य सुविधा मिले, ऐसी व्यवस्था कायम करने का प्रयास किया जा रहा है। यह सरकार सड़क के किनारे हेलीपैड बनाकर हेलीकॉप्टर से घायलों को अस्पताल लाने की सोच रखती है। हेमंत सोरेन ने कहा कि कोरोना काल ने देश दुनिया को एक सबक दी है। कोरोना के उस दौर को भुलाया नहीं जा सकता है। राज्य में कई एयरपोर्ट हैं। इनमें धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, देवघर, जमशेदपुर, डाल्टनगंज, गुमला, साहेबगंज (प्रस्तावित) शामिल हैं। इन एयरपोर्ट पर एयर एंबुलेंस का ट्रायल लैंडिंग भी किया गया है। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि विभिन्न विभीषिका को झेलते हुए झारखंड स्वास्थ्य के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। राज्य के बीमार लोगों को बेहतर इलाज के लिए महानगरों के बड़े अस्पतालों में जाना पड़ता है। ऐसे में यह एयर एंबुलेंस राज्यवासियों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, प्रधान सचिव वंदना डाडेल, मख्यमंत्री के सचिव विनय चौबे, विधायक इरफान अंसारी, विधायक राजेश कच्छप समेत अन्य मौजूद रहे।

**कहां जाने के लिए कितने पैसे लगेंगे :** झारखंड के प्रमुख शहरों में यह सेवा 24 घंटा उपलब्ध रहेगी। रांची, देवघर, दुमका, बोकारो, गिरिडीह जमशेदपुर सहित कई जिले शामिल हैं। एयर एंबुलेंस के लिए रांची से दिल्ली का किराया पांच लाख रुपये होगा। रांची से मुंबई जाने के लिए सात लाख रुपये देने होंगे। रांची से चेन्नई के लिए आठ लाख, रांची से कोलकाता के लिए तीन लाख खर्च करने पड़ेंगे। रांची से हैदराबाद के लिए सात लाख लगेंगे। रांची से बनारस जाने के लिए तीन लाख 30 हजार रुपये देने होंगे। रांची से लखनऊ के लिए पांच लाख रुपये लगेंगे जबकि रांची से तिरुपति के लिए आठ लाख रुपये देने होंगे। इसके अलावा देश के किसी दूसरे हिस्से के लिए एयर एंबुलेंस की सुविधा लेने पर प्रति घंटा एक लाख 10 हजार अतिरिक्त देना होगा।

**कहां-कहां मिलेगी सेवा :** रांची में रांची के अलावा धनबाद, दुमका, देवघर, बोकारो, जमशेदपुर और गिरिडीह से यह सेवा मिलेगी।कंफर्म करने पर दो घंटे के भीतर एयर एंबुलेंस आपके लिए उड़ान भरने को तैयार रहेगा। इस सेवा में अच्छी बात यह है कि री-शेड्यूल करने की भी सुविधा मिलेगी। एयर एंबुलेंस में तमाम जरूरी उपकरणों के साथ चिकित्सक की भी सुविधा मिलेगी।

**पलामू अंचल कर्मियों की लापरवाही से...**

अंचल के राजस्व कर्मचारी श्रीकांत दास के द्वारा प्रताड़ित राजस्व गांव चेचरिया के रैयत विनोद तिवारी हैं। इन्होंने अपनी जमीन के मांग पंजी टू के आनलाईन कराने के लिए नावाबाजार कार्यालय के अंचलाधिकारी और राजस्व कर्मचारी के पीछे 1 साल दौड़ लगाई है। किंतु मोटी रकम नहीं दे पाने के कारण राजस्व कर्मचारी और अंचलाधिकारी आनलाइन नहीं कर रहे हैं। रैयत विनोद तिवारी के द्वारा अपर समाहर्ता, उपायुक्त, राजस्व सचिव और मुख्य सचिव तक को शिकायत भेजी गयी, किंतु कार्य नहीं हुआ।

**मोदी ने देश को दी 91 एफएम...**

और एफएम को नए अवतार में गढ़ा है। इंटरनेट के कारण रेडियो पिछड़ा नहीं, बल्कि ऑनलाइन एफएम के जरिए और पॉडकास्ट के जरिए सामने उभर कर आया है, यानी डिजिटल इंडिया ने रेडियो को नए श्रोता भी दिए हैं और नई सोच भी दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अक्सर जब हम कनेक्टिविटी की बात करते हैं तो हमारे सामने रोड, रेल, एयरपोर्ट की तस्वीर उभरती है, लेकिन हमारी सरकार ने फिजिकल कनेक्टिविटी के अलावा सोशल कनेक्टिविटी को बढ़ाने पर भी उतना ही जोर दिया है। हमारी सरकार कल्चरल कनेक्टिविटी और इंटलेक्चुअल कनेक्टिविटी को भी मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 सालों में हमने पद्म अवार्ड, साहित्य और कला अवार्ड के द्वारा देश के अलग-अलग हिस्सों के असल हीरोज को सम्मानित किया है।

**लोहरदगा, बरहवा और गोड्डा में हुई...**

गोड्डा में आयोजित समारोह में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने एफएम रेडियो की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर का धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि वे लगातार एफएम के लिए प्रयासरत थे। प्रसार भारती का पहले से ही गोड्डा में कार्यालय है। इसी में अब 103 I6 मीटर फ्रीक्वेंसी पर एफएम गोड्डा जिला मुख्यालय से 20 किमी की दूरी तक सुनाई देगा। कार्यक्रम दिल्ली से प्रसारित होंगे। लोग विविध भारती और संगीत के अलावा समाचार भी एफएम पर सुन पाएंगे।

**अमित शाह पर टिप्पणी मामले में...**

कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता है। कांग्रेसजन किसी हत्यारा को राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीकार नहीं कर सकते हैं। यह भाजपा में ही संभव है। नवीन झा ने राहुल गांधी के इस बयान के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराई थी, जिस पर कोर्ट ने संज्ञान ले लिया था। राहुल गांधी ने इसे निरस्त करने के लिए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है।

**नक्सली संगठन टीपीसी का सदर बता महिला को....**

हैं। इधर शिकायत के बाद मुखिया के रिश्तेदार, जिनका संबंध नक्सली संगठन टीपीसी संगठन से है, द्वारा मामले को दबाने को लेकर नक्सली संगठन टीपीसी का सदस्य बता महिला को फोन कर धमकियां दी गई। साथ हीं कहा गया कि उपायुक्त के नाम मुखिया की गयी शिकायत वापस लें। अन्यथा परिणाम बुरा होगा। वहीं महिला पलामू उपायुक्त से मिलकर शिकायत करने का निर्णय ली है।

**सीआरपीएफ के जवानों ने नक्सलियों के...**

गया। इसके साथ ही सीआरपीएफ के जवानों ने एक लोकल मिनी गन समेत 35 नग राउंड गोली भी बरामद की है। बरामद किए गए विस्फोटक को बम स्क्वाड ने जंगलों में ही डिस्फ्युज कर दिया है। सीआरपीएफ के जवानों को बिछा के जंगल में नक्सलियों की ओर से बिछाए गए जाल को नष्ट करने में बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। इस संबंध में सहायक कमांडेंट राकेश कुमार ने बताया कि लात के बेरे जंगल होते हुए बूढ़ा पहाड़ आने जाने का रास्ता है। नक्सली इस रास्ते में काफी संख्या में आईआईडी बम लगाकर सीआरपीएफ के जवानों को इस क्षेत्र में जाने से रोकना चाहते थे और सुरक्षा बल के जवानों को नुकसान पहुंचाना चाहते थे, जिसे समय रहते ही नष्ट कर दिया गया। सीआरपीएफ के अधिकारियों ने बताया कि इस ऑपरेशन में किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। इस ऑपरेशन में सीआरपीएफ के कई अधिकारी वह जवान शामिल थे।

**कोई कहता है जहरीला सांप...**

मांगी? सुरजेवाला ने पूछा कि उन्होंने सोनिया गांधी को जर्सी गाय कहने के लिए कभी माफी मांगी? क्या ये वही पीएम हैं जिन्होंने इतने मौकों पर महिलाओं का अपमान किया है और आत्महत्या जैसे गंभीर मुद्दे का मजाक उड़ाया है? उन्होंने नोटबंदी के वक्त परेशान लोगों का मजाक उठाया और ताली बजा-बजाकर कहा कि शादी है पर पैसा नहीं है? क्या उन्होंने कभी किसी से माफी मांगी है?

## NEWS इन ब्रीफ

### अर्जुन अटवाल मैक्सिको ओपन में संयुक्त 65वें स्थान पर काबिज



**वालार्टा (मैक्सिको)।** भारत के गोल्फर अर्जुन अटवाल ने मैक्सिको ओपन गोल्फ चैंपियनशिप के पहले दौर में सहज शुरूआत करते हुए एक अंडर 70 का स्कोर बनाया जिससे वह संयुक्त 65वें स्थान पर हैं। पिछले महीने अपना 50 वां जन्मदिन मनाने वाले अटवाल ने दो बर्डी बनाई और इस बीच एक बोगी भी की। अटवाल अभी पीजीए टूर के अलावा 50 वर्ष से अधिक खिलाड़ियों के लिए होने वाले पीजीए चैंपियनशिप टूर में भी खेल रहे हैं। भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया ने 68 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 31वें स्थान पर हैं। भारतीय मूल के एक अन्य खिलाड़ी आरोन राय ने 71 का स्कोर बनाया और वह पहले दौर के बाद संयुक्त 81वें स्थान पर हैं।

### केकेआर के विकेटकीपर लिटन दास स्वदेश लौटे

**कोलकाता।** बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास पारिवारिक आपात स्थिति के कारण स्वदेश लौट गए हैं और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की तरफ से इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। केकेआर की टीम के एक अधिकारी ने कहां, उनके परिवार में कोई आपात चिकित्सा स्थिति आ गई है जिसके कारण वह गुरुवार की सुबह ढाका रवाना हो गए। वह कब तक वापसी करेंगे इसको लेकर कोई जानकारी नहीं है।

### जूल नैमियर ने पूर्व चैंपियन क्वितोवा को दूसरे राउंड में चौंकाया



**मैड्रिड।** जर्मनी की जूल नैमियर ने तीन बार की पूर्व चैंपियन चेक गणराज्य की पेत्रा क्वितोवा को मैड्रिड ओपन के दूसरे राउंड में गुरुवार को चौंका दिया। जूल नैमियर की अपने करियर में टॉप 10 खिलाड़ियों के खिलाफ यह दूसरी जीत है। जूल नैमियर ने 10वीं सीड क्वितोवा को 7-6(9), 6-1 से हराकर तहलका मचाया। उनका अगला मुकाबला 24वीं सीड बेल्जियम की एलिस मर्टेंस या कनाडा की रेबेका मारिनो से होगा। तीन बार की मैड्रिड ओपन चैंपियन क्वितोवा मियामी में अपना 30वां टूर खिताब जीतने के बाद पहली बार एक्शन में थीं। चेक खिलाड़ी को पिछले सप्ताह दाएं पैर की चोट के कारण स्टटगार्ट से हटना पड़ा था। यह मैड्रिड में उनकी लगातार चौथी हार है।

# आईपीएल 2023 : रहाणे, चावला और मोहित ने साबित किया 'ओल्ड इज गोल्ड'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 लीग चरण के अपने दूसरे चरण में प्रवेश कर चुका है और सबसे बड़ी टी20 लीग के पहले भाग में कुछ शानदार व्यक्तिगत प्रदर्शन देखे गए। आईपीएल 2023 में पहले 35 मैचों में, प्रशंसकों को न केवल एक के बाद एक रोमांचक मुकाबले बल्कि कुछ खिलाड़ियों के अविश्वसनीय प्रदर्शन भी देखने को मिले।

पंजाब किंग्स के सैम करन और मुंबई इंडियंस के कैमरन ग्रीन आईपीएल 2023 नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी थे और युवा ऑलराउंडर अपनी फ्रेंचाइजी की उम्मीदों पर खरे भी उतर रहे हैं। करन- जिन्हें पंजाब द्वारा 18.5 करोड़ रुपये में खरीदा गया था झ्र ने आईपीएल 2023 में 138 की स्ट्राइक रेट से 7 मैचों में 142 रन बनाए, जबकि ग्रीन- जिन्हें मुंबई द्वारा 17.5 करोड़ रुपये में खरीदा गया - ने अब तक 149 के स्ट्राइक रेट से 199 रन बनाए हैं।

स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट लाइव पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और कोच पॉल कॉलिंगवुड ने करन की जमकर तारीफ की और कहा, करन एक सच्चे ऑलराउंडर हैं। वह समान निपुणता के साथ बल्लेबाजी और गेंदबाजी कर सकते हैं। वह पॉकेट-साइज डायनामाइट हैं। करन और ग्रीन ने गेंद के साथ भी अपनी ताकत साबित की है और महंगे खरीददारों के बीच सबसे प्रभावशाली विदेशी गेंदबाज बनकर उभरे हैं। करन और ग्रीन ने क्रमशः 8.9 और 10.5 की इकॉनमी से 5-5 विकेट लिए हैं।

ग्रीन की सराहना करते हुए, भारत के पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने कहा, कैमरून ग्रीन ने अब तक अपने प्राइस टैग को सही ठहराया है। ग्रीन मुंबई के लिए रेस का घोड़ा साबित हो सकते हैं। हार्दिक पांड्या और कीरोन पोलार्ड के जाने के बाद मुंबई को एक ऑलराउंडर की जरूरत है और ग्रीन इस कमी को पूरा कर रहे हैं।





'इम्पैक्ट प्लेयर' शब्द टाटा आईपीएल 2023 की बात हो सकती है, लेकिन जिन खिलाड़ियों ने सबसे अधिक प्रभाव डाला, वे अजिंक्य रहाणे (सीएसके), मोहित शर्मा (गुजरात), पीयूष चावला (मुंबई) और मयंक मारकंडे (हैदराबाद) हैं। इन सभी को आईपीएल 2023 नीलामी में आधार मूल्य पर खरीदा गया था। सीजन की शुरूआत से पहले इन खिलाड़ियों को किसी ने मौका नहीं दिया लेकिन इन्होंने अपने प्रदर्शन से अपने आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। मोहित शर्मा ने तीन मैचों में चार विकेट लिए हैं और पहले ही दो मौकों पर गुजरात के लिए दो प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार जीत चुके हैं। वह डेथ ओवरों में कप्तान हार्दिक पांड्या के पसंदीदा गेंदबाज रहे हैं। अजिंक्य रहाणे - जिन्हें सीएसके ने 50 लाख रुपये के आधार मूल्य पर खरीदा था - ने अपने लुभावने प्रदर्शन के साथ टाटा आईपीएल 2023 पर कब्जा कर लिया है। टाटा आईपीएल 2023 के आधे चरण में, रहाणे ने पांच पारियों में 209 रन बनाए। रहाणे ने 52.25 की औसत और 199.1 की जबर्दस्त स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। भारत की पूर्व क्रिकेटर मिताली राज ने आईपीएल 2023 में जिस तरह से बल्लेबाजी की और अपने खेल को नए सिरे से पेश किया, उसके लिए रहाणे की जमर सराहना की।

मिताली ने कहा, रहाणे ने अपने खेल में फिर से बदलाव किया है। वह टी20 प्रारूप में फिट होना चाहते थे और इसलिए उन्होंने अपने खेल में बदलाव किया। उनके शॉट्स में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन उनके दृष्टिकोण में बदलाव आया है। यह रहाणे बिल्कुल नया दिख रहा है। इसी तरह, सीनियर स्पिनर पीयूष चावला ने पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस के लिए खेले गए छह मैचों में 6.9 की इकॉनमी से नौ विकेट लिए हैं। हरभजन सिंह का मानना है कि इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट नियम पीयूष चावला और अमित मिश्रा जैसे दिग्गज क्रिकेटरों को उनके द्वारा खेले जाने वाले हर खेल पर एक महत्वपूर्ण प्रभाव छोड़ने की अनुमति देता है क्योंकि वे दोनों अनुभवी हैं और टीम के लिए एक संपत्ति हैं।

हरभजन ने कहा, चावला और मिश्रा इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट नियम के कारण बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम हैं क्योंकि वे जानते हैं कि उनके पास गेंदबाजी करने के लिए केवल तीन-चार ओवर हैं और उस दौरान वे अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकते हैं साथ ही, दोनों के पास क्लास और एक्सपीरियंस है। मयंक मारकंडे ने पांच मैचों में हैदराबाद के लिए 8 विकेट लिए और 6.7 की इकॉनमी से गेंदबाजी की, जबकि अनकैप्ड केकेआर के स्पिनर सुयश शर्मा ने नाइट राइडर्स के लिए आईपीएल 2023 में खेले गए 5 मैचों में सात विकेट हासिल किए। सुयश को केकेआर ने उनके बेस प्राइस 20 लाख रुपये में खरीदा।

# लखनऊ ने पंजाब को 258 रनों को दिया लक्ष्य

**एजेंसी। मोहाली**

काइल मेयर्स के तूफानी अर्धशतक के बाद मार्कस स्टोइनिस की पारी के दम पर लखनऊ सुपरजायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। टीम ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 20 ओवर में 5 विकेट पर 257 रन बनाए। यह लीग के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। लीग का सबसे बड़ा स्कोर 263 रन है, जो फ्ळइ ने पुणे वॉरियर्स के खिलाफ बेंगलुरु में 2013 में बनाया था। क्ळछ में दूसरी बार 250+ रन बने हैं। यह मौजूदा सीजन का सबसे बड़ा स्कोर है। मोहाली के ढउअ आईएस बिंद्रा स्टेडियम में पंजाब ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी है। लखनऊ की ओर से मार्कस स्टोइनिस (40 बॉल पर 72 रन) और काइल मेयर्स (24 बॉल पर 54 रन) ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। आयुष बडोनी ने 43 और



निकोलस पूरन ने 19 बॉल पर 45 रन बनाए। कगिसो रबाडा ने दो विकेट लिए। अर्शदीप, सैम करन, लियाम लिविंगस्टोन ने एक-एक विकेट लिए। पहलाः चौथे ओवर की तीसरी बॉल पर रबाडा ने राहुल को शाहरुख खान के हाथों कैच कराया। दूसराः छठे ओवर की पांचवीं बॉल पर कगिसो रबाडा ने काइल मेयर्स को धवन के हाथों कैच कराया। तीसराः 14वें ओवर की तीसरी बॉल पर लिविंगस्टोन ने आयुष बडोनी को चाहर के हाथों जमाया। स्टोइनिस ने जमाया सीजन का दूसरा अर्धशतक स्टोइनिस 31 बॉल में क्ढछ करियर का छठा अर्धशतक पूरा किया। यह स्टोइनिस का इस सीजन का दूसरा अर्धशतक है। पावरप्ले में 2 विकेट गंवाने के बाद लखनऊ की पारी आयुष बडोनी और मार्कस स्टोइनिस ने संभाली। दोनों ने 150 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की और 26 गेंदों में ही फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। दोनों ने 47 बॉल पर 89 रनों की साझेदारी की।

### सेतु एफसी ने चर्चिल ब्रदर्स को 6-0 से करारी शिकस्त दी



**अहमदाबाद।** काजोल डिसूजा के चार गोल की मदद से सेतु एफसी ने इंडियन वूमेंस लीग (आईडब्ल्यूएल) फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले चरण के अंतिम मैच में शुक्रवार को यहां चर्चिल ब्रदर्स को 6-0 से करारी शिकस्त दी। भारत की युवा टीम की सदस्य कोमल ने अपने चारों गोल पहले हाफ में किए। उनके अलावा विजेता टीम की तरफ से सुनीता मुंडा और कीनिया की फॉरवर्ड इवी फेथ एटिनो ने एक एक गोल किया। इस जीत से सेतु एफसी ग्रुप सी में ओडिशा एससी के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहा। ओडिशा ने गुरुवार को सीआरपीएफ की टीम को 6-0 से पराजित किया था।

## महिला पहलवानों के समर्थन में आए नीरज चोपड़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पहलवान का समर्थन किया है और संबंधित अधिकारियों से न्याय सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कार्रवाई करने को कहा है। गौरतलब है कि ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक सहित भारत के कुछ शीर्ष पहलवान एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता विनेश फोगट के साथ नई दिल्ली में जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के लिए डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

नीरज चोपड़ा शुक्रवार को पहलवानों के समर्थन में उतरे। चोपड़ा ने शुक्रवार को एक ट्वीट में कहा, हमारे एथलीटों को न्याय की मांग करते हुए सड़कों पर देखकर दुख होता है। उन्होंने हमारे महान देश का प्रतिनिधित्व करने



और हमें गौरवान्वित करने के लिए कड़ी मेहनत की है। निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद पहलवानों के समर्थन में आने वाले चोपड़ा दूसरे भारतीय ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं। चोपड़ा ने लिखा,एक राष्ट्र के रूप में, हम प्रत्येक व्यक्ति, एथलीटों के सम्मान की रक्षा के लिए जिम्मेदार हैं। चोपड़ा ने कहा, जो हो रहा है वह कभी नहीं होना चाहिए। यह एक संवेदनशील मुद्दा है और इससे निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निपटा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, न्याय सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए।

# हैदराबाद के खिलाफ लगातार दूसरी जीत चाहेगा दिल्ली

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार पांच हार के बाद पिछले दो मैचों में जीत दर्ज करने वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम शनिवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी उम्मीदें बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की होगी। पिछले दोनों मैचों दिल्ली को जीत दिलाने में गेंदबाजों की भूमिका अहम रही। टीम का पिछला मुकाबला भी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ ही थी। हैदराबाद में खेले गये कम स्कोर वाले इस मैच को दिल्ली ने सात रन से जीता था।

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वार्नर ने अपनी पूर्व टीम के खिलाफ गेंदबाजों का शानदार इस्तेमाल किया था। अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की स्पिन गेंदबाजों की जोड़ी ने हैदराबाद के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया और फिर आखिरी ओवर में मुकेश



कुमार ने शानदार तरीके से 12 रन का बचाव किया। इस मुकाबले में इशांत शर्मा और एनरिच नोर्किया ने भी प्रभावित किया। टीम के लिए परेशानी का सबसे उसकी बल्लेबाजी है। पिछले मुकाबले में टीम ने 62 रन पर पांच विकेट गंवा दिया था। मनीष पांडे और अक्षर पटेल की संयमित बल्लेबाजी से दिल्ली ने 20 ओवर में 128 रन बनाये थे। वार्नर ने ज्यादातर मैचों में टीम की बल्लेबाजी का बोझ उठाया है लेकिन दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिलने के कारण वह खुल कर नहीं खेल पा रहे हैं। इस सत्र में पावरप्ले में उन्होंने सबसे ज्यादा डॉट गेंदें खेली हैं। खराब लय में चल रहे पृथ्वी साव की जगह टीम ने पिछले मैच में फिल साल्ट से पारी का आगाज कराया लेकिन वह खाता खोलने में नाकाम रहे। मिशेल मार्श अपनी छोटी पारी के दौरान अच्छे दिखे, लेकिन पांच पारियों में 31 रन उनकी कुछ और कहानी बयां करती हैं। सरफराज खान और अमन हकीम खान ने भी संघर्ष किया है और ज्यादातर मैचों में अगर अक्षर बल्ले से योगदान नहीं देते तो इस आईपीएल में दिल्ली के लिए चीजें शर्मनाक हो सकती थीं।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ पाक ने जीता पहला वन डे

**एजेंसी। रावलपिंडी**

पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फखर जमान के एकदिवसीय क्रिकेट में नौवें शतक की बदौलत मेजबान टीम ने पहले मैच में न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही पाकिस्तान ने एकदिवसीय मैचों में अपनी 500वीं जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बाद ऐसा करने वाला वह तीसरा देश बन गया है।

289 रनों का पीछा करते हुए, जमान और इमाम-उल-हक ने 124 रनों की ठोस साझेदारी की। अपना 15वां वनडे अर्धशतक बनाने के बाद, इमाम को 22वें ओवर में लेग स्पिनर ईश सोढ़ी ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। उन्होंने 65 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 60 रन बनाए। इमाम के जाने के बाद फखर जमान ने कप्तान बाबर आजम के साथ दूसरे विकेट के लिए 90 रन जोड़े और 35वें ओवर में अपना नौवां वनडे शतक भी पूरा किया।

बाबर अपने 25वें एकदिवसीय अर्धशतक से एक रन से चूक गए। 12 ओवर शेष रहते हुए फखर और मोहम्मद



रिजवान ने अगले तीन ओवरों में पांच चौके और एक छक्का लगाकर पाकिस्तान को मैच में बनाए रखा। 43वें ओवर में बाएं हाथ के स्पिनर रचिन रवींद्र की गेंद पर जमान के आउट होने के बाद पाकिस्तानी खेमे में थोड़ी निराशा छा गई। फखर जमान ने 114 गेंदों में 117 रन बनाया। इसके तुरंत बाद सलमान अली आगा भी आउट हो गए।

लेकिन रिजवान बैटिंग करते रहे और 42 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि मोहम्मद नवाज आठ रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान ने नौ गेंद शेष रहते पांच विकेट से मैच जीत लिया और पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली।

### प्रभात जयसूर्या ने तोड़ा 71 साल पुराना रिकॉर्ड, सबसे तेज 50 टेस्ट विकेट लेने वाले स्पिनर बने

**गाले।** श्रीलंका के स्पिनर प्रभात जयसूर्या ने शुक्रवार को गाले में आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के अंतिम दिन 71 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जयसूर्या ने अपने सातवें टेस्ट में 50 विकेट लेकर स्पिनर के रूप में सबसे कम मैचों में 50 विकेट लेने का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उन्होंने आयरलैंड के बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग का विकेट लेकर वेस्टइंडीज के अल्फ वेलेंटाइन को पीछे छोड़ दिया है। 31 वर्षीय जयसूर्या ने टेस्ट प्रारूप



में अपने पदार्पण के बाद से बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने जुलाई 2022 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पदार्पण मैच में 177 रन देकर 12 विकेट लिए। जयसूर्या ने गाले में दूसरे टेस्ट में आयरलैंड की पहली पारी में 174 रन देकर पांच विकेट हासिल किये, ये छठी बार है, जब उन्होंने एक पारी में पांच विकेट लिए हैं। उन्होंने तीसरी बार एक मैच में 10 विकेट दर्ज करने के लिए दूसरी पारी में केवल पांच विकेट लेने की जरूरत है। जयसूर्या से पहले, वेलेंटाइन के नाम यह रिकॉर्ड धारक था। बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिनर ने 1951/52 में ऑस्ट्रेलिया के वेस्टइंडीज दौरे के चौथे टेस्ट में अपना 50वां विकेट लिया।

## आईपीएल 2023 | जमकर भड़के सुनील गावस्कर, बोले

# आप केवल बल्लेबाजी करने नहीं आ सकते

**एजेंसी। जयपुर**

जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में गुरुवार को चेन्नई सुपर किंग्स को राजस्थान रॉयल्स से 32 रन से हार का सामना करना पड़ा। जीत के लिए 203 रनों का पीछा करते हुए चेन्नई को तेज शुरूआत की जरूरत थी, जो रॉयल्स की शानदार गेंदबाजी की वजह से उन्हें नहीं मिली। वहीं इंपैक्ट प्लेयर के रूप में आए अंबाती रायुडू भी 2 गेंदों में बिना खाता खोले पवेलियन चले गए। ऐसे में भारत के पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने रायुडू की क्लास लगाई, बल्कि इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर भी सवाल उठाया।

गावस्कर ने रायडू के आउट होने पर कमेंट्री पर कहा, आप फील्डिंग करने नहीं आए। फिर आप केवल बल्लेबाजी करने नहीं आ सकते और



गेंद को मारना शुरू नहीं कर सकते। आप ऐसा नहीं कर सकते। हमने पृथ्वी शॉ के साथ यह देखा है। वह सफलता के बिना बल्लेबाजी करने के लिए आ रहा है। कोई फील्डिंग नहीं। कोई स्कोरिंग नहीं। रायुडू दूसरी गेंद पर डक के लिए आउट हो गए। इस प्रकार गावस्कर ने इम्पैक्ट प्लेयर के नियम को भी निशाने में लिया है।

203 रनों का पीछा करने उतरी सीएसके की तरफ से नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने आए रायुडू ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के खिलाफ एक बड़ा शॉट खेलने की कोशिश करते हुए आउट हो गए। वह एक बड़े स्लॉग स्वीप के लिए गए, लेकिन मिड विकेट पर कैच आउट हो बैठे। रायडू ने आईपीएल 2023 में आठ मैचों में 16.60 की औसत से 83 रन बनाने में सफल रहे हैं।

### जो चीजें सही चल रही हैं उनसे छेड़छाड़ करना अच्छा नहीं होगा : फ्लेमिंग

**चेन्नई** सुपरकिंग्स की टीम भले ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करने में विफल रही हो लेकिन उसके मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है की बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने की जरूरत नहीं है क्योंकि जो चीजें सही चल रही हैं उनसे छेड़छाड़ करना अच्छा नहीं होगा। चेन्नई की टीम 203 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 6 विकेट पर 170 रन ही बना पाई और उसे 32 रन की हार का सामना करना पड़ा। यह



आईपीएल के वर्तमान सत्र में उसकी आठ मैचों में तीसरी हार है। फ्लेमिंग से पूछा गया कि क्या टीम को कुछ 'बिग हिटर' को ऊपरी क्रम में भेजने की जरूरत है, उन्होंने कहा, निश्चित की गई भूमिका महत्वपूर्ण होती है। अजिंक्य रहाणे हमारे लिए तीसरे नंबर पर बहुत अच्छी भूमिका निभा रहे हैं। हमें उन चीजों में छेड़छाड़ करने की जरूरत नहीं है जो सही चल रही हैं।'' उन्होंने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारा सामना आज एक ऐसी टीम से था जिसने गेंद की गति पर नियंत्रण रखा। हम पहले छह ओवर में आवश्यक लय हासिल नहीं कर पाए। डेवोन कॉनवे शानदार फॉर्म में हैं लेकिन वह लय नहीं पकड़ पाए। हमारी पारी धीमी गति से आगे बढ़ी और जब हमने तेजी से रन बनाने की कोशिश की तो कुछ गलतियां की।''

